




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | www.jagranmorcha.com | जन-जन की आवाज

लखनऊ | वर्ष : 05 अंक : 37 | शुक्रवार 20 मार्च 2026 | चैत्र शुक्ल द्वितीया विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


# ईरान पर बोले ट्रंप, "हम इसे 2 सेकेंड में खत्म कर सकते हैं, मैं कहीं भी सेना नहीं भेज रहा

## जापान NATO के विपरीत अच्छा कर रहा

एजेंसी समाचार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से युद्ध को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हम चाहें तो इसे 2 सेकेंड में खत्म कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि मैं कहीं भी सेना नहीं भेज रहा हूँ। अगर मैं भेज भी रहा होता, तो मैं आपको बिल्कुल नहीं बताता। उन्होंने कहा कि ईरान दुनिया के लिए एक गंभीर खतरा है। इस बात पर हर देश मुझसे सहमत है।

**जापान की भूमिका की तारीफ की**

इस दौरान ट्रंप ने टोकियो की तारीफ की और कहा कि जापान नाटो के विपरीत वास्तव में अपनी भूमिका बढ़ा रहा है। जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने कहा है कि केवल डोनाल्ड ट्रम्प ही विश्व में शांति स्थापित कर सकते हैं। जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची का कहना है कि ईरान की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी झटका लगने वाला है।



**खार्ग द्वीप पर जब चाहें...तब कर सकते हैं कब्जा**

ट्रंप ने कहा-हम जब चाहें, तब इस द्वीप पर कब्जा कर सकते हैं। मैं इसे वहां स्थित छोटा सा द्वीप कहता हूँ। यह पूरी तरह से असुरक्षित है। हमने पाइपों को छोड़कर सब कुछ नष्ट कर दिया है। हमने पाइप इसलिए छोड़ दिए, क्योंकि उन्हें दोबारा बनाने में सालों लग जाते। इस दौरान ट्रंप ने कहा उनकी (ईरान की) नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायु सेना खत्म हो गई है। उनके विमानरोधी उपकरण खत्म हो गए हैं। हम जहां चाहें वहां उड़ सकते हैं। कोई हम पर गोली भी नहीं चला रहा है। हम इसे दो सेकंड में खत्म कर सकते

## कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज की तबीयत बिगड़ी

एजेंसी समाचार

**ऋषिकेश।** मंत्री सतपाल महाराज को अचानक सांस लेने में दिक्कत महसूस हुई, जिसके बाद डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम उनकी लगातार निगरानी कर रही है।

स्वास्थ्य कारणों के चलते कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज को ऋषिकेश एम्स में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार, उन्हें अचानक सांस लेने में दिक्कत महसूस हुई, जिसके बाद उन्हें तुरंत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश में भर्ती कराया गया।

अस्पताल मे डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम उनकी लगातार निगरानी कर रही है और आवश्यक उपचार दिया जा रहा है। फिलहाल उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी एम्स ऋषिकेश पहुंचे। उन्होंने महाराज का हालचाल जाना और डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य को लेकर विस्तृत जानकारी ली।

# राष्ट्रपति ने राम मंदिर में की दिव्य श्रीराम यंत्र की स्थापना

एजेंसी समाचार

**अयोध्या।** अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर में बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण साकार हुआ, जब अभिजीत मुहूर्त की पावन बेला में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंदिर के दूसरे तल पर श्रीराम यंत्र की विधिवत स्थापना की और उसकी प्रथम आरती उतारी। दीप की लौ के साथ जैसे ही आरती आरंभ हुई, पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष, शंखध्वनि और घंटों के नाद से गुंजायमान हो उठा।

इस दिव्य क्षण तक पहुंचने के लिए पिछले कई दिनों से वैदिक अनुष्ठानों की सतत श्रृंखला चल रही थी। राष्ट्रपति सुबह 10:30 बजे महर्षि बाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचीं। यहां से सड़क मार्ग से होते हुए राम मंदिर के गेट नंबर 11 से परिसर में प्रवेश किया। इसके बाद लिफ्ट से राम मंदिर के प्रथम तल पर पहुंचीं। यहां से 40 सीढ़िया चढ़कर मंदिर के दूसरे तल पर गईं। जहां राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि और आचार्य इंद्रदेव मिश्र सहित अन्य आचार्यों ने विधि-विधानपूर्वक श्रीराम यंत्र का पूजन-अर्चन संपन्न



कराया। अभिजीत मुहूर्त में 11:17 बजे राष्ट्रपति ने श्रीराम यंत्र की पहली आरती उतारी।

यहां पूजन के बाद नीचे उतरकर प्रथम तल पर रामपरिवार की आरती उतारी। फिर सिढ़ियों से नीचे आकर भूतल में विराजमान रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान श्रीराम चंद्र कृपालु भज मन हरण...की धुन निरंतर गूंज रही थी। पूजन-अर्चन के बाद उन्होंने परकोटा व मंदिर की दीवारों पर बने म्यूरल्स को भी देखा। वह अपने साथ परिवार के दो बच्चे भी लाई थीं, जो पूजन के दौरान पूरे समय मौजूद रहे। श्रीराम यंत्र स्थापना के समय उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मां अमृतानंदमयी, डॉ. अनिल मिश्र, गोपाल राव भी मौजूद रहे।

श्रीराम मंदिर में बृहस्पतिवार को आयोजित नव संवत्सर व श्रीराम यंत्र स्थापना के अवसर पर भी सांसद अवधेश प्रसाद को निमंत्रण नहीं मिला। इस पर उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया देकर सरकार की छोटी मानसिकता का प्रतीक बताया है। सांसद ने कहा कि आमंत्रण देना राष्ट्रपति का नहीं, सरकार का काम है। इस बार भी उन्हें जिला प्रशासन या राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से नहीं बुलाया गया है। हालांकि, मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की धरती पर देश की राष्ट्रपति का आगमन हो रहा है, उनका अभिनंदन और स्वागत है। देवतुल्य मतदाताओं व प्रभु श्रीराम की जनता-जनार्दन की तरफ से उनका अभिवादन है।

## सीएम योगी बोले

# राम मंदिर को अंधविश्वास बताने वाले सत्ता बचाने के लिए नोएडा नहीं जाते थे, अब हालात बदल गए

एजेंसी समाचार

**लखनऊ/अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना की। इस अवसर पर राष्ट्रपति की उपस्थिति में गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने सबसे पहले प्रदेशवासियों को भारतीय नवसंवत्सर की शुभकामना दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरयू मैया अयोध्या धाम को पवित्र करते हुए अपने निर्मल जल से पूरे क्षेत्र को पवित्र करती हैं। रामराज्य की अनुभूति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में युद्ध चल रहे हैं और हम श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना कार्यक्रम में सहभागी बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वर्तमान पीढ़ी की प्रशंसा की और कहा कि यह पीढ़ी नववर्ष पर ऐसे किसी टूरिस्ट डेस्टिनेशन पर नहीं जाती, जहां सनातन के विरोध में कोई कार्य हो रहा है। वह नए वर्ष पर परिवार के साथ मंदिर जाती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने



कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व-मार्गदर्शन में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन, श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, रामदरबार के पवित्र विग्रह की स्थापना, ध्वजा आरोहण और आज श्रीराम यंत्र की स्थापना का कार्यक्रम हर सनातन धर्मावलंबी व सच्चे भारतीय को आनंद से विभोर कर देता है और यही भारत की आस्था है।

सीएम योगी ने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा, कहा कि आस्था को अंधविश्वास कहकर अपमानित किया गया था। इसे अपमानित करने वाले वही लोग हैं, जो सत्ता बचाने के लिए नोएडा नहीं जाते थे। नोएडा न जाना उनके लिए अंधविश्वास नहीं था, लेकिन राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, कृष्ण-कन्हैया के मथुरा-वृंदावन की बात करना अंधविश्वास का पर्याय था।

लेकिन जो आस्था 500 वर्ष तक निरंतर बनी रही, संघर्षों का मुकाबला करती रही, वह न रुकी, न डिगी और न झुकी।

# नहीं दिखा चांद, 21 को मनाई जाएगी ईद

## टीले वाली मस्जिद के शाही इमाम ने किया एलान

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** राजधानी में चांद नहीं दिखा है, इसलिए अब ईद शनिवार को मनाई जाएगी। टीले वाली मस्जिद के शाही इमाम ने इसका एलान किया है।

राजधानी लखनऊ में टीले वाली मस्जिद से ईद का चांद देखा गया, लेकिन गुरुवार को चांद नहीं दिखा। मस्जिद के शाही इमाम मौलाना कारी सैयद फजलुल मन्नान रहमानी व इम्तियाज दूरबीन से चांद का दीदार कर रहे थे। लेकिन चांद नहीं दिखा। इसलिए अब ईद शनिवार को मनाई जाएगी। इस बात का एलान शाही इमाम ने किया।

बताते चलें कि ईद-उल-फित्र के मद्देनजर मरकजी चांद कमेटी कमेटी ने बताया कि ईदगाह ऐशबाग में चांद देखने का एहतिमाम किया गया था। लोगों से



फरंगी महल की ओर से गुरुवार शाम 5:30 बजे ईद-उल-फित्र का चांद देखने की अपील की गई थी। इसमें शामिल होने की गुजारिश की गई थी। लेकिन, आज चांद नहीं दिखा।

## 'फिल्म बनाना जोखिम भरा कारोबार': सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी,

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म उद्योग से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि फिल्म बनाना एक जोखिम भरा कारोबार है और हर फिल्म के सफल होने की गारंटी नहीं होती।



इसी के साथ कोर्ट ने एक फिल्म निमार्ता के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी के आपराधिक मामले को रद्द कर दिया।

अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी मामले में धोखाधड़ी साबित करने के लिए शुरूआत से ही धोखा देने की नीयत होना जरूरी है। केवल यह कहना कि बाद में पैसा वापस नहीं किया गया, अपने आप में आपराधिक इरादा साबित नहीं करता। कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए यह टिप्पणी की।

**क्या था पूरा मामला?**

मामला फिल्म निमार्ता वी गणेशन से जुड़ा है, जिन्होंने फिल्म बनाने के लिए एक व्यक्ति से पैसे लिए थे। समझौते के अनुसार, निवेशक को मुनाफे में हिस्सा देने की बात कही गई थी। बाद में और पैसा लिया गया और कुल निवेश पर हिस्सेदारी तय की गई।

## ईरान में युद्ध पर सियासत

# भारत के रुख को लेकर आलोचनाओं के बीच बोले थरूर- यह कायरता नहीं जिम्मेदार कूटनीति है

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जंग को लेकर भारत सरकार की चुप्पी पर कांग्रेस के भीतर ही अलग-अलग राय सामने आई है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सरकार के रुख का बचाव करते हुए इसे जिम्मेदार कूटनीति बताया है, जबकि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इसी चुप्पी को जिम्मेदारी से पलायन करार दिया था।

अपने लेख में शशि थरूर ने कहा कि भले ही यह युद्ध अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है और भारत के मूल सिद्धांतों संप्रभुता, अहिंसा और शांतिपूर्ण




समाधान का उल्लंघन करता है, लेकिन विदेश नीति में केवल नैतिकता के आधार पर फैसले नहीं लिए जा सकते। उन्होंने कहा कि भारत को अपने राष्ट्रीय हित, रणनीतिक साझेदारी और क्षेत्रीय स्थिरता को ध्यान में रखते हुए संतुलित रुख अपनाना होता है। थरूर के मुताबिक, सरकार की चुप्पी कायरता नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति है, और कई बार बिना बयान दिए भी कूटनीतिक रास्ते खुले रखे जा सकते हैं।

# पीएम मोदी ने 24 घंटे में पांच देशों से की बात

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार से गुरुवार के बीच दुनिया के पांच राष्ट्राध्यक्षों से बात की। बुधवार को कुवैत के क्राउन प्रिंस से तो गुरुवार को ओमान के सुल्तान, जॉर्डन, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, और मलेशिया के पीएम से पश्चिम एशिया संकट की गंभीर स्थिति पर चर्चा की। पीएम मोदी ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी।



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक कूटनीतिक पहल तेज करदी है। इसके तहत उन्होंने फ्रांस, मलयेशिया और ओमान के शीर्ष नेताओं से बातचीत की। इन चचाओं में क्षेत्रीय संकट, शांति बहाली और संवाद के जरिए तनाव कम करने पर जोर दिया गया।

वहीं, इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दी थी।

# 'हमारे लिए ही नहीं, दुनिया के लिए भी मुश्किल'

## विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान और होर्मुज पर भी जताई चिंता

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने




वैश्विक स्तर पर कूटनीतिक संपर्क तेज कर दिए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह समय सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए परीक्षा का है। उन्होंने बताया कि भारत के नेता विभिन्न देशों के अपने समकक्षों के साथ लगातार संपर्क में हैं। सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है और शांति व स्थिरता के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत के शीर्ष नेता लगातार विभिन्न देशों के नेताओं के संपर्क में हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुवैत के क्राउन प्रिंस के बीच बातचीत हुई, जिसमें क्षेत्रीय हालात पर चिंता जताई गई। भारत ने कूटनीति के जरिए हालात को संभालने और अपने हितों की रक्षा करने की दिशा में काम जारी रखा है।

भारत ने पाकिस्तान और होर्मुज क्षेत्र को लेकर भी गंभीर चिंता जताई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान का परमाणु प्रसार का पुराना गुप्त रिकॉर्ड दुनिया के लिए खतरा है। हाल ही में अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में भी पाकिस्तान को बड़े परमाणु खतरों में शामिल किया गया है। भारत ने कहा कि ऐसे बयान पाकिस्तान की गतिविधियों को लेकर पहले से मौजूद चिंताओं को और मजबूत करते हैं।

# यूएन की रिपोर्ट में भारत की बड़ी उपलब्धि

## बाल मृत्यु दर में भारी गिरावट, प्रधानमंत्री मोदी ने जताई खुशी

एजेंसी समाचार



**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र की तरफ से एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें भारत में बाल मृत्यु दर में भारी गिरावट देखने को मिली। संयुक्त राष्ट्र ने बाल मृत्यु दर में गिरावट को लेकर भारत की जमकर सराहना की। वहीं, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। पीएम मोदी ने लिखा कि यूएन की रिपोर्ट में बच्चों की मौत में तेज गिरावट के लिए भारत की तारीफ की गई। संयुक्त राष्ट्र बाल मृत्युदर अनुमान अंतर-एजेंसी समूह (यूएनआईजीएमई) की हालिया रिपोर्ट 2025 के मुताबिक, बच्चों की मौत की दर को कम करने में दुनियाभर में हुई तरक्की में भारत एक अहम योगदान देने वाला देश बनकर उभरा है। रिपोर्ट में बच्चों के बचने के नतीजों को बेहतर बनाने के लिए, खासकर नवजात और पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौत के मामले में देश की लगातार और बड़े पैमाने पर की गई कोशिशों पर जोर दिया गया है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा

# भविष्य के युद्धों में ड्रोन अहम, भारत को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना होगा

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में आयोजित 'राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन' में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने 'डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज' (जीआईएससी) के 14वें संस्करण की शुरूआत की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ' आज 100 से अधिक चुनौतियों के साथ 'डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज' (डीआईएससी) का 14वां संस्करण भी शुरू किया गया है। डीआईएससी की अब तक की सफलता को देखते हुए, हमारे रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा पहली बार 100 से अधिक चुनौतियां प्रस्तुत की जा रही हैं। मैं डीआईएससी के नए संस्करण के



लिए सभी नवप्रवर्तकों को शुभकामनाएं देता हूं।'

मंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य छोटे उद्योगों को रक्षा निर्माण की सप्लाई चेन से जोड़ना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब छोटे उद्योग बड़े रक्षा कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे, तभी देश में नई खोज और तकनीक की रफ्तार तेज होगी। किसी भी देश के रक्षा तंत्र को मजबूत बनाने में बड़े उद्योगों के साथ-साथ टरटए२, स्टार्टअप और इनोवेटर्स की भूमिका बहुत अहम होती है। इसमें सरकार की स्पष्ट नीतियां भी बड़ा योगदान देती हैं।

उन्होंने कहा दुनिया के मौजूदा हालातों पर बात करते हुए राजनाथ सिंह ने रूस-यूक्रेन और ईरान-इस्त्राइल के बीच चल रहे युद्ध का उदाहरण दिया।


CMYK

# 25 साल बाद बना संयोग, रमज़ान में पांच जुमे, दो बार अदा होगी अलविदा की नमाज़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** दरगाह आला हज़रत पर गुरुवार को ईद का चांद देखने का एहतिमाम किया गया, लेकिन आसमान साफ रहने के बावजूद चांद नजर नहीं आया। इसके साथ ही तस्वीर साफ हो गई कि इस बार रमज़ान 30 रोजों का होगा और अब ईद-उल-फितर 21 मार्च, शनिवार को मनाई जाएगी। चांद न दिखने के बाद शहर भर में लोगों ने अगले दिन जुमा-तुल-विदा की तैयारियां तेज कर दी हैं।

दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि करीब 25 साल बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बना है जब रमज़ान के महीने में पांच जुमे पड़े हैं। इससे पहले 1999-2000 के आसपास ऐसा मौका आया था। यही वजह है कि इस बार जुमा-तुल-विदा को लेकर खास धार्मिक माहौल और उत्साह देखने को मिल रहा है। मुस्लिम समाज में इसे बेहद अहम और बरकत वाला दिन माना जाता है। सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां ने ऐलान किया कि 20 मार्च, शुक्रवार को रमज़ान का आखिरी जुमा यानी जुमा-तुल-विदा अदा किया जाएगा। इस दिन शहर की मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाज़ी जुटेंगे और खास इबादत की जाएगी। इसे लेकर प्रशासन और कमेटियां भी सतर्क हो गई हैं। जुमा-तुल-विदा की मुख्य नमाज़ किला स्थित जामा मस्जिद में दोपहर करीब 1:30 बजे अदा की जाएगी। वहीं, शहर की सबसे आखिरी नमाज़ दरगाह आला हज़रत पर शाम करीब 3:30 बजे अदा होगी। इसके अलावा शहर की अन्य मस्जिदों में भी अलग-अलग समय पर नमाज़ का सिलसिला चलेगा।

दरगाह परिसर में टीटीएस की बैठक आयोजित कर ईद और जुमा-तुल-विदा को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला प्रशासन से मांग की गई कि ईदगाह समेत सभी प्रमुख मस्जिदों, दरगाहों और खानकाहों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए, बेहतर प्रकाश व्यवस्था की जाए और सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद रखा जाए, ताकि नमाज़ियों को किसी तरह की परेशानी न हो। बैठक में औरंगज़ेब नूरी, अजमल नूरी, हाजी जावेद खान, ताहिर अल्वी, परवेज़ नूरी, मंजूर रज़ा, मुजाहिद बेग, नाजिम रज़ा, सुहैल रज़ा और शाद रज़ा समेत कई जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

# स्पेशल ट्रेन को नया ठहराव, कई ट्रेनों के रूट बदले

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ और संचालन को सुचारु बनाए रखने के लिए रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। कई ट्रेनों में ठहराव बढ़ाया गया है, कुछ का रूट बदला गया है, वहीं प्रमुख ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने की घोषणा की गई है। साथ ही नवरात्रि मेले को देखते हुए भी विशेष व्यवस्था लागू की गई है।

रेलवे ने 05741/05742 किशनगंज-लालकुआं-किशनगंज स्पेशल ट्रेन का ठहराव जनकपुर रोड स्टेशन पर देने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन निर्धारित तिथियों तक साप्ताहिक आधार पर संचालित हो रही है और सीतापुर, लखीमपुर, पीलीभीत, भोजीपुरा, बहेड़ी समेत कई स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

### कानपुर ब्लॉक से ट्रेन संचालन प्रभावित

कानपुर में पुल पर इंजीनियरिंग कार्य के चलते ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा, जिससे इज्जतनगर मंडल की ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। कासगंज-लखनऊ पैसेंजर अब लखनऊ की जगह कानपुर अनवरगंज तक ही संचालित होगी। इसके अलावा कुछ लंबी दूरी की ट्रेनों का रूट बदला गया है, जिससे कई प्रमुख स्टेशनों पर उनका ठहराव अस्थायी रूप से नहीं रहेगा। वहीं यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने 10 प्रमुख ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। पदमावत एक्सप्रेस, अयोध्या-दिल्ली, आनंद विहार-गाजीपुर और वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों में स्लीपर कोच जोड़े जाएंगे, जिससे यात्रियों को सीट मिलने में राहत मिलेगी।

### नवरात्रि मेले के लिए विशेष ठहराव


नवरात्रि मेला को देखते हुए मैहर स्टेशन पर कई एक्सप्रेस ट्रेनों को पांच मिनट का ठहराव दिया गया है। लोकमान्य तिलक टर्मिनस, छपरा, रक्सौल, मुजफ्फरपुर, बनारस और सूरत से चलने वाली कई ट्रेनें अलग-अलग तिथियों में यहां रुकेंगी, जिससे श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिलेगी। रेलवे के इन फैसलों से साफ है कि संचालन को बेहतर बनाने और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने पर फोकस किया गया है। नए ठहराव, बदले रूट और अतिरिक्त कोच से आने वाले दिनों में यात्रियों को सफर में राहत मिलने की उम्मीद है।

# दुकान में फंदे पर लटका मिला व्यापारी का शव, नवाबगंज में तनाव

जागरण मोर्चा कार्यालय



मौके पर मौजूद पुलिस और गांव के लोग।



मृतक बुद्धसेन गंगवार।

**बरेली।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। रुपये के मामूली लेनदेन के विवाद ने ऐसा भयावह मोड़ लिया कि एक 50 वर्षीय हार्डवेयर व्यापारी ने अपनी ही दुकान में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की धमकी, गाली-गलौज और मानसिक दबाव से आहत होकर व्यापारी ने यह कदम उठाया। घटना के बाद गंगवार कॉलोनी में जबरदस्त तनाव फैल गया है और परिवार आरोपी पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग पर अड़ा हुआ है।

मृतक बुद्धसेन गंगवार कॉलोनी के रहने वाले थे और हार्डवेयर का कारोबार करते थे। उनके बेटे दिनेश का आरोप है कि पड़ोसी गांव सूडयावा निवासी मुकेश ने 70 हजार रुपये के बकाया की शिकायत पुलिस में की थी, जबकि वास्तविक विवाद केवल 10 हजार रुपये का था। परिवार का कहना है कि पुलिस ने बिना जांच किए ही मामले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया और सीधे दबाव बनाना शुरू कर दिया।

परिजनों के मुताबिक, बुधवार शाम करीब 4:30 बजे हल्का इंचार्ज सुनील अपनी टीम के साथ घर पहुंचे और छोटे बेटे अखिलेश गंगवार को जबरन उठाकर थाने ले गए। आरोप है कि थाने में उसके साथ बदसलूकी की गई और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिससे पूरे परिवार पर दबाव बढ़ गया।

परिवार का सबसे गंभीर आरोप यह है कि पुलिसकर्मियों ने अखिलेश के मोबाइल से ही बुद्धसेन को फोन कराया। इस दौरान उन्हें कथित तौर पर गालियां दी गईं और धमकी दी गई कि यदि तुरंत पैसे लेकर चौकी नहीं पहुंचे तो बेटे को जेल भेज दिया जाएगा। इस धमकी ने व्यापारी को पूरी तरह तोड़ दिया। परिजनों का कहना है कि इस मानसिक दबाव के चलते शाम करीब साढ़े 5 बजे बुद्धसेन ने अपनी दुकान के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना के बाद हालात बिगड़ते देख पुलिस ने गंगवार कॉलोनी और पोस्टमार्टम हाउस पर भारी फोर्स तैनात कर दी।

जब शव घर पहुंचा तो परिजनों ने अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। उनका साफ कहना है कि जब तक आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होगी, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। मौके पर सीओ, एसडीएम और थाना प्रभारी पहुंचकर परिजनों को समझाने में जुटे हैं, लेकिन परिवार अपने रुख पर अड़ा हुआ है।

### इंस्पेक्टर का बयान

नवाबगंज इंस्पेक्टर अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि ये व्यापारी लोगों को अवैध लोन दिलान का काम करता था, इसी सिलसिले में पुलिस ने उसके बेटे के जरिए थाने बुलवाया था, लेकिन उसने आत्महत्या कर ली।

# कमिश्नर ने लिया कलेक्ट्रेट जायजा आवास और फाइलों का रिकॉर्ड खंगाला

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट में उस वक्त माहौल बदल गया, जब कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी अचानक निरीक्षण पर पहुंच गए। स्वागत के बाद उन्होंने सीधे कामकाज की नब्ज टटोलनी शुरू कर दी। एक-एक विभाग में जाकर फाइलें देखीं और अफसरों से जवाब तलब किए। पूरे परिसर में हलचल और सतर्कता साफ नजर आई।

कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी ने डीएम कोर्ट, नजारत, शस्त्र अनुभाग, अभिलेखागार समेत कई अहम पटलों पर जाकर कामकाज देखा। कहीं फाइलों के रखरखाव पर सवाल उठे तो कहीं साफ-सफाई और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। हर टेबल पर पहुंचकर उन्होंने जिम्मेदारों से सीधा संवाद किया। निरीक्षण के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा सरकारी आवासों को लेकर रही। कमिश्नर ने साफ कहा कौन अधिकारी कब तक आवास में रहा, किसने खाली किया और कौन अभी भी कब्जा जमाए बैठा है, इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार हो। बकाया और गड़बड़ी पर भी नजर रखने को कहा गया।

नए वाहनों की जानकारी लेते हुए कमिश्नर ने पुराने वाहनों की नीलामी प्रक्रिया भी खंगाली। पूछा कि क्या सब कुछ नियमों के मुताबिक हुआ, जवाब मिलने के बाद भी पारदर्शिता बनाए रखने और रिकॉर्ड दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के भुगतान और सेवा पुस्तिकाओं की स्थिति पर भी सवाल उठे। अधिकारियों ने बताया कि कोई भुगतान लंबित नहीं है। इसके बावजूद मण्डलायुक्त ने रिकॉर्ड अपडेट रखने और किसी भी तरह की ढिलाई न बरतने को कहा।

### डाक और शस्त्र लाइसेंस पर सख्ती

डाक पटल पर रोज आने वाली चिट्ठियों के निस्तारण की जानकारी ली गई। साथ ही शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण को लेकर भी निर्देश दिए गए कि समय-समय पर जांच होती रहे, ताकि नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई हो सके। निरीक्षण के बाद कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी ने अधिकारियों को दो टूक कहा कि जनता की शिकायतें लटकनी नहीं चाहिए। हर मामला समय से निपटे, यही प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अविनाश सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# ईद से पहले तैयारियां पूरी बरेली में नमाज के समय जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** ईद-उल-फितर को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। चांद के दीदार के साथ ही ईद का त्योहार मनाया जाएगा, लेकिन उससे पहले शहरभर की मस्जिदों में नमाज के समय तय कर दिए गए हैं। इंतेजामियां कमेटियों ने अलग-अलग इलाकों के हिसाब से नमाज के वक्त का एलान कर दिया है, ताकि नमाजियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

शहर में सबसे पहली ईद की नमाज सुबह 6:40 बजे बाजार संदल खान स्थित दरगाह वली मियां की चांद मस्जिद और साहूकारा की मदीना मस्जिद में अदा की जाएगी। वहीं मुख्य नमाज बाकरगंज स्थित ईदगाह में सुबह 10:30 बजे अदा होगी, जहां हजारों नमाजी एक साथ जुटेंगे। सबसे आखिरी नमाज दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में सुबह 11 बजे होगी। सुबह 7 बजे दरगाह शाह शराफत मियां, चौकी चौराहा और श्यामतगंज की मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। 7:30 बजे कांकर टोला की छह मीनार मस्जिद, अबू बक्र मस्जिद और यतीमखाना मस्जिद में नमाज होगी। सुबह 8 बजे से सुभाष नगर, सूफी टोला, छीपी टोला, कटकुइयां और बांसमंडी की कई मस्जिदों में नमाज का सिलसिला शुरू होगा। 8:15 बजे शाहमतगंज स्थित खानकाह वामिकिया और 8:30 बजे दरगाह बशीर मियां, गार्डन सिटी, गरीब नवाज मस्जिद समेत कई स्थानों पर नमाज अदा की जाएगी। 8:45 बजे कुतुबखाना, जखीरा और इज्जतनगर क्षेत्र की मस्जिदों में नमाज होगी। सुबह 9 बजे सैलानी, रेलवे जंक्शन, मलूकपुर, कोहाड़ापीर और नगर निगम क्षेत्र की कई बड़ी मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। 9:30 बजे किला की जामा मस्जिद, शिया जामा मस्जिद, खानकाह नियाजिया और सिविल लाइंस की मस्जिदों में नमाज का आयोजन होगा। सुबह 10 बजे बिहारीपुर और कुतुबखाना क्षेत्र की मस्जिदों में नमाज होगी। इसके बाद 10:30 बजे गुलाब नगर की घोसियान मस्जिद और इसी समय शहर की सबसे बड़ी जमात ईदगाह में अदा की जाएगी। अंत में 11 बजे रजा मस्जिद में नमाज के साथ सिलसिला पूरा होगा।

### कुओं-तालाबों पर कब्जे से भड़के किसान

**बरेली।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

किसानों का आरोप है कि तहसील बहेड़ी के शरीफनगर गांव में 500 साल पुराने कुओं और तालाबों पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है, जिससे जल व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं मीरगंज के हौसपुर गांव के किसानों ने धारा 122-बी की कार्रवाई को गलत बताते हुए अमीन पर उत्पीड़न के आरोप लगाए। प्रदर्शन में फसलों का उचित मूल्य, आवारा पशुओं से नुकसान, गौशालाओं में चारे की कमी, खराब हैंडपंप और राशन वितरण की अनियमितता जैसे मुद्दे भी उठाए गए। इस दौरान सईद कुरैशी, हरपाल सिंह यादव समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# अस्पताल से 'गायब' हुई बच्ची

- मां को दे दी मौत की खबर, डीएम तक पहुंचा मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** आंवला क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बल्लिया से नवजात बच्ची के रहस्यमय तरीके से लापता होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। भमोरा थाना क्षेत्र के गांव झिंदरी की रहने वाली महिला ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में जन्मी उसकी बच्ची को मृत बताकर गायब कर दिया गया, जबकि शव तक नहीं सौंपा गया। अब परिजनों ने बच्ची को बेच दिए जाने की आशंका जताई है। मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की गई है, जिसके बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

पीड़िता कमलेश के अनुसार चार महीने पहले उनका सामान्य प्रसव सीएचसी बल्लिया में हुआ था। प्रसव के दौरान अधिक रक्तस्राव के कारण वह बेहोश हो गई थीं। जब उन्हें होश आया तो अस्पताल कर्मियों ने बताया कि बेटी हुई थी, लेकिन उसकी मृत्यु हो गई। कमलेश का आरोप है कि जब उन्होंने बच्ची का शव मांगा तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया और शव भी नहीं सौंपा गया।

कमलेश ने बताया कि उन्होंने बच्ची के बारे में अस्पताल स्टाफ, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं से जानकारी मांगी, लेकिन सभी ने अनभिज्ञता जाहिर कर दी। प्रसव के दो दिन बाद ही उन्हें घर भेज दिया गया। उस समय उनके पति रमेश राजस्थान में मजदूरी कर रहे थे और उनके साथ गांव की कुछ महिलाएं ही थीं, जो बाद में लौट गईं। करीब तीन महीने बाद जब पति रमेश घर लौटे, तब पूरे मामले की जानकारी सामने आई। इसके बाद परिजनों ने आंवला तहसील और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार बुधवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह से शिकायत की गई, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया।

जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को तलब किया और एसडीएम आंवला विदुषी सिंह की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी। टीम में इंस्पेक्टर आंवला कुंवर बहादुर सिंह, एडिशनल सीएमओ डॉ. राकेश और प्रभारी चिकित्साधिकारी आलमपुर जाफराबाद डॉ. विवेक को शामिल किया गया है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसडीएम विदुषी सिंह ने कहा कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### प्रशासन का सख्त रुख, पर उठे बड़े सवाल

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने साफ कहा कि मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं आखिर नवजात का शव कहां गया, क्या वाकई बच्ची की मौत हुई थी या कुछ और सच्चाई छिपाई जा रही है। अब पूरे मामले की सच्चाई जांच रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगी, लेकिन फिलहाल यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# नवरात्र शुरू, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- मंदिरों में हर ओर जयकारे, पुलिस भी अलर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बरेली।** चैत्र नवरात्र के शुभारंभ के साथ ही पूरे बरेली मंडल में भक्ति का माहौल चरम पर पहुंच गया। गुरुवार सुबह से ही शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। साहूकारा स्थित नवदुर्गा मंदिर और चौरासी घंटा मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने धैर्य के साथ अपनी बारी का इंतजार किया और मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसरों में सुबह से ही घंटा-घड़ियाल और जयकारों की गूंज सुनाई देती रही।

नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने अपने घरों में विधि-विधान से घट स्थापना कर मां शैलपुत्री की पूजा की। पंडित डॉ. सौरभ शंखधार ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर का पहला दिन होता है, जिससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इन नौ दिनों में भक्त मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना करते हैं। दुर्गा सप्तशती पाठ, उपवास, मंत्र जाप, ब्रह्मचर्य और ध्यान साधना का विशेष महत्व बताया गया है। कई साधक इस दौरान गायत्री मंत्र के विशेष जप भी करते हैं।

पीलीभीत जिले में भी नवरात्र का उल्लास साफ नजर आया। शहर के प्राचीन यशवंतरी देवी मंदिर में सुबह छह बजे से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। भक्तों ने माता को फल, फूल और चुनरी चढ़ाकर विधि-विधान से पूजा की। इसके अलावा निरंजन कुंज कॉलोनी, टनकपुर हाईवे स्थित संतोषी माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी भारी भीड़ देखने को मिली। पूरे दिन मंदिरों में 'जय माता दी' के जयकारे गूंजते रहे।

शाहजहांपुर में भी नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने सुबह शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना कर मां शक्ति की आराधना की। बाबा विश्वनाथ मंदिर, फूलमती मंदिर, काली माता मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों में सुबह पांच बजे से ही दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने नारियल, मिठाई और चुनरी चढ़ाकर माता का आशीर्वाद लिया। मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन भी दिनभर चलता रहा।

बदायूं जिले में भी नवरात्र का उत्साह देखते ही बना। सुबह होते ही मंदिरों में घंटों की आवाज और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। प्रशासन और मंदिर समितियों ने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए।

भीड़ को देखते हुए सभी प्रमुख मंदिरों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन की ओर से व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से दर्शन कर सकें। पूरे मंडल में नवरात्र की पहली सुबह आस्था, श्रद्धा और भक्ति के रंग में डूबी नजर आई।

# 30 मार्च से शुरू होंगी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परीक्षाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने वर्ष 2026 की बीएससी नर्सिंग, बीपीटी और बीएससी एमएलटी की मुख्य व पूरक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार परीक्षाएं 30 मार्च से शुरू होकर अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक चलेंगी। सभी प्रश्नपत्र सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

बीएससी नर्सिंग की परीक्षाएं 30 मार्च से शुरू होंगी। पहले दिन प्रथम वर्ष के एनाटॉमी एवं फिजियोलॉजी, तृतीय वर्ष के मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग-2 और चतुर्थ वर्ष के मिडवाइफरी एवं ऑब्सटेट्रिकल नर्सिंग विषय की परीक्षा होगी। इसके बाद एक, दो, चार और छह अप्रैल को माइक्रोबायोलॉजी, समाजशास्त्र, चाइल्ड हेल्थ नर्सिंग और नर्सिंग रिसर्च सहित अन्य विषयों के पेपर आयोजित किए जाएंगे।

वहीं, बीपीटी (बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी) चतुर्थ वर्ष की परीक्षाएं भी 30 मार्च से शुरू होंगी। पहले दिन फिजियोथेरेपी इन ऑर्थोपेडिक्स का पेपर होगा। इसके बाद एक अप्रैल को न्यूरोलॉजी, दो अप्रैल को कार्डियोपल्मोनरी, चार अप्रैल को कम्युनिटी बेस्ड रिहैबिलिटेशन, छह अप्रैल को जनरल मेडिकल एवं सर्जिकल कंडीशंस और सात अप्रैल को रिसर्च मेथोडोलॉजी एवं बायोस्टेटिस्टिक्स की परीक्षा होगी।

इसके अलावा बीएससी एमएलटी तृतीय वर्ष (बैच 2019 और 2020) के छात्रों के लिए भी परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। 30 मार्च को क्लीनिकल बायोकेमिस्ट्री और एक अप्रैल को पैथोलॉजी एवं संबंधित विषयों की परीक्षाएं कराई जाएंगी।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• MSME ₹ 499 • NGO Registration ₹12999
• 12 A ₹4999 • Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
• 80G ₹4999 • E- Anudan ₹999
• Trade Mark ₹7999 • Private Company Registration ₹11999
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
ISO Registration ₹4999
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आवश्यकता**

उत्तर प्रदेश का तेजी से बढ़ता अखबार जागरण मोर्चा 9 मार्च से आपके के बीच आ रहा है। जिसमें जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**मोबाइल नंबर**
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### ईद की नमाज ईदगाह में 7:30 बजे

**रामपुर।** इमाम जामा मस्जिद व नायब इमाम ए शहर मौलाना अब्दुल वहाब उर्फ फैजान खां ने बताया कि ईद की नमाज ईदगाह सुबह 7 :30 बजे जामा मस्जिद में 8 बजे होगी। इसलिए सभी लोगों से अपील है कि शनिवार को समय से पहुंचकर नमाज अदा करें।

### बैठक में नए संयोजन मीटरिंग, वोल्टेज का उठाया मुद्दा

**रामपुर।** संत शिरोमणि सर्किट हाउस में गुरुवार को पूर्वान्ह 3 से 5 बजे तक समन्वय बैठक हुई। बैठक में अधीक्षण अभियंता ने शहर में हुई वर्टिकल व्यवस्था के बारे में उपभोक्ताओं को बताया। वहीं दूसरी ओर जनप्रतिनिधियों ने सभी उपभोक्ताओं को गर्मियों में बिजली सुदृढ कराए जाने की भी स्थिति को रखा।

# आईएफटीएम यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर और उनकी पत्नी की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

## शाहबाद- बिलारी स्टेट हाइवे स्थित राणा शुगर मिल के पास कार ने मारी बाइक को टक्कर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद :** बिलारी- शाहबाद स्टेट हाइवे स्थित राणा शुगर मिल के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पति पत्नी के शवों को शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के भीतरगांव निवासी लक्ष्मी प्रसाद(40) पुत्र रामप्रसाद अपनी पत्नी पुष्पा रानी (38) के साथ बाइक पर सवार होकर भीतरगांव से मुरादाबाद जा रहे थे, रास्ते में राणा शुगर मिल के पास तेज़ रफ्तार अर्टिगा कार ने बाइक सवार दंपति को



शाहबाद में अर्टिगा कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपति की मौत पर रोते बिलखते परिजन। -जागरण मोर्चा

सामने से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार लक्ष्मी प्रसाद और उनकी पत्नी पुष्पा रानी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाल प्रदीप कुमार, एसआई अतिशय जैन और एसआई रमेश चंद्र मौके पर पहुंचे। दंपति की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

**टक्कर लगते ही बिखर गया सिलेंडर और घर का जरूरी सामान :** लक्ष्मी प्रसाद के साथ



मृतक लक्ष्मी प्रसाद। -जागरण मोर्चा



मृतक पुष्पा रानी। -जागरण मोर्चा

बाइक पर उनकी पत्नी पुष्पा रानी के साथ सिलेंडर और थैले में कपड़ों के साथ साथ ज़रूरी सामान था, जो अर्टिगा कार की टक्कर लगते ही सड़क पर बिखर गया। सिलेंडर सड़क से दूर खंदी में जाकर गिरा। दोनों के शव जैसे ही सीएचसी पहुंचे, परिजनों में कोहराम मच गया।

### आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर तैनात थे लक्ष्मी प्रसाद

नगर के मोहल्ला भीतरगांव निवासी लक्ष्मी प्रसाद मुरादाबाद की आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर तैनात थे। उन्होंने अप्रैल 2021 में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में ज्वाइन किया था। लक्ष्मी प्रसाद राजनीतिक शास्त्र और शिक्षा विभाग में तैनात थे। सड़क हादसे में हुई लक्ष्मी प्रसाद की मौत की सूचना जैसे ही यूनिवर्सिटी पहुंची, कैंपस के अंदर मौन सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद सभी कार्य स्थगित करते हुए एक दिन के लिए यूनिवर्सिटी को बंद कर दिया गया। दोपहर बाद एजुकेशन विभाग के डायरेक्टर समेत कोई प्रोफेसरों ने भीतरगांव पहुंचकर लक्ष्मी प्रसाद के परिजनों को ढांढस बंधाया।

# महिला व उसके भाई के साथ ससुराल वालों ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहरिया लक्खा में एक नवविवाहिता और उसके भाई पर पति सहित ससुराल पक्ष द्वारा धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता महरोज ने बताया कि उसकी शादी लगभग 8 महीने पहले फुरकान पुत्र कलवा से हुई थी। 17 मार्च को पति और ससुराल वालों ने मारपीट की। जिसकी सूचना भाई फिरोज को देने पर वह उसे मायके ले जाने आया। तभी आरोपी कलवा, कलवा पुत्र अनवर, आरिस पुत्र आरिफ, फईम पुत्र इरशाद अली, कासिम पुत्र कलवा, मुस्तफा पुत्र भूरा, भूरा पुत्र अनवर, अंजुम पत्नी आरिफ, खैरुल पत्नी भूरा, रूबिना पुत्री कलवा, अरमान पुत्री कलवा सहित चार-पांच अज्ञात व्यक्ति धारदार हथियार और लोहे की रॉड लेकर पहुंचे। इन लोगों ने एक राय होकर गाली-गलौज के साथ मारपीट शुरू की। कलवा ने जान से मारने की नियत से पाटल से



गर्दन पर वार किया, जिसे महिला ने हाथ से रोका तो हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। खून बहने लगा।

भाई फिरोज को भी गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर लोग एकत्रित हो गए।112 पर कॉल करने पर पुलिस पहुंची। आरोप है कि ससुर ने स्वयं सिर पर ईंट मारकर खुद को घायल दिखाया और फंसाने की कोशिश की, फिर सभी आरोपी धमकियां देकर फरार हो गए। पीड़िता गंभीर हालत में भाई के साथ थाने पहुंची। प्रभारी निरीक्षक को दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ससुराल आए दामाद की सड़क दुर्घटना में मौत, परिवार में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीम थाना क्षेत्र में ससुराल आए दामाद की सड़क दुर्घटना में मौत होगई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया दिया।युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

हादसा गुरुवार सुबह करीब 10 जिठनिया से रजानगर जाने वाले रोड पर पेंदा नगर मोड़ पर हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटवाई थाना क्षेत्र के दीपपुर गांव निवासी अमर पाल पुत्र कृष्णपाल की अजीमनगर थाना क्षेत्र के मझरा बगड़खा गांव की ससुराल है। बुधवार शाम वह अपनी पत्नी



मृतक अमरपाल। -जागरण मोर्चा

को लेकर ससुराल आया था। बताया जा रहा है कि देर शाम वह ससुरालियों से गुटखा मसाला लेने की बात कहकर बाइक से मार्किट के लिए निकला था। इसके बाद वह ससुराल वापस नहीं पहुंचा। ससुराल वालों आसपास काफी तलाश किया,लेकिन कहीं सुराग नही मिला। गुरुवार सुबह पैंदा नगर मोड़ पर खेतों में काम करने जा रहे लोगों ने रोड से 20 फीट नीचे खंती में बाइक सहित युवक का शव पड़ा देखा तो इलाके में हड़कंप मच गया।

सूचना पर अजीम नगर थाना प्रभारी कर्म सिंह भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पहुंच गए।हादसे की सूचना पर ससुराल वाले भी पहुंच गए। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है। हादसे के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। मृतक ने अपने पीछे दो वर्ष का बेटा वएक माह की बेटी को छोड़ा है।

# पहिया निकलने से ई-रिक्शा पलटी, सवारियां जख्मी



शाहबाद आंवला रोड पर पलटी ई रिक्शा को सीधा कराते राहगीर। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** जनपद बरेली के सिरौली से सवारियां भरकर शाहबाद आ रही ई रिक्शा का पहिया निकलने से ई रिक्शा पलट गई। ई रिक्शा पलटने से रिक्शे में बैठी महिला सवारियों के मामूली चोटें आईं। जिनको नजदीक के ही निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह एक ई रिक्शा सवारियां भरकर शाहबाद आ रही थी, शाहबाद पहुंचने से पहले शाहबाद आंवला रोड स्थित मजार के पास ई रिक्शा का पहिया निकल गया और ई रिक्शा पलट गई। जिसके चलते ई रिक्शा में बैठी सवारियां घायल हो गई। आसपास के लोगों और राहगीरों के द्वारा ई रिक्शा को सीधा कराया गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

# सोते समय जहरीले कीड़े के काटने से 10वीं के छात्र की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव में हाईस्कूल के छात्र को सोते समय जहरीले कीड़े ने काट लिया। किशोर देर सुबह तक नींद से नहीं जागा तो किशोर की मां उनको उठाने पहुंची तो बेटे को बेसुध पड़ा देख मां के होश उड़ गए। परिजन आनन-फानन में उसे लेकर शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लेकिन परिजन छात्र को जिन्दा बताते हुए कई अस्पतालों की दौड़ लगाते रहे।

शाहबाद के मीरापुर गांव निवासी 17 वर्षीय अवधेश कक्षा दसवीं का छात्र है। अवधेश



मृतक अवधेश। -जागरण मोर्चा

बुधवार रात को अपने घर में सोने चला गया,लेकिन अवधेश गुरुवार देर सुबह तक नींद से नहीं जागा तो अवधेश की मां उसको उठाने पहुंची। बेटे को बेसुध पड़ा देखकर मां के होश उड़ गए। परिजन आनन-फानन में उसको लेकर सीएचसी पहुंचे।डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। हालांकि परिजन उसको मृत मानने को तैयार नहीं थे। उसको उपचार के लिए एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल लेकर दौड़ रहे थे।

खबर लिखे जाने तक परिजन किशोर को बरेली के निजी अस्पताल ले गए थे। अवधेश तीन बहनों का इकलौता भाई है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मोहित रस्तोगी ने बताया कि किशोर सीएचसी पर मृत अवस्था में आया था। उधर परिजनों से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

## युवक पर धारदार हथियार से हमला, तीन पर केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के चकरपुर कदीम गांव में युवक पर धारदार हथियार से हमला करने वाले तीन लोग फंस गए है। पुलिस ने पीड़ित के भाई की तहरीर पर तीन लोगों पर केस दर्ज किया है।

शाहबाद के चकरपुर कदीम गांव निवासी रंजीत की तहरीर के अनुसार बुधवार को वह राजवीर, कमल और संजीव के साथ तारीख करके रामपुर से अपने घर आ रहे थे। आरोप है कि जैसे ही वह चकरपुर कदीम गांव में शिव मंदिर के पास पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद बलवीर पुत्र चंद्रपाल, जयवीर पुत्र चंद्रपाल और चंद्रपाल पुत्र बादुराम निवासी चकरपुर कदीम ने कार रोककर गंदी गंदी गालियां दी और भाई संजीव पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोप है कि जिसमें उनकी ऑल्टो कार भी क्षतिग्रस्त हो गईं और भाई संजीव को मरा हुआ समझकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए घायल को मेडिकल के लिए भेज दिया।

## प्रथम व्रत के साथ चैत्र नवरात्र शुरू

**जागरण मोर्चा कार्यालय, शाहबाद।** शैलपुत्री के प्रथम व्रत के साथ ही नवरात्रि प्रारंभ हो गए आपको बता दें कि मां शैलपुत्री नवरात्रि के पहले दिन पूजी जाने वाली देवी दुर्गा का प्रथम स्वरूप हैं। वे पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती हैं, जो वृषभ (बैल) पर सवार होकर दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल धारण करती हैं। ये स्थिरता, शक्ति और तपस्या का प्रतीक हैं और जीवन में शांति व सौभाग्य के लिए पूजी जाती हैं। लोगों ने घर के मंदिरों की साफ सफाई की, मां को नई चुनरी ओढ़ाकर उन्हें श्रृंगार किया, फल और फूल अर्पित किए और हवन पूजन के साथ व्रत रखा। शाम को आरती करने के पश्चात व्रत को खोला। चैत्र नवरात्र के आज दूसरे दिन तप, संयम और अटूट भक्ति की प्रतीक मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाएगी।

## धार्मिक स्थल के बाहर मांस के अवशेष मिलने पर ग्रामीणों का हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर:** खजुरिया थाना क्षेत्र एक गांव में उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई। जब एक धार्मिक स्थल के बाहर मांस के अवशेष पड़े मिले। सुबह जब ग्रामीण वहां पहुंचे तो अवशेष देख उनके होश उड़ गए। जिसके बाद देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने जमकर हंगामा काटना शुरूकर दिया।

घटना क्षेत्र के रम्पुरा बुजुर्ग गांव की है। गांव में पीपल के वृक्ष के नीचे एक धार्मिक स्थल मौजूद है। गुरुवार की तड़के नवरात्र महोत्सव के चलते ग्रामवासी धार्मिक स्थल पर पूजा के लिए गए थे। तभी उन्होंने वहां मांस के टुकड़े व अवशेष देखे तो हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इस घटना को लेकर हंगामा करना शुरूकर दिया। हंगामे की सूचना पाकर थानाध्यक्ष पंकज पंत पुलिस बल



हंगामे के दौरान मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने उग्र ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया। तुरंत अवशेषों को वहां से हटवाया। ग्रामीणों ने इस कृत्य को क्षेत्र की शांति और सौहार्द बिगाड़ने की साजिश बताते हुए दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि शुरुआती जांच और स्थिति को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि किसी व्यक्ति ने बलि देने या तंत्र-मंत्र (टोटका) के फेर में मांस को धार्मिक स्थल के बाहर फेंका है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। मामले की तह तक जाने की कोशिश में जुटी हैपुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों से धैर्य बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। फिलहाल गांव में शांति बनी हुई है, लेकिन एहतियात के तौर पर पुलिस बल की निगरानी बढ़ा दी गई है। थानाध्यक्ष का कहना है कि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मार्केट से सपा नेता की मोटरसाइकिल चोरी

**जागरण मोर्चा कार्यालय, मसवासी।** मैन मार्केट से सपा नेता की बाइक चोरी हो गई। मोटरसाइकिल चोरी की सूचना पुलिस को दे दी गई है, सपा नेता संजू यादव निवासी रहमतगंज किसी काम से बुधवार को मसवासी आए थे। वह अपनी मोटरसाइकिल नवल किशोर गुप्ता की दुकान के बराबर मे खड़ी करके मार्केट से सामान की खरीदारी करने चले गए थे। सामान लेकर जब वह वापस आये तब देखा कि मोटरसाइकिल वहां पर नहीं है। उन्होंने आसपास के दुकानदारों से पूछताछ की तो उन्होंने भी कोई जानकारी नहीं दी। जिससे समझते देर नहीं लगी कि मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। उन्होंने मोटरसाइकिल की काफी खोजबीन की,लेकिन कोई सुराग नहीं लगा आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए। जिसमें एक युवक बाइक ले जाता दिख रहा है। चोरी की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

## भोट में छापा मारकर अधिकारियों ने किए गैस सिलेंडर बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर:** आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत भोट निवासी जीवन के यहां गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी किए जाने संबंधी प्राप्त सूचना पर जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अपनी टीम एवं पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की कार्रवाई की।

छापेमारी के दौरान संबंधित परिसर को खुलवाकर गहन निरीक्षण किया। जिसमें बड़ी संख्या में घरेलू, व्यावसायिक एवं 5 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडरों का अनाधिकृत भंडारण पाया। मौके से कुल 6 व्यावसायिक (बड़े) सिलेंडर, जिनमें 4 भारत गैस के थे। 5 घरेलू (बड़े) सिलेंडर, जिनमें 4 इंडेन एवं 1 एचपी गैस के थे। इसके अतिरिक्त 4 व्यावसायिक 5 किलोग्राम के सिलेंडर तथा 1 घरेलू



लोगो से पूछताछ करते अधिकारी।

5 किलोग्राम का सिलेंडर बरामद किया। बरामद सभी सिलेंडरों की मौके पर तौल एवं सत्यापन कराया। छापेमारी के दौरान मौके पर उपस्थित शमसुल, गुड्डू, अब्दुल कादिर एवं नईम अहमद द्वारा यह स्वीकार किया कि वे पूर्व में घरेलू गैस सिलेंडर प्राप्त करते रहे हैं। मौके पर बरामद सभी सिलेंडरों को विधिवत जब्त करते हुए निकटस्थ अधिकृत एजेंसी शमीम गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखवा दिया है। पूर्ति निरीक्षक सदर चुन्नीलाल द्वारा संबंधित थाना में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

## एक नजर

### टेस्टिंग में मिले 15 हेपेटाइटिस के रोगी

**रामपुर।** एचआईवी एड्स, हेल्थ कैंप में नए 15 नए हेपेटाइटिस के रोगी मिले है। जोकि अलग–अलग श्रेणी के है। जनपद में 10 फरवरी से 16 मार्च तक अभियान आरंभ रहा। कैंप 10 फरवरी से 16 मार्च तक जनपद में 10 तक लगाए गए। जिसमें एचआईवी 3, हेपेटाइटिस 11, हेपेटाइटिस सी 4 रोगी मिले है। इसके अलावा 213 टेस्टिंग, 4 में टीबी की पुष्टि हुई है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.सत्यप्रकाश ने बताया कि हेपेटाइटिस ए वायरस के कारण, मल के माध्यम से फैलता है। निवारक उपायों में दूषित भोजन से बचना और स्वच्छ पानी पीना शामिल है।आमतौर पर यह तीव्र होता है और इसके लिए विशिष्ट उपचार की आवश्यकता नहीं होती। हेपेटाइटिस बी इसे सीरम हेपेटाइटिस के नाम से भी जाना जाता है। यह रक्त और शारीरिक तरल पदार्थों के माध्यम से फैलता है। इसमें ले जा सकने की क्षमता है पुरानी जिगर की समस्याएं और इसके लिए एंटी वायरल उपचार या यकृत प्रत्यारोपण की आवश्यकता हो सकती है। हेपेटाइटिस सी रक्त संपर्क के माध्यम से फैलने पर यह दीर्घकालिक यकृत रोग का कारण बन सकता है।

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने की मां शैल पुत्री की पूजा-अर्चना

## मंदिरों में गाए गए माता के छन्द, बांटा गया प्रसाद, सुरक्षा के लिहाज से मंदिरों में पुलिस बल तैनात रहा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा अर्चना करके उनका आशीर्वाद लिया। वहीं माता रानी की पूजा अर्चना के लिए प्रातः से ही नगर के मंदिरों में भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। सुरक्षा के लिहाज से मंदिरों में पुलिस बल तैनात रहा। ताकि किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हो सके।

गुरुवार से चैत्र नवरात्रि का आरंभ हो गया है। इस अवसर पर सुबह सबसे पहले महिलाओं ने मंदिरों में साफ सफाई की। उसके बाद मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने माता को चुनरी, नारियल, बतासे, पान आदि का भोग लगाकर माता रानी की आराधना की और परिवार की खुशहाली की मन्नत मांगी।अज्ञारी में घी चढ़ाया। उसके बाद माता की आरती की। श्रद्धालुओं ने मंदिरो में माता की पूजा के दौरान उन्हें लौंग, सुपारी, कपूर, बताशे, गुग्गल, कमल गट्टा आदि की आहुति दी और उपवास रखा। मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भारी भीड़ रही। मंदिर प्रांगण से लेकर बाहर तक श्रद्धालुओं की लाइन लग गई। लाइन में लगकर अपनी बारी आने पर देवी भक्तों ने विधि विधान से माता की पूजा अर्चना करके आरती की। शाम को माता की आरती करके उपवास खोला।


हवन में आहुति देते भक्त। –जागरण मोर्चा


मंदिर में माता के भजन गाती महिलाएं। –जागरण मोर्चा

### मंदिर में हुआ हवन, भक्तों ने दी आहुतियां

मिस्टन गंज स्थित शक्ति दरबार में पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पुजारी ने अपने सहयोगी भक्तों सेवकों के साथ प्रात :काल सात बजे से गुरुवार से प्रथम शैलपुत्री देवी की पूजा अर्चना स्नान, श्रृंगार करते रोली, सिन्दूर,काजल,पान, सुपारी, लौंग, इलायची, मीठा फल, मेवा, पान, फल अर्पित करते हुए धूप दीप नैवेद्य अर्पित कर यज्ञ हवन में आहुति दी जन कल्याण हेतु प्रार्थना करते हुए पुरोहित पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पुजारी ने अपने सहयोगी भक्तों को साथ लेकर शामिल रहे। इस मौके पर भक्त प्रतीक बाबू जिंदल, श्रुति जिंदल, सुनीता जिंदल, मुकेश, तिलक राज वासन, सुखदेव मिश्रा, नीरज, राजेंद्र सिंह, राम भरोसे लाल यादव, शैलेन्द्र अग्रवाल, अन्नू मिश्रा, हरी बाबू गुप्ता, सुधा पंडित, सत्यम शर्मा, विनीत, दिनेश, सुरेश, सुनीता आदि मौजूद रहे। सप्तशती कवच और दुर्गा चालीसा का पाठ हुआ।


बिलासपुर विधानसभा के गांव में आयोजित बैठक में शामिल अतिथि।

## बसपाइयों ने किया बूथों का गठन, मुख्य अतिथि का फूल मालाओं से स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार बूथ चलो अभियान के तहत 36 बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर नंबर 37 धनेली उत्तरी, बूथ संख्या 356-357 दोनों बूथों की बैठक कर सहमति से बूथ का गठन किया गया। बूथ गठन के दौरान सभी पदाधिकारियों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है। देश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। महिलाओं पर अत्याचार बढ़े। आगे कहा कि विकास के नाम पर प्रदेश में कोई योजना नहीं हैं। आम जनता की भोजन की थाली महंगी होती जा रही है। महंगाई चरम सीमा पर है। इस अवसर पर शांति प्रसाद सागर, दिनेश गौतम, नवनीत कुमार यदुवंशी, सुरेंद्र पाल गंगवार, मोहनलाल सागर, सरोज राम सागर, अजय कुमार, अवतार सागर, रामचंद्र, छत्रपाल, मनोज कुमार, हरिओम, सतवीर, ओम, मदनलाल, दीपक, शिशुपाल, लखविंदर सिंह, प्रीतम अनिल, वासुदेव, स्वराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में धूमधाम से मनाया ईद मिलन समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में ईद के अवसर पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने गीत, नृत्य और कविताओं के माध्यम से आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया।

समारोह के दौरान सभी बच्चों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। गले मिलकर खुशियां साझा कीं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शबनम आरा ने बच्चों को मिठाई वितरित की तथा ईदी देकर उनके उत्साह को बढ़ाया। प्रधानाध्यापिका शबनम आरा ने अपने संबोधन में बताया कि विद्यालय में ईद मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आपसी सद्भाव, एकता और धार्मिक सहिष्णुता की भावना विकसित करना है। कहा कि ईद का त्योहार त्याग, प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि हमें आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए और समाज में खुशियां बांटनी चाहिए। विद्यालय में इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से बच्चों को विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के बारे में जानकारी दी जाती है, जिससे उनमें परस्पर सम्मान और समझ विकसित होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर देश में शांति, समृद्धि और सौहार्द की कामना की। इस अवसर पर सभी विद्यालय स्टाफ शबनम आरा, रीना, निदा खान, बुशरा फिरदौस, आराधना सक्सेना, नंदकिशोर, नरेंद्र सिंह ,अभिभावक नाजमा, खतीजा, चुन्नी, फैज बी, भूरी, अफसरी आदि उपस्थित रही।


स्कूल में ईद मिलते बच्चे। –जागरण मोर्चा


प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में ईद की मुबारकबाद देते बच्चे एवं मौजूद स्टॉफ।

# ईद की तैयारियों से गुलजार हुए बाजार

## शनिवार को अदा होगी ईद की नमाज, की खरीदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** माह-ए-रमजान के अंतिम दौर के साथ ही नगर के बाजारों में ईद की रौनक दिखाई देने लगी है। शहर के मुख्य बाजारों में कपड़ों, जूतों और खान-पान की दुकानों पर सुबह से देर रात तक खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। खासकर महिलाएं और बच्चे ईद की तैयारी को लेकर काफी उत्साहित नजर आए।

कपड़ा व्यापार के क्षेत्र में इस बार मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। शहर के बाजार नसरुल्लाह खां, मिस्टन गंज, सर्राफ बाजार, हामिद स्कूल, ज्वाला नगर समेत आदि स्थानों पर लोगों का आवाजाही रही। दुकानदारों के मुताबिक दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही है। लेकिन पिछले वर्षों के मुकाबले इस बार खरीदारी में वह पहले जैसी चमक कम दिखाई दे रही है। हर वर्ष ईद के मौके पर बाजार में जो जबरदस्त तेजी रहती थी, उसमें इस बार थोड़ी कमी महसूस की जा रही है। दूसरी ओर, खान-पान और रसोई के सामान की बिक्री में तेजी बनी हुई है। सेवइयों, मेवों और अन्य खाद्य सामग्रियों की खरीदारी अच्छी हो रही है। बाजारों में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस की पीकेट तैनात रही।


बाजार में खरीदारी करती महिलाएं। –जागरण मोर्चा

# बिजली चोरी करने में 15 उपभोक्ताओं पर रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

- चोरी की रोकथाम के लिए चलाया गया अभियान

**रामपुर।** विद्युत विभाग द्वारा सघन विद्युत चोरी रोकथाम अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जांच की गई। जांच के दौरान कुल 15 उपभोक्ता अवैध रूप से विद्युत चोरी करते हुए पाए गए। इन उपभोक्ताओं के विरुद्ध विभाग द्वारा नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

अधीक्षण अभियंता सतेंद्र चौहान ने बताया कि जांच के दौरान दो स्मार्ट मीटर उपभोक्ता भी विद्युत चोरी करते हुए पकड़े गए। संबंधित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति पूर्व में विद्युत बिल बकाया होने के कारण विच्छेदित कर दी गई थी। किन्तु इनके द्वारा बिना बकाया बिल जमा किए मीटर को बायपास कर अवैध रूप से विद्युत का उपयोग किया जा रहा था। विभाग द्वारा ऐसे सभी मामलों में सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। विद्युत विभाग द्वारा आम जनता से अपील की जाती है कि वे वैध रूप से विद्युत का उपयोग करें एवं किसी भी प्रकार की विद्युत चोरी में संलिप्त न हों, अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



# त्योहारों पर न डालें कोई नई परंपरा: सीओ

## क्षेत्राधिकारी ने संभ्रांत नागरिकों और धर्मगुरुओं को दिए सख्त निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर:** गुरुवार को ईद, नवरात्र और रामनवमी के त्योहारों को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ संपन्न कराने के लिए कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और धर्मगुरुओं से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। सीओ ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई परंपरा नहीं डाली जाएगी। जो भी कार्यक्रम पारंपरिक रूप से आयोजित होते आए हैं, उन्हें निर्धारित नियमों और सीमाओं के भीतर ही संपन्न किया जाए।

कहा कि प्रशासन किसी भी नए प्रयोग की अनुमति नहीं देगा, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका हो। सीओ ने आश्वासन दिया कि प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।उन्होंने नागरिकों से अपील की, कि वे पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस की कड़ी नजर है। गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने कहा कि क्षेत्र हमेशा से सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल रहा है। इस परंपरा को बनाएं रखते हुए सभी समुदायों को मिलकर त्योहार मनाने चाहिए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह, अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन कुमार गंगवार, धन्नूमल बंसल, जोगपाल सिंह, रवि गोयल, हाफिज ताहिर, फैजान खां, शाने आलम, डॉ. शमीम हसन, अख्तर अली, सुनील गुप्ता, सुदर्शन मदान, हाजी मेराज खां, सभासद परमजीत कौर, डा बलबिन्दर सिंह, सत्येन्द्र सिंह,जिया खां आदि मौजूद रहे।


बैठक को संबोधित करती सीओ बिलासपुर। –जागरण मोर्चा

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा धूमधाम से मनाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर हिंदू नववर्ष का उत्सव डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तमनगर में प्रातःकाल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में हुआ। विद्यालय के मुख्य द्वार को आम के पत्तों के तोरण और आकर्षक रंगोली से सजाया गया। स्वागत के दौरान बहनों ने सभी भैया, आचार्य, अभिभावकों एवं अतिथियों के मस्तक पर तिलक लगाकर पुष्प वर्षा की तथा विक्रमी संवत 2083 के शुभारंभ पर मंगलकामनाएं दीं। साथ ही मां दुर्गा की कृपा से सुख-समृद्धि की कामना की गई। वंदना सभा में प्रबंधक श्री ख्यालीराम लोधी के पुत्र निशांत कुमार लोधी द्वारा प्रदत्त ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रथम बार उपयोग किया गया। प्रधानाचार्य ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए वर्ष प्रतिपदा के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की। भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ तथा मां दुर्गा की उपासना का शुभारंभ होता है। संघ संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती और सिंधी समाज के संत झूलेलाल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सभी भैया एवं आचार्यों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता निभाई और आयोजन को सफल बनाया।

# मुरादाबाद के दो शिक्षक गुजरात के शैक्षिक भ्रमण पर, आईआईटी गांधीनगर में सीखेंगे नई तकनीक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री योजना के तहत मुरादाबाद जिले के दो उत्कृष्ट शिक्षक इन दिनों गुजरात के शैक्षिक भ्रमण पर हैं। चयनित शिक्षक वहां के उन्नत विद्यालयों और संस्थानों का अध्ययन कर आधुनिक शिक्षण तकनीकों और नवाचारों की जानकारी हासिल कर रहे हैं।

मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक जनपद से दो शिक्षकों का चयन कर इस एक्सपोजर विजिट में भेजा गया है। इसी क्रम में मुरादाबाद जिले के विकास क्षेत्र भगतपुर-टांडा स्थित पीएम श्री विद्यालय बहोरनपुर कला की इंचार्ज अध्यापिका पिंकी पाल सिंह तथा ब्लॉक मूंढापांडे के पीएम श्री विद्यालय दौलारी के इंचार्ज अध्यापक राजेश कुमार को चयनित किया गया है। दोनों शिक्षक 18 मार्च को गुजरात के गांधीनगर के लिए रवाना हुए हैं और वर्तमान में वहीं पर शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इंचार्ज अध्यापिका पिंकी पाल सिंह ने गांधीनगर से दूरभाष पर बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य यहां की उन्नत व्यवस्थाओं, शिक्षण विधियों और तकनीकी नवाचारों को समझना है। इन अनुभवों को वापस जनपद के विद्यालयों में लागू कर विद्यार्थियों को और अधिक गुणवत्तापूर्ण तथा आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत आयोजित इस एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों, नवाचारों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना है।


शिक्षक राजेश कुमार।


शिक्षिका पिंकी पाल।

# देवी के मंदिरों पर भक्तों की लगी लंबी कतार


सैफनी में गुरुवार कोनवरात्रके पहले दिन पूजा अर्चना करती महिलाएं।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैफनी।** नगर समेत क्षेत्र में प्रथम नवरात्र के दिन भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। नवरात्र के प्रथम दिन गुरुवार को सुबह से ही मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। घंटे, घड़ियाल की ध्वनि के साथ भक्तों ने मंदिरों में फूल, फल, नारियल, चुनरी, कपूर, लोंगे का धूप चढ़ाकर मां से सौभाग्य, प्रकृति व लंबी आयु का आशीर्वाद मांगा।

वहीं देवी पूजन से पहले भक्तों ने प्रातः काल अपने घरों में कलश स्थापना भी की। नगर के माता बेला भवानी, चौराहे वाली देवी मंदिर, शिवालय मंदिर, सैनी वाला मंदिर , देवस्थान आदि पर भक्तों के सुबह से ही भीड़ लगनी शुरू हो गई।

# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुरः** गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम पुरानी मंडी बिलासपुर में किया ।जिसमें बिलासपुर ब्लॉक के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक स्वयं ग्राम प्रधान ने प्रतिभाग किया। खंड शिक्षा अधिकारी बिलासपुर राजेंद्र सिंह बोरा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने सभी प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि नन्हे ननिहालो को आप जितना अच्छा वातावरण दे सकते है।

नगर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल ने सभी प्रधानाध्यक एवं ग्राम प्रधानों को संबोधित किया एवं आश्वासन दिया कि उनकी तरफ से कभी भी किसी को भी सहयोग की आवश्यकता हो तो वह पूरा प्रयास करेंगे। साथ ही सरकारी विद्यालयों के अभिभावकों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित करने को कहा। उनकी समस्याओं को भी सुना एवं समझा जाए ।सभी वक्ताओं ने निपुण आकलन में जिले में बिलासपुर के प्रथम आने की बधाई दी। साथ भी बिलासपुर को ऐसे ही अग्रणी रहने की बधाई दी। एआरपी आकांक्षा गौतम ने निपुण के बारे में जानकारी दी। मंगलसेन ने डीबीटी की जानकारी साझा किया, चिंतामणि ने शिक्षक समस्याओं पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम में एआरपी लोकेश, मंगलसेन, जसवीर, आकांक्षा गौतम एवं शिक्षिका रेनू सिंह सुमन सिंह, बबीता सिंह, श्वेता गुप्ता, नैन्सी बंसल, पिंकी, नीति, शिक्षक, राहुल भारद्वाज, रामचंद्र , हवलदार, प्रताप, अमर सिंह आदि उपस्थित रहें।



मुख्य अतिथि का स्वागत करती एआरपी। –जागरण मोर्चा

## एक नजर

### दरगाह पर हुआ इफ्तार पार्टी का आयोजन

**मिलक।** रमजान के इस मुकद्दस महीने में इफ्तार पार्टी का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में बुधवार को क्षेत्र के ग्राम भैंसोड़ी स्थित हजरत इनायत हसन शाह दरगाह पर इफ्तार का आयोजन किया गया। इफ्तार में बड़ी तादाद में लोगों ने दरगाह पर शिरकत की। जहां मजहबी रवादारी का अनूठा माहौल देखने को मिला। रोजा–ए–इफ्तार में सभी धर्मों के लोगों ने शरीक होकर एकता और भाईचारे का पैगाम दिया। वहीं दरगाह के सज्जादा नशीन सबाहत हसन शाह ने अमन चैन और आपसी भाईचारा का पैगाम दिया। इफ्तार के दौरान मौजूद फरहत हसन खां ने कहा कि सामूहिक इफ्तार से आपसी प्रेम बढ़ता है। गरीब व अमीर बिना भेदभाव एक–दूसरे के साथ बैठकर रोजा खोलते है। इस मौके पर पूर्व विधायक अफरोज अली, भाजपा नेता भारत भूषण गुप्ता, कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र देव गुप्ता मुतीउर्रहमान, कैलाश नाथ गोस्वामी, रफीक अहमद घनबीर चौधरी, उबैद मलिक, शराफत यार खान,अजय सिंघल, कौशल सक्सेना,जमील कादरी,रईस खां,रफीक अहमद, आदि लोग मौजूद रहे।

# नई ऊर्जा और उत्साह के साथ भाजपा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : हरीश

## भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार नवगठित जिला कार्यकारिणी के साथ पहुंचे भमरौआ मंदिर


भमरौआ मंदिर में पूजा अर्चना करते पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा


भमरौआ मंदिर के बाहर खड़े पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि सभी नव नियुक्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नई ऊर्जा और उत्साह के साथ भाजपा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्हें पूरा भरोसा है कि आगामी सभी चुनावों में भाजपा की विराट विजय होगी। आगामी विधानसभा चुनाव में भी भाजपा सभी सीटें जीतेगी।

भाजपा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा होने के बाद गुरूवार को भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ भमरौआ मंदिर पहुंच गए। यहां सभी ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन का पदाधिकारी बनना अपने आप में गर्व की बात है। ऐसे में टीम में जिन लोगों को भी स्थान मिला है, वह दिनरात भाजपा को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें। पार्टी की नीतियां और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में देश आर्थिक एवं सामरिक दृष्टि से आत्मनिर्भर हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों के माध्यम से देश में निवेश का माहौल बेहतर किया है। इससे न केवल बड़े उद्योग स्थापित हो रहे हैं, बल्कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को भी बढ़ावा मिल रहा है।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है। वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट योजना के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़े हैं और छोटे उद्यमियों को नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नए औद्योगिक कॉरिडोर, डिफेंस कॉरिडोर और एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के कारण निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। इससे रामपुर सहित आसपास के जिलों में भी औद्योगिक गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है। आने वाले समय में इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

### यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला महामंत्री जगपाल यादव, अर्जुन रस्तोगी, रविंद्र सिंह रवि, जिला उपाध्यक्ष कुंवर बहादुर राजपूत, विवेक रूहेला, विकास दीक्षित, पारूल अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, करतार सिंह लोधी, संतोष सिंह खैरा, दीपक गुप्ता , पवन कुमार, श्वेता शर्मा, श्रेया मदन, शामिल मिर्ज़ा, ओम वीर दिवाकर, ओम प्रकाश लोधी, अवधेश शर्मा, अनिल मदन आदि उपस्थित रहे।


रक्तदान करने के दौरान मौजूद टीम। –जागरण मोर्चा

# रक्तदान टीम धमोरा बनी फरिश्ता 4 जिंदगियों को मिला नया जीवन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** किसी को दिया गया खून सिर्फ कुछ बूंदें नहीं, बल्कि एक नई जिंदगी की उम्मीद होता है। इस कथन को रक्तदान टीम धमोरा ने एक बार फिर सच कर दिखाया। टीम के चार युवकों ने जरूरतमंद मरीजों को रक्तदान कर उन्हें नया जीवन प्रदान किया।

बीते दिन विकल श्रीवास्तव के पास चार जरूरतमंद मरीजों के परिजनों ने रक्त की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही उन्होंने बिना देर किए अपनी टीम को सक्रिय किया और साथियों के साथ ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान की व्यवस्था कराई। अस्पताल के बाहर अपने अपनों की जिंदगी के लिए चिंतित खड़े परिजनों के लिए ये चार अनजान युवक किसी भगवान से कम नहीं थे। रक्तदान करने वाले युवाओं ने न केवल अपना कर्तव्य निभाया, बल्कि मानवता की मिसाल भी पेश की। रक्तदान करने वालों में वीरेश यादव, संजय राजपूत, शान गाजी और हिमांशु राजपूत शामिल रहे। इस दौरान टीम धमोरा के प्रमुख विकल श्रीवास्तव के साथ सुनील यादव (कबड्डी), अनिकेत भारती, गौरव सैनी, शिवाय कश्यप, सुभाष, विशाल सहित कई सदस्य मौजूद रहे।रक्तदान टीम धमोरा लगातार समाज सेवा के इस कार्य में अग्रणी भूमिका निभा रही है और हर जरूरतमंद की मदद के लिए तत्पर रहती है। टीम ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि इंसानियत आज भी जिंदा है। विकल श्री वास्तव ने कहा समाज के सभी लोगों से अपील है कि इस नेक कार्य से प्रेरणा लेकर रक्तदान करें और किसी जरूरतमंद को नई जिंदगी देने में अपना योगदान दें।

# रोजेदारों की इफ्तार कराना सबसे बड़ा सवाब: मौलाना रिजवान मर्क़ज़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय


पूर्व मंत्री हाजी निसार हुसैन की बरसी पर आयोजित प्रोग्राम में उलेमा संग मौजूद जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** स्वार टांडा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री हाजी निसार हुसैन की 8 वीं बरसी पर गांव मीरापुर मीरगंज में आयोजित जलसे कार्यक्रम में उलेमाओं ने मुल्क की सलामती और खुशहाली के लिए दुआ की। पूर्व मंत्री की कब्र पर फूल व दुआ फातिहा कर खिराजे अकीदत पेश की गई। इस मौके पर गांव मीरापुर में रोजेदारों को रोजा इफ्तार का प्रोग्राम भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बोलते हुए रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि स्वार टांडा और चमरौआ क्षेत्र के विधायक बनने के बाद पूर्व मंत्री हाजी निसार हुसैन ने अपने कार्यकाल में जो विकास कार्य करवाए, वो आज भी ऐतिहासिक है।कार्यक्रम में उपस्थित मौलाना रिजवान मर्कज़ी, मौलाना मो. फईम रजा, इमाम मो. नवी, हाफिज सफदर अली, हाफिज यासीन खां, मौलाना खलील अंसारी आदि उलेमा ने मुल्क की खुशहाली और सलामती की दुआ करवाई और पूर्व मंत्री की मगफिरत के लिए भी दुआ की। इस मौके पर खुवाजा मस्जिद के इमाम और मौलाना रिज़वान मर्कज़ी ने कहा कि रमजान के पाक महीने में सभी लोगों को नेक रास्ते पर चल कर समाज में प्यार और भाईचारा कायम करना चाहिए। और रोजेदारों को रोजा इफ्तार कराने वाले को भी अल्लाह ताला सवाब अता फरमाता है। अल्लाह इफ्तार कराने वाले शख्स की मगफिरत फरमाता है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जुल्फेकार हुसैन, हाजी लियाकत अली, रईस अहमद अंसारी, अदनान हुसैन, अब्दुल अम्मान हुसैन, रईस अहमद पधान, शरीफ बाबू, खालिक रज़ा प्रधान, शावेज़ पाशा, नामे अली, मजीद सैफी, इशाक अली, इरशाद सैफी, डॉक्टर रिफाकत गुड्डू, मुनव्वर सेठ, नामे सैफी, यूनुस अंसारी, अयूब अली और मौलाना रिजवान मर्कज़ी, मौलाना मो. फईम रजा, इमाम मो. नवी, हाफिज सफदर अली, हाफिज यासीन खां, मौलाना खलील अंसारी आदि मौजूद रहें।

# जामा मस्जिद टांडा में तरावीह में क़ुरआन मुकम्मल


जामा मस्जिद टांडा में क़ुरआन मुकम्मल होने पर तकरीर करते मौलाना।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा:** जामा मस्जिद टांडा में 29 वीं शब में क़ुरआन ए करीम मुकम्मल होने के मौके पर एक रूहानी कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुफ्ती जुनेद ने नमाज-ए-तरावीह में कुरआन पाक सुनाया और हाफिज अमजद ने कुरआन सुना। इस तरह 29वीं शब में कुरआन मुकम्मल हुआ।

इस अवसर पर मौलाना मोहम्मद फहीम कासमी, नायब इमाम जामा मस्जिद ने अपने बयान में कहा कि 29वीं शब अल्लाह के सामने रोने और मगफिरत मांगने की रात है, न कि बाजारों और चौराहों पर बैठने की। उनके बयान को लोगों ने ध्यान से सुना। अंत में मौलाना जलीस अहमद इमाम जामा मस्जिद ने दुआ कराई और कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके बाद हाजी अजमत और नेता मोहम्मद अकील आदि ने मस्जिद कमेटी की ओर से कुरआन सुनाने वाले और सुनने वाले को उपहार स्वरूप समान भेंट किया।

# सचल दल ने दी धूम्रपान न करने की सलाह

## कोटपा अधिनियम के अनुपालन के लिए चलाया अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय


सिविल लाइंस क्षेत्र में दुकानदार से बातचीत करते जिला सलाहकार।

**रामपुर।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार, सीएमओ के दिशा निर्देशन में चलाए जा रहे तंबाकू नियंत्रण अभियान के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा जनपद में कोटपा अधिनियम के अनुपालन के लिए एक महाअभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत थाना एएचटीयू की टीम के साथ तंबाकू विक्रेताओं सिविल लाइंस थाना क्षेत्र पर चेक किया गया। ऐसे विक्रेता जो कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करते पाए गए। किसी प्रकार का प्रचार प्रसार करते पाए गए। ऐसी दुकान जो विद्यालयों के 100 गज के दायरे में थी उन्हें भी चेक किया गया।

9 तंबाकू विक्रेताओं को कोटपा अधिनियम की धारा 6 ए, 6ब, 4 धारा भी के अंतर्गत उल्लंघन करता पाया गया। इनका तत्काल जुर्माना किया गया। भविष्य में कभी भी तंबाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार न करने एवं खुली सिगरेट न बेचने, कोटपा अधिनियम का अनुपालन करने के लिए चेतावनी दी। इस अभियान में उप निरीक्षक मनोज त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल नसीम अहमद आदि पुलिस बल उपस्थित रहे।

# रंजिश के चलते महिला और पति पर किया हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा:** थाना टांडा क्षेत्र के ग्राम नया गांव उर्फ रामनगर लतीफपुर निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी है कि रंजिश के चलते आरोपी पक्ष द्वारा उसे और उसके पति को लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। 14 मार्च की रात करीब 8 बजे उसके पति को पहले से घात लगाकर लाठी-डंडों, लात-घूसों से पीटा गया।

गीता ने बताया कि 1 दिसंबर 2025 को धर्मेंद्र पुत्र राम सिंह ने नशे की हालत में उसे लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से गंभीर रूप से घायल किया था, जिसके संबंध में थाना टांडा में मुकदमा संख्या 550/2025 (धारा 115(2), 352, 351(2), 131 बीएनएस) दर्ज हुआ था। इस रंजिश के कारण धर्मेंद्र, बबली पत्नी धर्मेंद्र, पप्पू पुत्र राम सिंह और छोटे लाल पुत्र राम सिंह निवासी नया गांव द्वारा आये दिन धमकियां दी जाती हैं। 14 मार्च की घटना में उसके पति भाई की तबीयत खराब होने पर डॉक्टर से लौट रहे थे, तभी आरोपी तीनों एक राय होकर गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। गंभीर चोटें आने पर राहगीर जमा हुए, तो आरोपी जान से मारने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर फरार हो गए। गीता ने आरोप लगाया कि वह खेत पर जाती है तो आरोपी उसकी लज्जा भंग करने की नियत से अभद्र बातें करते हैं, विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां देते हैं। थाने में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसपी के आदेश और पीड़िता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 9 दिवसीय प्रदर्शनी में उद्यमी विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित

## युवा उद्यमी विकास योजना के तहत 5 लाभार्थियों को वितरित किए ऋण चेक

जागरण मोर्चा कार्यालय



महिला को चेक देते मुख्य अतिथि। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन परिसर में आयोजित 9 दिवसीय प्रदर्शनी के दूसरे दिन जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा उद्यमी विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में स्वरोजगार एवं लघु उद्योगों का विशेष महत्व है। इससे व्यक्ति आत्मनिर्भर बनता है तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होते हैं।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय की स्थापना करें और आर्थिक रूप से सशक्त बनें। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया। आईआईए के चेयरमैन श्री ष गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाया जाना चाहिए। लघु उद्योग भारती के सचिव शलभ गोयल ने कहा कि लघु एवं सूक्ष्म उद्योग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने उद्यमियों से नवाचार एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने उद्योग को आगे बढ़ाने की अपील की। सहायक आयुक्त उद्योग निहारिका जैन ने बताया कि विभाग द्वारा युवाओं एवं महिला उद्यमियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, वित्तीय सहायता योजनाओं एवं मार्गदर्शन के माध्यम से उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने के लिए सक्षम बनाया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि जनपद में औद्योगिक विकास को गति देने हेतु विभाग निरंतर प्रयासरत है तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत 5 लाभार्थियों को ॠण चेक वितरित किए गए।

# दूसरे दिन 13000 कापियों को हुआ मूल्यांकन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** बृहस्पतिवार को जनपद के राजकीय रजा इंटर कॉलेज और राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज पर शुरू हुए मूल्यांकन कार्य को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। दोनों केंद्रों पर स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। पहले दिन जहां कॉपियों के मूल्यांकन की गति धीमी थी तो वहीं दूसरे दिन 13,000 कॉपियों को जांचा गया।

डीआईओएस ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाएं धीरे-धीरे केंद्रों पर पहुंच रही हैं और जल्द ही सभी कॉपियां उपलब्ध हो जाएंगी। आंकड़ों के अनुसार इस बार हाईस्कूल की 86,652 और इंटरमीडिएट की 1,35,480 कॉपियों का मूल्यांकन किया जाना है। इसके लिए पर्याप्त संख्या में परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इंटरमीडिएट के लिए 359 और हाईस्कूल के लिए 658 शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य में लगाया गया है।

**प्रतियोगिता** नवाब जुल्फिकार अली स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में हुआ आयोजन

# खिलाड़ियों को शिक्षा के साथ खेल को भी चुनना चाहिए : आरएस रावत

जागरण मोर्चा कार्यालय


सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में आयोजित बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिला स्तरीय जूनियर बालक- बालिकाओं की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन नवाब जुल्फिकार अली स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स पनवड़िया में किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि आरएस रावत, हॉकी ओलंपियन द्वारा किया गया। जिला स्तरीय जूनियर बालक-बालिकाओं की बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि विनोद कुमार, प्रधानाचार्य, सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, रामपुर द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा, कि खिलाड़ियों को अपना भविष्य संवारने में खेल एक अहम भूमिका निभाता है। जिसमें खिलाड़ियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल को भी चुनना चाहिए खेल मानव को सुडोल शरीर एवं जीवन में हार-जीत से एक नया आयाम तैयार करता है। जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में हॉकी छात्रावास ने 4-3 से राजकीय बाकर इंटर कॉलेज को हराकर विजेता बनी। जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में ग्लोबल स्कूल की टीम 1-0 से बमनपुरी स्टेडियम की टीम को पराजित कर विजेता बनी। हॉकी प्रतियोगिता के विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को श्री आर०एस० रावत, हॉकी ओलंपियन द्वारा पुरस्कार वितरित किये गए।

प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका फरहत अली खां, हॉकी प्रशिक्षक, रामबाबू यादव, कु. मेहज बी, पूजन तिवारी,आर्यन कुमार रावत आदि द्वारा निभायी गयी। जूनियर बालक बास्केटबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में ज्वाला क्लब की टीम 5-1 से सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज को हराकर विजेता बनी। जूनियर बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल की टीम 1-0 से सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज को हराकर विजेता बनी। प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को आरएस रावत, हॉकी ओलंपियन, विनोद कुमार प्रधानाचार्य, सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, डॉ. अनूप कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष, जिला योगासन खेल संघ द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कार वितरित किए गए। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका सौरभ कुमार, खेलो इण्डिया प्रशिक्षक, अग्निवेश, मनोज कुमार, हरपाल आदि द्वारा निभायी गयी।

# दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि लार्वा निरोधक रसायनों के छिड़काव में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा नाले-नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। कहा कि विगत एवं वर्तमान वर्ष में जेई, डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संचारी रोगों से प्रभावित क्षेत्रों में विशेष रूप से निरोधात्मक कार्यवाही की जाए। कूलर एवं फ्रिज की ट्रे में जमा पानी को नियमित रूप से साफ करने के प्रति आमजन को जागरूक करने पर बल दिया गया। बैठक में यूनीसेफ के प्रतिनिधि संदीप सक्सेना द्वारा वर्ष 2025 में संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा प्रस्तुत की। जनपद के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही के लिए आवश्यक सुझाव दिये।उथले हैंडपंपों को चिन्हित कर उनके उपयोग पर रोक लगाने, खराब हैंडपम्पों की मरम्मत तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार, वेक्टर जनित एवं जल जनित रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए।क्या करें, क्या न करें का व्यापक प्रचार-प्रसार तय किया जाए।मुख्य विकास अधिकारी ने आंगन बाड़ी एवं आशा कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण देकर अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं उपचार तथा आवश्यकतानुसार पोषण पुनर्वास केन्द्रों से जोड़ने के निर्देश दिए।

गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए हीट वेव से बचाव के लिए जनजागरूकता बढ़ाने, शुद्ध पेयजल एवं शेल्टर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये।बैठक में स्वास्थ्य, कृषि, पंचायत, शिक्षा, नगर विकास, पशुपालन, बाल विकास विभाग, डब्ल्यूएचओ, यूनीसेफ तथा नगर निकायों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को हटाने पर राज्यमंत्री से मिले, मिला आश्वासन

## मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने ईओ को ज्ञापन सौंप समस्या के समाधान की मांग की

जागरण मोर्चा कार्यालय



राज्यमंत्री गुलाब देवी से वार्ता करते स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी।




नगर पालिका ईओ को ज्ञापन सौंपते स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी।

**चन्दौसी।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारी राज्यमंत्री गुलाब देवी से मिले और समस्या समाधान की मांग की। राज्यमंत्री ने सफाई कर्मियों को आश्वासन दिया कि उनके साथ गलत नहीं होने दिया जाएगा। शीघ्र ही जिलाधिकारी व पालिकाध्यक्ष से बात करके समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके बाद सफाई कर्मियों ने नगर पालिका के ईओ धर्मराज राम को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की। सफाई कर्मचारियों का कहा है कि नगर पालिका परिषद में 150 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी कार्यरत है। जिनकी आपूर्ति 2021 में 1 सितंबर 2021 को बदायूं की फर्म द्वारा आपूर्ति की गई।

1 सितंबर 2021 से 2022 तक सफाई कर्मियों का 16 माह का वेतन बकाया था। फर्म ने 16 माह में से 13 माह का वेतन का भुगतान किया। 3 माह के वेतन का भुगतान नहीं किया। इसके बाद फार्म पर रिपोर्ट दर्ज कराने व जिलाधिकारी से शिकायत करने पर वेतन दिया गया। इसके बाद फार्म द्वारा कर्मचारियों को धमकी दी कि तुम्हें बिना कारण बताओ नोटिस दिए बिना काम से हटा देंगे। 19 मार्च की सुबह फर्म द्वारा सफाई कर्मियों द्वारा फोन कर कहा गया कि आपकी सेवा समाप्त कर दी गई है। जबकि उन्हें कोई भी नोटिस नहीं दिया गया है। आरोप है कि नगर पालिका द्वारा 50-50 हजार रुपये नए कर्मचारी नियुक्त करने को ले लिए हैं। पुराने आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों से काम से न हटाए जाने के 20-20 हजार रुपये मांगे जा रहे हैं। जो कानूनन अपराध है। यदि कार्यरत आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को अपने काम से हटा दिया गया तो वह बेरोजगार हो जाएंगे और अपना तथा अपने बच्चों का भरण-पोषण नहीं कर पाएंगे। ज्ञापन देने वालों में राकी वाल्मीकि, सुभाष वाल्मीकि, गौरव, संजय, सचिन, प्रहलाद, नीरज, विशंभर, विजेंद्र, अमित, सुजीत, सर्वेश आदि मौजूद रहे।



हिंदू नव वर्ष मानते अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

## व्यापारियों ने चंदन का तिलक लगाकर धूमधाम से मनाया नव संवत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में नगर के बिसौली गेट स्थित अक्रूरजी प्लाजा में भारतीय हिंदू नव वर्ष हर्षोल्लास से मनाया। सभी पदाधिकारी को चंदन का तिलक लगाकर नव संवत 2083 में स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने भारत माता के चित्र पर फूल माला चढाकर पूजन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा कि आज के दिन भगवान राम का राजतिलक हुआ था। भारतीय हिंदू नव वर्ष का समय ऐसे समय आता है, जब नए मौसम की शुरुआत उन्नति प्रगति और मनुष्य के अंदर विश्वास के साथ चेतना जागृति होती है। प्रभात कृष्णा, उमेश चंद्र वाष्र्णेय ने नव संवत 2083 के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए जयशंकर दुबे ने कविता सुनकर सबका मन मोह लिया। इसके साथ वक्ताओं ने केंद्र सरकार से विक्रम नव संवत के दिन राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की।

अंत में सभी व्यापारियों ने एक दूसरे को गले मिल व मिठाई खिलाकर नव संवत नव वर्ष की खुशी का इजहार किया। इस दौरान उमेश चंद्र वाष्र्णेय, रमेश ग्रेवाल, विपुल महाजन, जयशंकर दुबे, विपिन अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, धर्मेंद्र वार्ष्णेय, अंकित वाष्र्णेय, सागर गुप्ता, शाह आलम मंसूरी, चिंटू शर्मा, मोहित सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## नए कलाकारों को मंच देने का कार्य करती है संस्कार भारती

जागरण मोर्चा कार्यालय




हिंदू नव वर्ष मानते साक्षी सेवा समिति के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** नगर के बिसौली गेट स्थित श्री रामकृष्ण धर्मशाला पर संस्कार भारती द्वारा भरतमुनी जयन्ती एवं होलिकोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लघु नाटिका, गीत, संगीत व कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। श्रोता देर रात तक कार्यकम का आनन्द लेते रहें।

कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पा अर्चन से किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना की महमोहक प्रस्तुति पाखी वार्ष्णेय व ध्येय गीत रितु वार्ष्णेय द्वारा गाया गया। कवि सम्मेलन में डा. जयशंकर दुबे, शांतिदेवी राणा, अतुल कुमार शर्मा, सुखवीर पाल गौर, रमेश चंद अधीर, अशोक कृष्णम, प्रदीप दीप, ज्ञानप्रकाश उपाध्याय आदि ने काव्यापाठ की मनमोहक प्रस्तुति दी। अंकुर अग्रवाल ने अपने संबोधन में पंच परिवर्तन के आधार पर भारत को विश्व गुरु बनाने की बात की। अर्चित अग्रवाल ने कहा कि संस्कार भारती नए कलाकारों को मंच देने का कार्य करती है। प्रवीन आर्य ने संस्कार भारती के उद्देश्यों के बारे में बताया।

सुशील सक्सैना एवं प्रफुल्ल आर्य ने कहा कि संस्कार भारती समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी जागरण, कुटम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य के आधार पर कार्यक्रम का आयोजन करती है। कार्यकम की अध्यक्षता वैद्य बृजनंदन शर्मा ने तथा संचालन अशोक कुमार एवं डा. जयशंकर दुबे ने संयुक्त रूप से किया इस दौरान आशा गोस्वामी, रमेश चंद्र बोहरा, रविद्र सक्सेना, सौरभ कुमार, अंकित कुमार, अभिषेक शर्मा, प्रभाकर मिश्रा, रुचिका गुप्ता, मुकेश नंदन शर्मा, श्याम शरण भारद्वाज, हरिओम कश्यप, शरद शर्मा, डा. टीएस पाल, अखिलेश सक्सेना, हरी शंकर कालू, सुमनेश वार्ष्णेय, तरुण नीरज, विनय कुमार ,जगदीश राणा, मनोरंजन तिवारी, आशा बिसारिया, डा. योगेंद्र मोहन शास्त्री, सुरेश चंद शर्मा, केजी गुप्ता, डा. सुधा चौधरी, अरुण सक्सेना, रेनू गुप्ता, सजनी गुप्ता, प्राची गुप्ता,नरेंद्र शर्मा ,परिसा अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, प्रहलाद राय, हीरालाल आदि रहे।



बाल विद्या मंदिर स्कूल में दुर्गा पूजन करतीं शिक्षिकाए। -जागरण मोर्चा

## उल्लास से मनाया नव वर्ष एवं नवरात्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के मुंसिफ रोड स्थित चन्दौसी बाल विद्या मंदिर में नववर्ष एवं दुर्गा पूजा का कार्यक्रम बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नववर्ष तथा भारतीय संस्कृति के महत्व के बारे में बताया गया।

उनको यह भी बताया गया कि हिंदू नववर्ष आज से ही प्रारंभ होता है, क्योंकि इस समय प्रकृति में नवीनता दिखाई देती है—पेड़ों पर नए पत्ते आते हैं, नए अनाज की शुरुआत होती है और नए लेखे-जोखे बनाए जाते हैं। कार्यक्रम में मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री माता की आराधना की गई तथा नन्हीं-नन्हीं कन्याओं को उपहार प्रदान किए गए। पूरे विद्यालय का वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान मानसी, पूजा, नीरज, अल्का, प्रधानाचार्य श्रुति अग्रवाल, उपप्रधानाचार्य ममता नागर एवं प्रबंधक सुधांशु अग्रवाल का सहयोग रहा।

## न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दोषी को सुनाई 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय



दोषी नसीम। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दोष सिद्ध होने पर दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 35 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। जबकि दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। उक्त मामला थाना असमौली क्षेत्र का है।

एडीजीसी आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित ने थाना असमोली के तहरीर थी कि वह बाहर रहकर अपने बच्चों का पालन-पोषण करता है। नसीम, रिजवान व शाकिब गुंडागर्दी करते रहते हैं। छह माह पहले नसीम से बकरी के बच्चे को लेकर कहा सुनी हो गई थी। तभी से नसीम और उसके परिवार वाले उससे रंजिश रखते हैं। 19 अगस्त 2017 को उसकी पत्नी व बच्चे घर पर ही थे। तभी तीनों घर में उस आए उसकी पत्नी व बच्चों के साथ गाली-गलौज करने लगे। एक आरोपी ने उसके पत्नी को बुरी नीयत से दबोच लिया। जबकि दो आरोपी उसकी 14 वर्षीय पुत्री को कमरे में उठाकर ले गए। जहां उसके साथ अश्लील हरकतें की और दुष्कर्म का प्रयास किया। जान से मारने के उद्देश्य से किशोरी के गले में रस्सी का फंदा डालकर मारने का प्रयास किया। जिससे उसकी पुत्री बेहोश हो गई। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने विवेचना के उपरांत चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। उक्त मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में हुई। जिसमें आरोपी रिजवान व शाकिब को न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। जबकि नसीम के विरुद्ध पाक्सो एक्ट में दोष सिद्ध होने पर दोषी ठहराया। न्यायालय ने दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 35 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

## ट्रैक्टर के पहिए के नीचे दबने से 5 वर्षीय बालिका की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



गांव रुस्तमपुर उगिया में मासूम की मौत के बाद गुमसुम बैठा परिवार।

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर उगिया में ट्रैक्टर चढ़ाने के दौरान 5 वर्षीय बालिका की पिछले पहिए के नीचे आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। गांव रुस्तमपुर उगिया निवासी जयप्रकाश की 5 वर्षीय पुत्री खुशी व अपने बड़े भाई जोगेंद्र सिंह के साथ गए थे। गांव में जोगेंद्र सिंह का मकान का निर्माण हो गया। गुरुवार की सुबह 10 बजे से मकान के सेफ्टी टैंक की खोदाई में निकली मिट्टी को ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर घर लौट रहा थे। घर पहुंचने पर ट्रैक्टर-ट्राली को ढलान पर चढ़ाना था। चालक जोगेंद्र ने जैसे ही ट्रैक्टर-ट्राली को ढलान पर चढ़ाने का प्रयास किया, तो ट्रैक्टर पर बैठी बालिका खुशी नीचे आ गिरी और ट्रैक्टर के पिछले पहिए के नीचे दबने से उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और परिजन विलाप करने लगे। बालिका की मां सर्वेश देवी का रो-रोकर बुला हाल बना था। पिता जयप्रकाश ने बताया कि उनके खुशी इकलौती पुत्री थी। इससे पहले जो बच्चे हुए थे उनकी मौत हो गई। घटना से पूरा परिवार गमगीन बना हुआ है।

## नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में गूंजे घंटे घड़ियाल

### भक्तों ने की मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना, उपवास रखा



प्राचीन मौलागढ़ देवी मंदिर पर पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा



पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** नवरात्र का आगाज गुरुवार से हो गया। नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में भोर से ही घंटे घड़ियाल गूंजे। मंदिरों में माता के जयकारे गूंजते रहे। नवरात्र के पहले दिन देवी भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की और उपवास रखा। पूरा शहर भोर से ही मां की भक्तिमय में नजर आया। इसी के साथ नगर से ग्रामीण अंचलों तक हर कोई देवी की भक्ति में रंगा नजर आ रहा है।

नगर के प्रमुख देवी मंदिर मां सिद्धीदात्री नवदुर्गा मंदिर रामबाग, मौलागढ़ मां कंकाली देवी मंदिर,कैथल गेट, श्री गंगा देवी मंदिर, सीता आश्रम श्री बगियावाली नवदुर्गा मंदिर, गोलागंज देवी मंदिर में भोर से घंटे घड़ियाल गूंजने लगे। सुबह से ही भक्तो की लम्बी लम्बी कतारे लगी रही। देर रात तक मंदिर मार्गों पर भक्तों की चहल पहल रही। वहीं घर-घर देवी की पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने लघु हवन किया और आहुतियां दीं और उपवास रखा। इसके साथ शाम को नगर के अधिकतर गली मोहल्लों के मंदिरों में महिलाओं ने देवी छंद गाए। जिसमें मां मुरादे पूरी करदे हलवा बाटूंगी, तूने मुझे बुलाया शेरावालिए, एक तेरा सहारा,जब कोई नहीं आता मां तुम ही आती, ऊंचे ऊंचे पर्वत पर तेरा वसेरा है, मां बिगड़े बनादे मेरे काम शेरा वालिए, मईयां के नौ दिन बहार के, प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी जैसे भजनों की गूंज से मन्दिर न गली मोहल्लों का सारा माहौल भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने ढोलक की थाप और झूमते गाते हुए माता के भजनों का गुणगान किया।

## चैत्र नवरात्र के दिन ब्रह्मा ने की थी सृष्टि की रचना




हिंदू नव वर्ष मानते साक्षी सेवा समिति के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** साक्षी सेवा समिति के तत्वावधान में साक्षी स्टार परिवार द्वारा नगर के आवास विकास कालोनी स्थित शाकुंभरी मंदिर में हिंदू नववर्ष उत्सव का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा, बबिता बिंदल, विजयलक्ष्मी यादव द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मां दुर्गा की स्तुति की गई।

प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा ने बताया कि हिंदू धर्मिक परम्पराओं के अनुसार हिंदू नववर्ष का प्रारंभ चैत्र नवरात्रि से होता हैं। माना जाता है चैत्र नवरात्र के दिन परम पिता ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। सनातनी हिंदू नववर्ष को धूमधाम से मनाते है। इस अवसर पर स्टार परिवार के सदस्यों ने मंदिर में देवी मां का पूजा अर्चना कर प्रसाद लगाया। पूर्व अध्यक्ष सुधा शर्मा एवं सुनीता शर्मा ने मां दुर्गा मंत्र नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।इस दौरान मनी पोरवाल, जयश्री, सुनीता शर्मा, सरोज शर्मा, मीनाक्षी पाठक आदि भक्तजनों ने मिलकर विश्व कल्याण की भावना से सबके लिए प्रार्थना की।

## अध्यक्ष शर्मा ने सदस्यों के साथ ली पद और गोपनीयता की शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय




शपथ ग्रहण करतीं जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला नव शक्ति के पदाधिकारी।

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप आफ महिला नव शक्ति द्वारा नगर के गौशाला रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में शपथ ग्रहण समारोह उत्साह पूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ डा. सुधा चौधरी ने दीप प्रचलित कर किया गया। माधुरी शर्मा ने स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत किया।

ग्रुप के सदस्यों रश्मि वर्मा शालिनी वैश्य व सपना गुप्ता द्वारा एक नाटिका प्रस्तुत की गई तथा हाऊजी खिलाकर सभी का मनोरंजन किया गया। यूनिट डायरेक्टर योजना गुप्ता द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष शुभ्रा शर्मा को पदभार ग्रहण करने की शपथ दिलाई एवं सभी पदाधिकारी व सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई। वक्ताओं ने सभी सदस्यों से जायंट्स ग्रुप का विस्तार करने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन अभिलाषा प्रजापति ने किया। इस दौरान पदमा भार्गव, डा. उमेश अग्रवाल, सुभाष रस्तोगी, अनीता अग्रवाल, शिखा शर्मा, मीरा दुबे, कांता शर्मा, रचना गुप्ता, बबिता अग्रवाल, नीता सिंह, रश्मि वर्मा, सपना गुप्ता, रानी वैश्य, अभिलाषा प्रजापति, विशाखा अरोड़ा, लता गोयल, मीनू वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में कार चालक की मौत

**जागरण मोर्चा कार्यालय, चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र गांव अल्लीपुर बुजुर्ग में ग्रामीण अभियंता अभिनियंत्रण विभाग बहजोई के कार चालक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव मऊ अस्सू निवासी राहुल 28 पुत्र पप्पू सिंह ग्रामीण अभियंता अभिनियंत्रण विभाग बहजोई में कार चालक के पद पर कार्यरत है। राहुल कंपनी के एई के साथ मंगलवार की रात लखनऊ से आया था। बुधवार की सुबह 10 बजे अपने कार्यालय चला गया। जहां 2 घंटे बाद वह कार लेकर थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर बुजुर्ग के पास पहुंचा। जहां कार चालक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई।

## किसानों को सरकार की ओर से बिजली बिल में मिलनी चाहिए छूट

जागरण मोर्चा कार्यालय



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने समस्या के समाधान को लेकर एसडीएम आशुतोष तिवारी ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा संगठन के पदाधिकारियों ने तहसील गेट पर प्रदर्शन किया। संगठन का कहना है कि किसानों को बिजली आपूर्ति की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। विद्युत विभाग द्वारा किसानों पर क्षमता से अधिक बिल भेज रहा है। जिससे किसान आए दिन परेशान है। इसका समाधान कराया जाए।

सरकार द्वारा किसानों को बिजली विभाग से छूट मिल रही है वह छूट विद्युत विभाग के अधिकारी नहीं दे रहे हैं। न्यायहित में किसानों को छूट मिलनी चाहिए। किसानों के एलपीजी गैस समय से नहीं मिल पा रही है और किसान गैस एजेंसियों के बार-बार चक्कर लगा रहे हैं। गैस गोदाम प्रबंधक किसानों से अभद्रता का व्यवहार कर उन्हें भगा देते हैं और दूसरों को गैस दी जा रही है। इस कालाबाजारी को बंद किया जाए। किसानों को आलू का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। इस कारण किसान अपनी आलू की फसल को लेकर काफी परेशान है। आलू के उचित दाम व मुआवजा सरकार द्वारा दिया जाए। किसानों की खतौनी और आधार कार्ड के नाम में संशोधन होने पर किसानों की फार्म रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। किसानों की फार्म रजिस्ट्री की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। ज्ञापन देने वालों में कुलदीप चौधरी, विकास शर्मा, नेम सिंह, गजेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, वीरपाल, आशक अली, हाशिम अली, नीतू चौधरी, बबलू, रतन सिंह, साबिर अली, रतन सिंह, हसमत, प्रेमपाल सिंह, संजीव सिंह, कल्यान सिंह, चंद्रपाल आदि मौजूद रहे।

एक नजर

### बाइक और टेंपो की भीषण भिड़ंत, तीन युवक गंभीर रूप से घायल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र मे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बुधवार की देर रात अतरासी मार्ग पर गांव करनपुर के पास हादसा उस समय हुआ जब विपरीत दिशा से आ रहे एक टेंपो और बाइक की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। सड़क हादसे में बाबन खेड़ी निवासी तीन दोस्त अरमान, फैजान और सनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गए, तीनों दोस्त देर शाम बाइक से किसी काम के सिलसिले में नगर की ओर आ रहे थे। तभी सामने से आ रहे टेंपो से उनकी टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवकों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है, हालांकि पुलिस के अनुसार अभी तक मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है।

# चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन की गई मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना, सुबह से ही मंदिरों में लगी भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन भक्तों द्वारा मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया, वहीं माता रानी की पूजा अर्चना के लिए प्रातः से ही नगर के मंदिरों में भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर पुलिस वाले तैनात रहा।

गुरुवार को चैत्र नवरात्र का आगाज हो गया। इस अवसर पर देवी प्रतिमा का विशेष शृंगार किया गया। पहले दिन मंदिरों पर मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। भोर से ही नगर के शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, माईजी महाराज का मंदिर व अन्य मंदिरों में भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने चुनरी, नारियल, बतासा, पान आदि का भोग लगाकर माता रानी की आराधना की और परिवार की खुशहाली की मन्नत मांगी।





मां चामुंडा मंदिर पर पूजा अर्चना करते भक्त। -जागरण मोर्चा

वहीं घरों पर भी श्रद्धालुओं ने सुबह माता की पूजा के दौरान उन्हें लौंग, सुपारी, कपूर, बताशे, गुग्गल, कमल गट्टा आदि की आहुति दी और उपवास रखा। वहीं नगर के मां चामुंडा मंदिर पर पूजा अर्चना के लिए भारी भीड़ रही। मंदिर प्रांगण से लेकर बाहर तक श्रद्धालुओं की लाइन लग गई। लाइन में लगकर अपनी बारी आने पर देवी भक्तों ने विधिविधान से माता की पूजा अर्चना कर उन्हें चुनरी, बिछुएं, लौंग, सुपारी चढ़ाकर उनकी आराधना की। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर मंदिरों पर पुलिस बल तैनात रहा और नगर पालिका द्वारा नगर स्थित प्रत्येक मंदिर पर विशेष सफाई व्यवस्था कराई गई है।

## दुर्गा महोत्सव में प्रभु श्री राम की शोभा यात्रा ने मन मोहा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला :** चैत्रीय नवरात्र के उपलक्ष्य में नगर के प्राचीन चामुंडा मंदिर से 251 कलश व श्री राम शोभा यात्र का भव्य आयोजन किया गया। बता दें कि गुरुवार से 12वें श्री श्री सार्वजनिक चैत्रीय नवरात्रि दुर्गा महोत्सव का शुभारंभ हो गया। यह महोत्सव 28 मार्च शनिवार को समाप्त होगा। प्रतिदिन रात के नौ बजे से मुहल्ला मायापुरी स्थित प्राचीन चामुंडा मंदिर में कलाकारों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। गुरुवार को पहले दिन चामुंडा मंदिर से पूर्वान्ह 11 बजे 251 महिलाओं ने कलश यात्र और श्री राम शोभा यात्र निकाली। शोभायात्र में मां दुर्गे, राधा कृष्ण आदि की झांकियां शोभायमान रहीं। शोभायात्र नगर के प्रमुख मार्गों पर घूमकर चामुंडा मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्र का नेतृत्व कमेटी के प्रबंधक डॉ-सुमेर चंद ने किया। वहीं रात के समय आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पहले दिन कलाकारों द्वारा महाकाली, पंचमुखी काली, राक्षक आदि की झांकिया प्रस्तुति रही। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष विचित्र भाटी, चन्द्रपाल सिंह पाल, भाजपा मंडलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह पाल, रजनीश प्रजापति, दीपक कक्कड़, रोहताश सिंह, उत्तम सिंह प्रजापति, प्रदीप वर्मा, नवीन गर्ग, महिपाल चौहान मौजूद रहे। शोभायात्र में सुरक्षा के द्रष्टिगत प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पर्याप्त मात्र में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



सनातन जागरण यात्रा में शामिल लोग। -जागरण मोर्चा

## नवरात्रि से पूर्व सनातन जागरण मंच ने नगर में निकाली जागरूक यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** चैत्र नवरात्र प्रारंभ होने से पूर्व संध्या पर सनातन जागरण मंच के द्वारा नगर में सनातन जागरण यात्रा निकालकर सनातन धर्म के अनुयायियों को जागरुक करते हुए अपने घर पर भगवा ध्वज फहराने की अपील की।

सनातन धर्म के अनुसार चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन से ही हिंदू नव वर्ष प्रारंभ होता है, इसी के अवसर पर बुधवार की देर शाम सनातन जागरण मंच के द्वारा नगर में एक सनातन जागरण यात्रा का आयोजन किया गया, यात्रा अमरोहा बस स्टैंड से प्रारंभ होकर राजपूत कॉलोनी अंबेडकर पार्क वर्मा मार्केट इंदिरा चौक पंसारा बाजार जनकपुरी घास मंडी होते हुए रहरा बस स्टैंड चौराहे पर पहुंचकर संपन्न हुई। सनातन जागरण यात्रा के दौरान पदाधिकारी द्वारा सनातन धर्म के अनुयायियों से अपील की कि हमारा हिंदू नव वर्ष चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन से प्रारंभ है अतः हमें इस नंबर को मनाना चाहिए और इसी के साथ उन्होंने कहा कि प्रत्येक हिंदू को अपने घर की छत पर भगवा ध्वज अवश्य फहराना चाहिए। सनातन जागरण यात्रा का नगर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

यात्रा में कुलदीप अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, अनुज शर्मा, सीमा यादव, विभोर अग्रवाल, राहुल, विमल अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, रमेश गुप्ता, अनुपम त्यागी, मोहित अग्रवाल, विनोद कुमार सक्सेना, दिनेश अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ईद की तैयारियों से गुलजार हुए बाजार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** माह-ए-रमजान के अंतिम दौर के साथ ही नगर के बाजारों में ईद की रौनक दिखाई देने लगी है। नगर के मुख्य बाजारों में कपड़ों, जूतों और खान-पान की दुकानों पर सुबह से देर रात तक खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। खासकर महिलाएं और बच्चे ईद की तैयारी को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। कपड़ा व्यापार के क्षेत्र में इस बार मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। कपड़ा व्यापारी नईम अहमद का कहना है कि हालांकि दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही है, लेकिन पिछले वर्षों के मुकाबले इस बार खरीदारी में वह पहले जैसी चमक कम दिखाई दे रही है। वहीं, मोहम्मद दानिश ने भी चर्चा के दौरान बताया कि हर वर्ष ईद के



ईद पर खरीदारी करते लोग। -जागरण मोर्चा

मौके पर बाजार में जो जबरदस्त तेजी रहती थी, उसमें इस बार थोड़ी कमी महसूस की जा रही है।दूसरी ओर, खान-पान और रसोई के सामान की बिक्री में तेजी बनी हुई है। पंसारा व्यापारी साकेत अग्रवाल के अनुसार, सेवइयों, मेवों और अन्य खाद्य सामग्रियों की खरीदारी अच्छी हो रही है। हालांकि, उनका भी मानना है कि महंगाई के बढ़ते असर के कारण लोग बजट को ध्यान में रखकर ही खरीदारी कर रहे हैं।बाजार की स्थिति पर रामवीर सिंह और दिनेश अग्रवाल ने भी विचार साझा किए। उनका कहना है कि महंगाई एक बड़ा कारक है, जिसके चलते मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति पर असर पड़ा है, फिर भी त्योहार का उत्साह कम नहीं हुआ है। महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों और चूड़ियों की दुकानों पर अपनी पसंद के सामान चुनती नजर आ रही हैं। प्रशासन ने भी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## रसोई गैस किल्लत को लेकर राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



ईद पर खरीदारी करते लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के द्वारा पांच दिन से गैस किल्लत को लेकर गुरुवार को उपजिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इससे पूर्व 16 मार्च को एक ज्ञापन सौपा गया था। जिसका आज तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। शासन व प्रशासन के द्वारा झूठे दावे किए जा रहे हैं की गैस की कोई कमी नहीं है, वही जनप्रतिनिधि भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। अगर समस्या का समाधान 22 मार्च तक नहीं किया जाता है तो उच्च अधिकारियों एवं मुख्यमंत्री के यहां शिकायत की जाएगी व 23 मार्च को प्रदर्शन के बाद रोड जाम किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव, मनोज गोयल, टेकचंद सिंह राणा, नरेंद्र कुमार यादव एडवोकेट, प्रमोद कुमार शर्मा, गोविंद कौशिक, राजीव सक्सेना, रामेश्वर सरन एडवोकेट, नेपाल यादव, सपना प्रजापति, कविता सैनी, वेद प्रकाश यादव, प्रवीन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## उधार के पैसे मांगने पर भाई-भाभी को मारपीट कर किया लहूलुहान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में उधार के रुपयों को लेकर उपजे विवाद में छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई और भाभी पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अगरौला कला में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में छोटे भाई ने बड़े भाइयों भाभी को मारपीट का बुरी तरह घायल कर दिया। पीड़ित हारून ने बताया उसके छोटे भाई ने कुछ समय पूर्व जमीन बेची थी, जिस पर हारून के 35 हजार रुपये उधार थे। गुरुवार सुबह जब





घायल दंपति। -जागरण मोर्चा

हारून अपने पैसे मांगने पहुंचा, तो आरोपी भाई आगबबूला हो गया। आरोप है कि छोटे भाई ने हारून पर 'तबल' से हमला कर दिया। पति को बचाने दौड़ी पत्नी गुलशन पर भी लोहे की वस्तु से वार कर उसे भी बुरी तरह घायल कर दिया गया।परिजन घायल दंपत्ति को लेकर कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को तत्काल सीएचसी भेजा, जहाँ से उन्हें गंभीर हालत में हायर सेंटर भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि मारपीट की तहरीर मिली है; मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदूषण फ़ैलाने वाली इकाइयों पर की जाए कड़ी कारवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा का धरना 89 वें दिन भी जारी रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने बताया कि दो महीने पहले जिला प्रशासन द्वारा औद्योगिक इकाइयों के विरूद्ध जांच पड़ताल के लिए कमेटी बनाई थी, मगर अभी तक उस कमेटी द्वारा क्या कार्रवाई की गयी है, उसका कुछ पता नहीं है।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाईयों के प्रदूषण से हर कोई त्रस्त है। अधिकारियों को जिम्मेदार औद्योगिक इकाईयों के विरूद्ध कार्यवाही तो करनी पड़ेगी यदि एक हफ्ते के अंदर कार्यवाही नहीं की गई। नरेश चौधरी ने कहा कि किसान जहरीला पानी पीकर हर रोज गंभीर बीमारियों के शिकार होकर अपनी जान गंवा रहे हैं। गजरौला क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों को पलायन करने और आत्मदाह करने को मजबूर न किया जाए। जिन सरकारी विभागों के अधिकारी अब तक ऐसे कारखानों के साथ हम साज होकर गजरौला क्षेत्र के पानी को जहरीला बनवाते रहे हैं, उन अधिकारियों के विरुद्ध और औद्योगिक इकाइयों के विरूद्ध कार्रवाई होने धरना जारी रहेगा। किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर मौजूद रहे प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, मंडलाध्यक्ष एहसान अली, प्रकाश सैनी, होमपाल सिंह, गंगाराम सिंह,ओम प्रकाश सिंह, प्रेम सिंह, पृथ्वी सिंह, सुखराम सिंह, रामप्रसाद सिंह, नूरजहां, मुसर्रत, चन्दमुखी देवी, दयावती देवी, कृष्णा देवी, मुन्नी देवी आदि किसान मौजूद रहे।

## सनातन नव वर्ष पर हुआ गोष्ठी का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** गुरुवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम सकरौली स्थित शिवमन्दिर परिसर में राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ताओं की गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धूमधाम से सनातन नव वर्ष, वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धर्म स्थलों से जुड़ने,राष्ट्र सेवा और नशा मुक्ति का भी संकल्प लिया गया।

इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और भारी संख्या में ग्रामीणों ने शिरकत की। समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में जातिवाद दूर करके भाईचारे को बढ़ावा देना और भारतीय संस्कृति के मूल मूल्यों को पुनर्जीवित करते हुए सूने पड़े धर्म स्थलों पर नियमित पूजा साधना उपासना शुरू करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा



गोष्ठी में उपस्थित कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

ने अपने संबोधन में सर्व प्रथम उपस्थित क्षेत्र वासियों को सनातन नव वर्ष, वर्ष प्रतिपदा,नवसंवत्सर 2083 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन केवल कलेंडर बदलने का दिन नहीं है बल्कि यह प्रकृति के नए सृजन का उत्सव है इस समय मौसम सुहाना होता है पेड़ो पर नई पत्तियां आती हैं । यह अवसर हमें नागरिक कर्तव्यों, राष्ट्र की एकता और जातिवाद आदि भेदभावों को दूर करके अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है।

इस अवसर पर उपस्थित शांतिकुंज हरिद्वार के परिवराजक सतीश कुमार त्यागी ने उपस्थित युवाओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में बिना साधना उपासना अपनाए जीवन में शान्ति संभव नहीं है।उन्होंने समाज से अपील की कि वे नशे जैसी कुरीतियों को त्यागकर स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें।कार्यक्रम की अध्यक्षता समरपाल सिंह एवं संचालन हरिराज सिंह ने किया। इस अवसर पर मोनू अग्रवाल, मुकेश सिंह, हरचरन सिंह, नेपाल, रामकुंवर, कुंवर पाल, फूल सिंह, सचिन, अंकुर, महेश खड़गवंशी, अजय पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस व पालिका कर्मियों के साथ की सड़क की सफाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कैथल मार्ग पर सड़क किनारे डाले गए मेडिकल ट्यूब सड़क पर आने से फिसल हो गई। जिससे उधर से गुजर रहे दोपहिया वाहन फिसल कर गिरने शुरू हो गई। शिकायत पुलिस व नगर पालिका की टीम पहुंच गई और यातायात रोक सड़क के सफाई के बाद यातायात आरंभ किया गया। इसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी। चन्दौसी से कैथल जाने वाले मार्ग पर गुरुवार की दोपहर किसी ने सैकड़ों की संख्या में सड़क किनारे मेडिकल एक्सपायर ट्यूट सड़क पर डाल दिए और मौके से रफूचक्कर हो गया। बच्चों व जानवरों के कारण वह ट्यूब सड़क पर गए। वाहन गुजरने से ट्यूब फट गए लिक्विड सड़क पर आने से फिसलने हो गई।



कैथल मार्ग पर सड़क पर सफाई करता पुलिसकर्मी व सफाई कर्मी।

उधर से गुजरने वाले दोपहिया वाहन फिसलकर सड़क पर गिरने आरंभ हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस व नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने यातायात बंद करा दिया और पुलिस ने नगर पालिका की टीम के साथ सड़क पर फैले ट्यूब के लिक्विड को साफ किया। इसके बाद यातायात आरंभ कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी सड़क किनारे कई बार ट्यूब डाले जा रहे हैं। अब पुलिस ट्यूब डालने वाले व्यक्ति की खोजबीन में जुटी है।

## नई सोच, नई दिशा: आंबेडकर जयंती 2026 को लेकर बड़ी योजना तैयार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** विचारों से परिवर्तन आता है और परिवर्तन से समाज का पुनर्जन्म होता है इसी भाव के साथ डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रेरणा से डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति 2026 की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस वर्ष मनाई जाने वाली आंबेडकर जयंती के लिए विस्तृत रूपरेखा और योजनाओं पर गहन चर्चा हुई।

इस बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और युवाओं ने भाग लिया, जहाँ आंबेडकर जयंती के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा और योजनाओं का खाका तैयार किया गया।वर्तमान समिति को लगातार दूसरे वर्ष आंबेडकर जयंती के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई



डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की हुई बैठक। -जागरण मोर्चा

है। समिति अध्यक्ष चंचल सागर ने इसे विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक बताते हुए कहा कि इस बार का आयोजन पहले से अधिक प्रभावशाली और ऐतिहासिक बनाया जाएगा, ताकि यह आने वाले वर्षों के लिए एक नया मानक स्थापित कर सके।समिति ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2026 की आंबेडकर जयंती को केवल एक परंपरागत कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए, इसे सामाजिक जागरूकता, शिक्षा और समानता के एक व्यापक आंदोलन के रूप में विकसित किया जाएगा। इस बार का आयोजन वैचारिक गहराई, सामाजिक भागीदारी और आधुनिक दृष्टिकोण के साथ किया जाएगा। वहीं अंबेडकर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने अपने विचार रखते हुए कहा, "आंबेडकर जयंती केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन का समय है। हमें उनके विचारों को व्यवहार में उतारना होगा, तभी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।" बैठक में यह भी तय किया गया कि जयंती के अवसर पर विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवाओं और महिलाओं की विशेष भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही डिजिटल माध्यमों के जरिए भी व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।जब विचार जीवित रहते हैं, तब समाज कभी मृत नहीं होता। इसी विश्वास के साथ इस वर्ष की आंबेडकर जयंती को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी अपने चरम पर है।

## पुलिस ने दबोचे दो आरोपी

**जागरण मोर्चा कार्यालय, बबराला।** थाना क्षेत्र के गांव पंवारी में डीजे बंद कराने को लेकर पुलिस टीम पर पथराव व लाठी डंडों से हमला किया गया था। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने 29 आरोपियों में से 4 को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। बता दे कि बुधवार को बबराला पुलिस ने विशंभर व ऋषिपाल निवासीगण पंवारी को नूरपुर तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जबकि गुरुवार को आरोपी योगेश उर्फ अऊआ व देवव्रत निवासी पंवारी को पुलिस ने मंडी समिति से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जबकि अन्य की तलाश में पुलिस जुटी है।

## रायसत्ती वाली माता मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** होली के बाद हर गुरुवार को सुभाष रोड स्थित रायसत्ती वाली माता के मंदिर पर माता की जात लगाई जाती है। इसी को लेकर दूसरे गुरुवार को भी नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं अपने बच्चों और परिजनों के साथ मंदिर पहुंचीं और माता के दर्शन कर जात लगाई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में लगे मेले का भी लुफ्त लिया।

सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। जिस पर भोर से ही मंदिर परिसर में भारी भीड़ हो गई और मंदिर से सड़क तक लाइन लग गई। काफी देर तक महिलाओं को लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। महिलाओं ने वर्षों से



रायस्ती देवी मंदिर पर पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

चली आ रही परंपरा का पालन करते हुए सबसे पहले विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद सभी ने अपने घर से लाया हुआ भोजन परिवार के साथ प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। पूजा-अर्चना के बाद बच्चों और महिलाओं ने मेले का आनंद लिया। मंदिर परिसर में लगी दुकानों पर जमकर खरीदारी की गई, जिससे मेले का माहौल और भी रौनकभरा हो गया। पूरे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धा, उल्लास और परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला।

## सम्पादकीय

# विदेश से निवेश लाने में सक्रिय प्रदेश

निवेश प्रोत्साहन, सांस्कृतिक कूटनीति एवं तकनीकी सहयोग के माध्यम से पैराडिप्लोमेसी आर्थिक वृद्धि, क्षेत्रीय विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में अहम योगदान दे रही है।

राज्यों में आर्थिक विकास को लेकर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक शुभ संकेत बनकर उभरी है। पहले यह होड़ मुख्य रूप से पश्चिमी एवं दक्षिणी राज्यों में ही दिखती थी, लेकिन एक समय बीमारू राज्यों में गिना जाने वाला उत्तर प्रदेश भी अब इस मुकाबले में मजबूती से उभरा है। बीते दिनों विश्व आर्थिक मंच के दावोस सम्मेलन में निवेशकों के समक्ष कई राज्यों के प्रतिनिधिमंडल वहां पहुंचे। इनमें एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश का भी था।

इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना कर रहे थे। दावोस में उत्तर प्रदेश सरकार का फोकस राज्य को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना था। ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता यही रेखांकित करती है कि देश के सबसे बड़े प्रदेश में निवेश की बयार को तेज करने के लिए कोई कोर-कसर शेष नहीं छोड़ी जा रही है।

इस संदर्भ में बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सिंगापुर और जापान यात्रा उल्लेखनीय रही और अब उसके कुछ अनुकूल परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इन दौरों से राज्य में निवेश अनुबंधों, औद्योगिक साझेदारियों और सांस्कृतिक संवर्धन की नई राहें खुल रही हैं। इस दौरान सिंगापुर और जापान की कंपनियों के साथ करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर बात आगे बढ़ी है। अगर अन्य विदेशी निवेश प्रस्तावों को जोड़ लिया जाए तो यह आंकड़ा करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये तक जाता है। इन प्रयासों से प्रदेश के एक ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर की आर्थिकी बनने के लक्ष्य पूर्ति में मदद मिलेगी।

वाहन, इलेक्ट्रानिक्स, लाजिस्टिक्स, हरित ऊर्जा, कृषि मशीनरी, फिनटेक और अत्याधुनिक विनिर्माण के क्षेत्र में जापानी कंपनियों की महारत किसी से छिपी नहीं है। ऐसी कई कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में अपनी गतिविधियों को विस्तार देने में रुचि दिखाई है। इस क्रम में विशेष रूप से क्युबोटा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रानिक्स इंडस्ट्री और नागाजी एंड कंपनीज प्रदेश के औद्योगिक विकास और तकनीकी हस्तांतरण के लिए आगे आई हैं। राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक क्लस्टर्स, लाजिस्टिक्स पार्क, डाटा सेंटर और विनिर्माण इकाइयां भी आकार लेती दिखेंगी। औद्योगिक परियोजनाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर के स्तर भी गति और तेज होगी। चूंकि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने के साथ शहरीकरण भी तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए उस दिशा में भी पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। इस सिलसिले में सिंगापुर के सहयोग से नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निकट एक अत्याधुनिक टाउनशिप विकसित करने की योजना पर बात आगे बढ़ी है। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर एक लाजिस्टिक्स पार्क तैयार किया जाएगा। नोएडा के आसपास एक हाइपरस्केल डाटा सेंटर बनाने की भी तैयारी है। इन सभी परियोजनाओं से प्रदेश के बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार के साथ ही रोजगार सृजन का दायरा भी बढ़ेगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में एक डेडिकेटेड 'जापान सिटी' का प्रस्ताव भी राज्य में जापानी निवेश को एक छत्र प्रदान कर राज्य की प्रगति में अहम योगदान देगा। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को औद्योगिक स्वरूप देने के प्रयास भी रंग ला रहे हैं। राज्य सरकार की 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के माध्यम से प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे दुनिया उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प और कारीगरी से परिचित हो रही है।

वैसे तो विदेश नीति मूल रूप से राष्ट्रीय महत्व का विषय होता है और केंद्र या संघ की सरकारें ही उसका संचालन सभालती हैं, लेकिन पैराडिप्लोमेसी यानी उपराष्ट्रीयता से ओतप्रोत कूटनीति के अंतर्गत प्रांतीय-प्रादेशिक सरकारें भी अपनी प्रगति के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रियता दिखाती हैं।

# ऐतिहासिक घटनाएं

- 1972 - भारत और बांग्लादेश के बीच में मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किया।
- 1982 - ब्रिटेन एवं बेटिकन में 400 वर्षों के अंतराल के बाद राजनयिक संबंध स्थापित।
- 1996 - बोस्निया हर्जेगोविना की राजधानी सरायेवो का पुन: एकीकरण।
- 1999 - यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष जैकस सांटर का अपने पद से इस्तीफ़ा।
- 2001 - तालिबान द्वारा 100 गायों की बलि, ब्रिटेन के उच्च सदन ने संगीतकार नदीम के प्रत्यर्पण का प्रस्ताव ठुकराया।
- 2004 - अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन में पहली बार चीन पर मुकदमा ठोका।
- 2005 - पाकिस्तान ने शाहीन-।। प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया।
- 2007 - पाकिस्तान की मुख्तारन माई को यूरोपीय परिषद का मानवाधिकार सम्मान प्रदान किया गया।
- 2008 - डोनकुपर रॉय ने मेघालय के नये मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने सबरजीत की फांसी 30 अप्रैल, 2008 तक रोकी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार पर बने नये मसौदे को भारत सहित अधिकतर देशों ने खारिज किया।
- 2009 - डालर के मुक़ाबले में रुपया 93 पैसे की लम्बी छलांग लगाकर तीन सप्ताह के उच्चतर स्तर पर पहुँचा।

## 19 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1911 - अगरचन्द नाहटा, जैन साहित्य के विशेषज्ञ तथा अनुसन्धानपूर्ण लेखक थे।
- 1943 - योगेश (गीतकार) - प्रसिद्ध भारतीय गीतकार और लेखक थे।
- 1954 - इंदु शाहानी, भारतीय शिक्षाविद।
- 1955 - दोरजी खांडू - अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे।
- 1953 - माधुरी बड़थ्वाल - उत्तराखंड के लोक संगीत से जुड़ी प्रसिद्ध लोक गायिका हैं।
- 1984 - तनुश्री दत्ता, भारतीय अभिनेत्री।
- 1884 - नारायण भास्कर खरे - मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मख्यमंत्री।
- 1876 - जॉन मार्शल - 1902 से 1928 तक भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग के महानिदेशक थे।
- 1939- जगदीप - हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध हास्य कलाकार।

## 19 मार्च को हुए निधन

- 1890 - पण्डित गुरुदत्त विद्यार्थी - स्वामी दयानन्द सरस्वती के शिष्य तथा आर्य समाज के पाँच प्रमुख नेताओं में से एक।
- 1978 - एम. ए. अय्यंगार, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष।
- 1982 - जे. बी. कृपलानी - प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी और राजनीतिज्ञ।

## विशेष आलेख

# युद्ध की आड़ में नरसंहार: अफगानिस्तान पर हमले का सच।



-सुनील कुमार महला

**वास्तव में, अस्पताल वह स्थान होता है जहां जीवन बचाया जाता है, न कि छीन लिया जाता है। वहां मौजूद डॉक्टर, मरीज, उनके परिजन और कर्मचारी किसी युद्ध का हिस्सा नहीं थे, इसलिए यह पूरी तरह से एक अमानवीय कृत्य ही कहा जा सकता है।**

हाल ही में पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच 16 मार्च 2026, सोमवार रात को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हवाई हमला कर एक नया विवाद और टकराव का मोर्चा खोल दिया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह हमला मानवता पर एक बेहद क्रूर वार के रूप में देखा जा रहा है, जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। मीडिया में आई खबरों से पता चला है कि काबुल के एक नशामुक्ति केंद्र पर हुए इस हमले में 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई है, जबकि 250 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह हमला एक बड़े अस्पताल पर किया गया, जिसमें लगभग 2000 बिस्तरों की सुविधा थी और उस समय 1000 से अधिक मरीज वहां इलाज करा रहे थे। हमला रात करीब 9 बजे हुआ, जब अधिकतर मरीज सो चुके थे या सोने की तैयारी में थे। इस हमले में मारे गए लोगों में ज्यादातर मरीज और नशामुक्ति केंद्र के कर्मचारी शामिल थे। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि यह इंसानियत पर सीधा हमला है। वास्तव में, अस्पताल वह स्थान होता है जहां जीवन बचाया जाता है, न कि छीन लिया जाता है। वहां मौजूद डॉक्टर, मरीज, उनके परिजन और कर्मचारी किसी युद्ध का हिस्सा नहीं थे, इसलिए यह पूरी तरह से एक अमानवीय कृत्य ही कहा जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों के अनुसार अस्पतालों और नागरिक ठिकानों पर हमला करना युद्ध अपराध माना जाता है। जिनेवा कन्वेंशन भी स्पष्ट रूप से यह कहता है कि जीवन रक्षक ढांचों(अस्पताल) और मेडिकल स्टाफ को हर हाल में सुरक्षित रखा जाना चाहिए। ऐसे हमले न केवल कानूनी रूप से गलत हैं, बल्कि नैतिक रूप से भी पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वर्ष 2022 के बाद से यूक्रेन में ही विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं पर 2881 हमले हो चुके हैं। यह स्थिति बताती है कि दुनिया में अब न तो नियमों का डर रह गया है और न ही नैतिकता की चिंता। पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट में केवल अस्पताल ही नहीं, बल्कि पानी और तेल के ठिकानों को भी लगातार निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे में पानी, तेल और गैस की कमी विश्व के विभिन्न देशों में लगातार महसूस भी की जा रही है। वास्तव में यह हमला पाकिस्तान की दोगली नीति को उजागर करता है-एक ओर वह शांति की बात करता है और दूसरी ओर हिंसा।पाठक जानते हैं कि पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवाद को बढ़ावा देता रहा है और अपनी आंतरिक समस्याओं को छिपाने के लिए सीमापार हिंसा का सहारा लेता है।

हाल फिलहाल, हमारे देश भारत ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे नरसंहार बताया है। वास्तव में पाकिस्तान का काबुल में हमला, अफगानिस्तान की संप्रभुता पर सीधा हमला ही कहा जा सकता है। पाकिस्तान के काबुल में इस हमले के बाद अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय से लगातार यह मांग की जा रही है कि पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराया जाए और उस पर कड़े आर्थिक और कूटनीतिक प्रतिबंध लगाए जाएं। लेकिन यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि संयुक्त राष्ट्र और कई शक्तिशाली देश ऐसे मामलों में अक्सर चुप रहते हैं। यहां सवाल यह उठता है कि क्या उन्हें एकजुट होकर ऐसे हमलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? सच तो यह है कि केवल निंदा से काम नहीं चलेगा, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ठोस व सख्त से सख्त कदम उठाने होंगे।इसी बीच, पाकिस्तान का यह दावा है कि उसने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था, लेकिन यह दावा संदेह के घेरे में है और इसे अपनी गलती छिपाने की कोशिश माना जा रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि यह पहली घटना नहीं है। पाठकों को बताता चलूं कि पिछले वर्ष भी पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष के दौरान हिंसा हुई थी। इतना ही नहीं, दुनिया के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह की अनेक घटनाएं सामने आई हैं। गौरतलब है कि दक्षिण लेबनान में एक मेडिकल सेंटर पर हमले में 12 स्वास्थ्यकर्मियों की मौत हुई थी। लेबनान के अनुसार, इस संघर्ष में अब तक 37 चिकित्सा केंद्रों पर हमले हो चुके हैं और 31 स्वास्थ्यकर्मी मारे गए हैं। वास्तव में यह स्थिति मानवीय संकट की गंभीरता को दर्शाती है और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहे गहरे प्रभाव को उजागर करती है। इसी तरह ईरान पर हमले के दौरान एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से लगभग 170 लोगों की मौत हुई, जिनमें अधिकतर बच्चे थे।

इन घटनाओं से स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों का प्रभाव आज लगातार कम होता जा रहा है और दुनिया में ताकत ही सबसे बड़ा आधार बनती जा रही है। इसलिए यह बहुत ही जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय मिलकर निष्पक्ष जांच करे और दोषियों को सजा दिलाए। इस हमले के बाद अफगानिस्तान में गहरा आक्रोश है और तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने पाकिस्तान के साथ बातचीत बंद करने की घोषणा कर दी है, जिससे संकेत मिलता है कि आगे और तनाव बढ़ सकता है। सैन्य दृष्टि से देखा जाए तो पाकिस्तान के पास मजबूत वायु सेना है, जबकि अफगानिस्तान अपेक्षाकृत कमजोर है। अफगानिस्तान के पास मिसाइलें तो हैं, लेकिन लड़ाकू विमान नहीं हैं। यह स्थिति दिखाती है कि किसी भी देश के लिए अपनी रक्षा व्यवस्था मजबूत रखना कितना जरूरी है, क्योंकि युद्ध केवल इरादों से नहीं, बल्कि तैयारी से लड़े जाते हैं। दोनों देशों(पाकिस्तान-अफगानिस्तान) के बीच तनाव नया नहीं है। 27 फरवरी को भी पाकिस्तानी हमलों में अफगानिस्तान के 22 ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इन घटनाओं के बाद दोनों पक्षों में लगातार हिंसा जारी है। सीमा विवाद और आतंकियों की आवाजाही भी तनाव का बड़ा कारण है। चीन, जो दोनों देशों से संबंध रखता है, ने 12 मार्च को संयम बरतने की अपील की थी, लेकिन इसका असर दिखाई नहीं दिया। अब फिर से शांति की अपील की जा रही है, लेकिन हालात को देखते हुए तनाव कम होता नहीं दिख रहा।

भारत के विदेश मंत्रालय ने इस हमले को बर्बर और अमानवीय बताया है और पाकिस्तान पर आरोप लगाया है कि वह नरसंहार को सैन्य कार्रवाई का रूप देने की कोशिश कर रहा है। सच यही है कि कोई भी धर्म, कानून या नैतिकता अस्पतालों और मासूम लोगों पर हमले को सही नहीं ठहरा सकती। विडंबना यह भी है कि जिस देश पर आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोप लगते रहे हैं, वही अब दूसरों पर आरोप लगा रहा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि क्षेत्र में शांति चाहिए, तो आतंकवाद की जड़ों को समाप्त करना ही एकमात्र समाधान है।

अंत में यही कहा जा सकता है कि यह हमला न केवल दो देशों के बीच तनाव को बढ़ाएगा, बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और मानवता के लिए खतरा बन सकता है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर ठोस और निष्पक्ष कार्रवाई की सख्त आवश्यकता है।

***ये लेखक के अपने निजी विचार हैं।***

# सनातन नववर्ष का स्वागत केवल मानव ही नहीं पूरी प्रकृति करती हैं



संजय खाबिया

सनातन नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हैं। इस अवसर पर नववर्ष का स्वागत केवल मानव ही नहीं पूरी प्रकृति कर रही होती हैं। ऋतुराज वसंत प्रकृति को अपने आगोश में ले चुके होते हैं, पेड़ों की टहनियां नई पत्तियों के साथ इठला रही होती हैं, पौधे फूलों से लदे इतरा रहे होते हैं। खेत सरसों के पीले फूलों की चादर से ढंके होते हैं। किसलयों का प्रस्फुटन, नवचैतन्य, नवोत्थान, नवजीवन का प्रारंभ मधुमास के रूप में प्रकृति नया श्रृंगार करती हैं। कोयल की कूक वातावरण में अमृत घोल रही होती है। मानो दुल्हन सी सजी धरती पर कोयल की मधुर वाणी शहनाई सा रस घोलकर नवरात्रि में मां के धरती पर आगमन की प्रतीक्षा कर रही हो।

सनातन नववर्ष पूर्णत: वैज्ञानिक, शाश्वत और तथ्य पर आधारित हैं। इस तिथि का अपने शास्त्र में विशेष महत्व हैं। इस तिथि से ब्रह्मा ने सृष्टि निर्माण प्रारंभ किया था। ब्रह्म पुराण में वर्णन हैं चैत्रे मासी जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमे अहनि। शुक्ल पक्षे समग्रेतु सदा सूर्योदये सति। अर्थात ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना चैत्र मास के प्रथम दिन, प्रथम सूर्योदय होने पर की। इस शुक्ल प्रतिपदा को सुदी भी कहा जाता हैं। इस दिन से ही नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र यानि वासंतिक नवरात्र का प्रारंभ होता है। इसमें सनातन समाज शक्ति की उपासना हेतु भक्ति में लीन होता है।

राजा विक्रमादित्य द्वारा परकीय विदेशी आक्रमणकारी शको से भारत को मुक्त करा कर नए विक्रमी संवत का प्रारंभ किया। महर्षि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की त्रेतायुग में प्रभु रामचंद्र जी ने राक्षसी आतंक का नाश और अधर्म पर धर्म की विजय प्राप्त कर रामराज्य की स्थापना की और इस तिथि को ही उनका राज्याभिषेक हुआ।

महाभारत के धर्म युद्ध में सत्य की विजय हुई और द्वापरयुग में इसी दिन युधिष्ठिर का राज्याभिषेक और युधिष्ठिर संवत का प्रारंभ हुआ और ग्रह और नक्षत्र में भी परिवर्तन होता है। वर्ष प्रतिपदा के दिन ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ। संघ की शाखाओं में आद्य सरसंघचालक प्रणाम दिया जाता हैं। भगवान गौर और गणेश की पूजा भी इसी दिन से तीन दिनों तक राजस्थान में की जाती है। सनातन नववर्ष को महाराष्ट्र, कोंकण और गोवा के क्षेत्र में गुड़ी पड़वा, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना में उगादी, राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र में थापना एवं सिंधी क्षेत्र में चेती चांद और जम्मू -कश्मीर में नवरेह नाम से मनाया जाता है। सनातन वैदिक धर्म में नवरत्रि के पर्व का विशेष महत्व होता हैं। नवरात्रि पर लगातार 9 दिनों तक देवी दुर्गा के 9 अलग-अलग स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा उपासना की जाती हैं।

**प्राचीन संवत :** विक्रम संवत से पूर्व 6676 ईसवी पूर्व से शुरू हुए प्राचीन सप्तर्षि संवत को हिंदुओं का सबसे प्राचीन संवत माना जाता है, जिसकी विधिवत शुरुआत 3076 ईसवी पूर्व हुई मानी जाती है। सप्तर्षि के बाद नंबर आता है कृष्ण के जन्म की तिथि से कृष्ण कैलेंडर का फिर कलियुग संवत का। कलियुग के प्रारंभ के साथ कलियुग संवत की 3102 ईसवी पूर्व में शुरुआत हुई थी।

**विक्रम संवत :** इसे नव संवत्सर भी कहते हैं। संवत्सर के पाँच प्रकार हैं सौर, चंद्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास। विक्रम संवत में सभी का समावेश है। इस विक्रम संवत की शुरुआत 57 ईसवी पूर्व में हुई। इसको शुरू करने वाले सम्राट विक्रमादित्य थे इसीलिए उनके नाम पर ही इस संवत का नाम है। इसके बाद 78 ईसवी में शक संवत का आरम्भ हुआ।

*ये लेखक के अपने निजी विचार हैं।*

## लघुकथा

# अच्छा कौन

एक ट्रेन में चार यात्री यात्रा कर रहे थे । उनमें एक बंगाली, एक तमिल, एक एंग्लो-इंडियन तथा एक हिंदी भाषी था । वे लोग अपनी- अपनी भाषा पर बात कर रहे थे ।

बंगाली महोदय बोले, '' बांग्ला सबसे मीठी भाषा है । इसने भारतीय साहित्य को अत्यंत उच्चकोटि के साहित्य से समृद्ध किया है ।''

तमिल- भाषी महोदय बोले, '' तमिल भाषा बहुत प्राचीन है । इसका साहित्य बहुत

उच्चकोटि का है । इसका प्रादुभाव तब हुआ था, जब आर्य-भाषा निम्न स्तर में थी ।''

एंग्लो-इंडियन महोदय भला कैसे चुप रहते, वह बोले, '' अंग्रेज़ी



सबसे अच्छी, सबसे सरल भाषा है। यह लगभग पूरे विश्व में बोली एवं जानी जाती है। इसका साहित्य अत्यंत समृद्ध है। इसका दूसरी भाषाओं से क्या मुकाबला! ''

अब चौथे यात्री की बारी थी। वह किसी हिंदी-भाषी क्षेत्र के ग्रामीण रहे होंगे, बोले, '' आप लोगों की बातें सही हैं, मगर आप लोग बातें तो हिंदी में कर रहे हैं!''

बाकी तीनों एक-दूसरे का मुंह देखने लगे ।

## हेल्थ टिप्स

# क्यों मनाया जाता है वर्ल्ड स्लीप डे?

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग काम के दबाव, मोबाइल के अधिक इस्तेमाल और मानसिक तनाव के कारण अपनी नींद पर ध्यान नहीं दे पाते। देर रात तक जागना और सुबह जल्दी उठना कई लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है, जिससे शरीर और दिमाग दोनों पर नकारात्मक असर पड़ता है। इसी समस्या के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल मार्च के तीसरे शुक्रवार को दुनिया भर में विश्व नींद दिवस मनाया जाता है। इस साल 13 मार्च को विश्व नींद दिवस (ड्ड्रश्ह्वद्यस्र स्द्यद्दद्गश्च ष्ठड्ड4 2026) मनाया जा रहा है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को यह बताना है कि सही और पूरी नींद शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है। पर्याप्त नींद न लेने से थकान, तनाव, चिड़चिड़ापन और कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में, आइए जानते हैं विश्व नींद दिवस का इतिहास, महत्व और इस साल की थीम के बारे में -

**विश्व नींद दिवस क्यों मनाया जाता है? :** विश्व नींद दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को नींद के महत्व और उससे जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूक करना है। आज के समय में बहुत से लोग काम के दबाव, तनाव और अनियमित दिनचर्या के कारण पूरी नींद नहीं ले पाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग नींद की कमी यानी स्लीप डेप्रिवेशन की समस्या से जूझ रहे हैं। लगातार कम सोने से शरीर पर कई नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं। इससे थकान महसूस होना, चिड़चिड़ापन बढ़ना, इम्यून सिस्टम कमजोर होना और मानसिक तनाव जैसी परेशानियां बढ़ सकती हैं। इसी कारण इस दिन के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया जाता है कि स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए पर्याप्त और अच्छी गुणवत्ता वाली नींद लेना बेहद जरूरी है।

**विश्व नींद दिवस का इतिहास:** विश्व नींद दिवस मनाने की शुरुआत वर्ल्ड स्लीप डे कमेटी ऑफ़ वर्ल्ड स्लीप सोसाइटी (World Sleep Day Committee of World Sleep Society) द्वारा की गई थी। इसे पहली बार 2008 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोग नींद से संबंधित समस्याओं के प्रति जागरुक हों और उन्हें ठीक करने के लिए उचित कदम उठाएं।

विश्व नींद दिवस 2026 की थीम 'अच्छी नींद लें, बेहतर जीवन जिएं' रखी गई है। इस थीम के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि अच्छी और पर्याप्त नींद स्वस्थ जीवन की बुनियाद होती है। दरअसल, अच्छी नींद न केवल शरीर को आराम देती है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर व्यक्ति नियमित और पर्याप्त नींद लेता है तो उसकी कार्यक्षमता बढ़ती है और वह अधिक ऊर्जावान महसूस करता है। इस साल की थीम लोगों को यह समझाने पर जोर देती है कि नींद को किसी विलासिता की चीज नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरी और स्वस्थ आदत के रूप में अपनाया जाना चाहिए। इससे जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो सकती है और कई स्वास्थ्य समस्याओं से भी बचाव किया जा सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन आपकी यश और कीर्ति में वृद्धि करने वाला है। किसी भी काम को जल्दबाजी में करने से बचें और सोच-समझकर निर्णय लें। आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। पार्टनरशिप में किया गया काम आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन कुछ लोग आपकी नीयत को गलत भी समझ सकते हैं।

### वृष

आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी के साथ काम करने का संकेत दे रहा है। परिवार के साथ बिताया गया समय आपको मानसिक खुशी देगा। आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे और जीवन का आनंद लेने की कोशिश करेंगे।

### मिथुन

आज आपको परिवार के वरिष्ठ सदस्यों का पूरा सहयोग मिलेगा, किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय को बहुत सोच-समझकर लें। संतान पर जरूरत से ज्यादा जिम्मेदारी डालने से बचें, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकती है।

### कर्क

आज आपको आय और व्यय के बीच संतुलन बनाए रखने की जरूरत है। आपके कई अधूरे काम पूरे हो सकते हैं और कार्यों की गति भी तेज रहेगी। कोई पुराना सपना पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा।

### सिंह

आज आपको अपने आसपास के विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत है। व्यस्तता के कारण आप कुछ कामों को टालने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन ऐसा करना आगे चलकर परेशानी बढ़ा सकता है।

### कन्या

काम को लेकर मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन खास रहेगा और वे अपने साथी के साथ मधुर और रोमांटिक पल बिताएंगे।

### तुला

धन कमाने के कई अवसर सामने आएंगे और आप उनका पूरा लाभ उठाने की कोशिश करेंगे। परिवार में चल रही किसी पुरानी कलह का समाधान बातचीत के जरिए निकल सकता है।

### वृश्चिक

आज का दिन व्यापार के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। पुराने निवेश से आपको अच्छा लाभ मिल सकता है और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं।

### धनु

आज का दिन सावधानी और सतर्कता से आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में कुछ बातों को लेकर मन में असमंजस बना रह सकता है। यदि आप बैंक से ऋण लेने का विचार कर रहे थे, तो वह भी आपको मिल सकता है।

### मकर

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में पार्टनरशिप आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों को ईमानदारी और लगन से काम करना होगा, जिससे अधिकारी भी उनसे प्रसन्न रहेंगे।

### कुंभ


स्वास्थ्य के प्रति विशेष सजग रहने की जरूरत है। कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी में किए गए कामों में गलती होने की संभावना है, इसलिए धैर्य के साथ काम करें। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाने की कोशिश करेंगे।

### मीन

आज का दिन धन के मामलों में सावधानी बरतने का संकेत दे रहा है। किसी बड़े निवेश से फिलहाल दूरी बनाए रखना ही बेहतर रहेगा, वरना नुकसान उठाना पड़ सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को बिना विशेषज्ञ की सलाह के आगे बढ़ने से बचना चाहिए।

## ग्लेन फिलिप्स का दिखा नया अवतार, क्रिकेटर ने पायलट के रूप में फैंस को चौंकाया


**ऑकलैंड, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स मैदान पर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी, बेहतरीन स्पिन और हैरान करने वाली फील्डिंग के लिए जाने जाते हैं। लेकिन, फिलिप्स सिर्फ मैदान पर ही नहीं बल्कि हवा में भी करतब दिखा सकते हैं। मंगलवार को ऑकलैंड के आकाश में उन्होंने कुछ ऐसा किया जिसे देख दुनियाभर के क्रिकेट फैंस हैरान हैं। ग्लेन फिलिप्स ने मंगलवार को ऑकलैंड के आर्डमोर एयरोड्रोम पर एक लाइट एयरक्राफ्ट को सफलतापूर्वक लैंड कराकर अपनी पायलट क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इसका वीडियो फिलिप्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया। फिलिप्स ने बताया कि वह कमर्शियल पायलट का लाइसेंस लेने की प्रक्रिया में हैं और इसके लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। ऑल-राउंडर ने हाल ही में आर्डमोर फ्लाइंग स्कूल में स्टूडेंट्स और इंस्ट्रक्टर्स से बातचीत भी की। फिलिप्स ने कहा, 'यह मेरा बड़ा पैशन है। अगर मैं क्रिकेट नहीं खेल रहा होता और मेरे पास दुनिया भर का पैसा होता, तो शायद मैं पायलट बनता। मुझे हवा में रहना बहुत पसंद है। पहाड़ों में जाकर अपने शौक पूरे करना और पायलट बनना मेरी प्राथमिकता है। दाएं हाथ से बल्लेबाजी के अलावा बाएं हाथ से बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग में भी सक्षम फिलिप्स का एयरक्राफ्ट के कॉकपिट में भी हाथ आजमाना उनकी जिंदगी के आयामों को प्रदर्शित करता है और यह बताता है कि शायद ऐसा कुछ नहीं, जो फिलिप्स न कर सकें। ग्लेन फिलिप्स जल्द आईपीएल 2026 में दिखेंगे। वह लीग में गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं। फिलिप्स को उनकी क्षमता के मुताबिक आईपीएल में मौके नहीं मिले हैं। देखना होगा आगामी सीजन में जीटी उनका कितना और कैसे इस्तेमाल करती है।



**आईपीएल 2026:**

## विराट कोहली आरसीबी के लिए खिताब डिफेंड करने की चुनौती के साथ बेंगलुरु पहुंचे

**बेंगलुरु एजेंसी।** ।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली आईपीएल 2026 के लिए टीम से जुड़ गए हैं। कोहली बुधवार सुबह बेंगलुरु पहुंचे। टीम मैनेजमेंट, खिलाड़ियों और फैंस को कोहली का बेसब्री से इंतजार था। बेंगलुरु पहुंचने से पहले कोहली लंदन में ही अभ्यास कर रहे थे। कोहली ने अपने अभ्यास की एक तस्वीर भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाली थी जिसे आरसीबी ने अपने आधिकारिक एक्स प्लेटफॉर्म पर शेयर किया था। कोहली के टीम से जुड़ने के बाद अभ्यास सत्र में जोश और तेजी आएगी। आरसीबी आईपीएल 2026 में चैंपियन के रूप में उतरेगी। टीम का मुख्य लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना होगा। आरसीबी ने आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर अपना पहला खिताब जीता था। आरसीबी को चैंपियन बनाने में विराट कोहली का अहम योगदान रहा था। फ्रेंचाइजी के लिए पारी की शुरुआत करने वाले विराट कोहली ने पिछले सीजन में 15 मैचों में 54.75 की औसत और 144.71 की स्ट्राइक रेट से 657 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से 8 अर्धशतक निकले थे। कोहली ने 66 चौके और 19 छक्के भी लगाए थे। आरसीबी को अगर आईपीएल 2026 में अपने खिताब की रक्षा करनी है, तो इसमें विराट कोहली की भूमिका अहम होने वाली है। टीम प्रबंधन शीर्ष क्रम में एक बार फिर उनसे निरंतर बेहतर और प्रभावी प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। हालांकि, विराट कोहली आरसीबी के साथ पहले सीजन से जुड़े हुए हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता रहती है। लगभग हर साल वह टीम की तरफ से शीर्ष स्कोरर रहते हैं। कोहली लीग के इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। उनके नाम सर्वाधिक रन और शतक का रिकॉर्ड है।



कोहली ने 267 मैचों में 8 शतक और 63 अर्धशतक लगाते हुए 8,661 रन बनाए हैं। विराट 2013 से 2021 तक आरसीबी के कप्तान भी रहे हैं। कोहली की कप्तानी में आरसीबी 2016 का फाइनल खेली थी, लेकिन खिताब जीतने में सफल नहीं रही थी। आरसीबी ने पिछले सीजन अपना पहला खिताब रजत पाटीदार की कप्तानी में जीता था। आईपीएल 2026 में भी पाटीदार की कप्तानी और बल्लेबाजी पर आरसीबी फैंस की नजर रहेगी।

**अफ्रीकी फुटबॉल में बवाल**

**2 महीने बाद सेनेगल से छीना AFCON का खिताब**

# हारने वाली टीम बनी चैंपियन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफ्रीकी फुटबॉल में बड़ा विवाद सामने आया है। कन्फेडरेशन ऑफ अफ्रीकन फुटबॉल (सीएएफ) ने अफ्रीकन कप ऑफ नेशंस 2026 के फाइनल का नतीजा पलटते हुए मोरक्को को चैंपियन घोषित कर दिया है। यह फैसला मंगलवार को लिया गया। सीएएफ ने जनवरी में खेले गए विवादित फाइनल में सेनेगल की 1-0 की जीत को पलटकर 3-0 से मोरक्को के पक्ष में कर दिया। सीएएफ की अपील समिति ने कहा कि सेनेगल का मैदान छोड़ना टूर्नामेंट नियमों के आर्टिकल 82 और 84 का उल्लंघन है। इन नियमों के तहत बिना अनुमति मैच छोड़ने वाली टीम को हार मान लिया जाता है। इसी आधार पर मैच का परिणाम बदलते हुए मोरक्को को 3-0 से विजेता घोषित किया गया।

- **सेनेगल फुटबॉल फेडरेशन ने किया विरोध**- इस फैसले पर सेनेगल फुटबॉल फेडरेशन ने कड़ा विरोध जताया है। फेडरेशन के सचिव जनरल अब्दुलाये सेदौ सो ने इसे मजाक बताते हुए कहा कि फैसले का कोई कानूनी आधार नहीं है। सेनेगल इस मामले को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) में ले जाएगा और आखिरी फैसले तक लड़ाई जारी रखेगा।
- **इस फैसले से मोरक्को ने 50 साल बाद जीता अफ्रीकन कप ऑफ नेशंस का खिताब**- इस फैसले के साथ मोरक्को ने 50 साल बाद अपना दूसरा अफ्रीकन कप ऑफ नेशंस खिताब जीत लिया।

**फाइनल में स्टॉपेट टाइम में हुआ था जमकर विवाद**

18 जनवरी को रबात में खेले गए फाइनल के दौरान स्टॉपेज टाइम में भारी विवाद हुआ। सेनेगल ने एक गोल किया, लेकिन रेफरी जीन-जैक्स नडाला ने मोरक्को के बॉक्स में फाउल बताते हुए गोल को रद्द कर दिया। इसके तुरंत बाद मोरक्को को पेनल्टी मिली, जब ब्राहिम डियाज को फाउल किया गया। इस फैसले से नाराज होकर सेनेगल के कोच पेप बौना थियाव ने अपनी टीम को मैदान से बाहर बुला लिया। करीब 20 मिनट बाद कप्तान सादियो माने के समझाने पर टीम वापस लौटी। हालांकि, तनाव बना रहा। पेनल्टी पर डियाज गोल नहीं कर सके, जिसे एडौर्ड मेंडी ने बचा लिया। इसके बाद पापा गुये ने 94वें मिनट में गोल कर सेनेगल को जीत दिलाई थी।

## पहलवान मीनाक्षी गोयत ने किया उलटफेर

**अंतिम पंघाल को हराया**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला पहलवान मीनाक्षी गोयत ने एशियाई चैंपियनशिप के लिए हुए ट्रायल में बड़ा उलटफेर किया। मीनाक्षी ने 53 किग्रा वर्ग में अंतिम पंघाल को हराया और भारतीय टीम में जगह बना ली। पहलवान मीनाक्षी गोयत ने बड़ा उलटफेर करते हुए अंतिम पंघाल को हराकर अगले महीने होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला टीम में जगह बना ली है। दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम को घरेलू मैदान पर हार झेलनी पड़ी। ट्रायल में इससे पहले तीन बार अंतिम से हार चुकी मीनाक्षी ने इस बार मजबूत रक्षात्मक खेल का शानदार प्रदर्शन किया और 6-2 की बढ़त लेने के बाद विन बाय फॉल से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंतिम, दिग्गज विनेश फोगाट के 53 किग्रा वर्ग छोड़ने के बाद इस वर्ग में दबदबा बनाए हुए थीं। मुकाबले के दौरान मीनाक्षी ने कई बार अंतिम के सिर पर मजबूत पकड़ बनाई और उन्हें आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं करने दिया। शुरुआत में अंतिम ने मीनाक्षी के दोनों पैरों को जकड़ने की कोशिश की, लेकिन उनकी यह चाल नाकाम हो गई। अंतिम हार के बाद कुछ समय तक अविश्वास में मैट पर ही पड़ी रहीं, जबकि मीनाक्षी मुस्कुराते हुए उनके पास गईं और हाथ बढ़ाया।

**● रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को किया बाहर**

# आर्सेनल और पीएसजी क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली एजेंसी।** यूरोप के सबसे बड़े क्लब टूर्नामेंट यूईएफए चैंपियंस लीग में मंगलवार को खेले गए मुकाबलों में कई बड़े उलटफेर देखने को मिले। रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया, जबकि आर्सेनल और पेरिस सेंट-जर्मेन ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। रियल मैड्रिड के लिए विनीसियस जूनियर हीरो बनकर उभरे। विनीसियस ने 2 गोल मारते हुए टीम की जीत पक्की की। उन्होंने शुरुआती बढ़त दिलाई और फिर इंजरी टाइम (93वें मिनट) में दूसरा गोल कर मुकाबला खत्म कर दिया। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से एकमात्र गोल एर्लिंग हालैंड ने 41वें मिनट में लगाया। रियल मैड्रिड ने 2-1 से मैच जीता। इस हार के साथ पेप गार्डियोला की टीम लगातार तीसरे सीजन में मैड्रिड के हाथों बाहर हो गई। ब्राजीलियन ने मैड्रिड को उस समय बढ़त दिलाई जब बर्नार्डो सिल्वा को अपने ही बॉक्स के अंदर बॉल हैंडल करते हुए पाया गया। इसका मतलब यह भी था कि होम टीम के खिलाड़ी घटकर 10 रह गए। विनी जूनियर ने सिटी के फैंस से बदला लिया और रोते हुए जश्न मनाया।



जीत के बाद विनीसियस ने कहा, 'पिछली बार जब हम यहां आए थे, तो मैनचेस्टर सिटी के फैंस मेरा मजाक उड़ा रहे थे। मैं सिटी फैंस की बेइज्जती नहीं कर रहा था, लेकिन यह मेरे लिए उन्हें खुद को साबित करने का एक तरीका था। दूसरे मुकाबले में आर्सेनल ने बायर लेवरकुसेन को 2-0 से हराया और कुल स्कोर 3-1 से जीत दर्ज की। एबेरेची एजे ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि डेक्लान राइस ने दूसरा गोल कर जीत सुनिश्चित की। आर्सेनल के एबेरेची एजे ने अपना यूसीएल अकाउंट खोला गनर्स के लिए एक शानदार गोल से मिकेल आर्टेटा की टीम आसानी से क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गई।

बायर लेवरकुसेन ने आर्सेनल के जोरदार शुरुआती स्पेल के बावजूद मजबूती से गोल किया, जिसमें गोलकीपर जेनिस ब्लासविच ने शानदार खेल दिखाया। लेकिन 37वें मिनट में उनकी मुश्किल तब टूट गई जब एजे ने एक शानदार लंबी दूरी से गोल किया, जिससे आर्सेनल को आखिरी-16 के मुश्किल मुकाबले में बढ़त मिल गई।

# केकेआर के तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा को यकीन

**आईपीएल: साउदी के साथ काम करने से स्किल्स होगी बेहतर**

**कोलकाता, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है। तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा हैं, जो नए सीजन से पहले अपने खेल को बेहतर बनाने और अपनी स्किल्स को निखारने पर ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि वह इस सीजन में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयारी कर रहे हैं। अंबाला के 28 वर्षीय खिलाड़ी ने साल 2023 में इस फ्रेंचाइजी के लिए अपना डेब्यू किया था। वैभव अरोड़ा आईपीएल करियर में अब तक 32 मुकाबलों में 36 विकेट हासिल कर चुके हैं। वह आईपीएल 2024 में केकेआर की खिताबी जीत में भी अहम भूमिका निभा चुके हैं।

उस सीजन वैभव ने 10 मुकाबलों में 11 विकेट हासिल किए थे। जैसे-जैसे टीम आगामी सीजन के लिए तैयार हो रही है, अरोड़ा ट्रेनिंग कैंप के दौरान जमकर मेहनत कर रहे हैं और अपनी गेंदबाजी के अलग-अलग पहलुओं को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर, हमारी तैयारी मजबूत है। हम प्रैक्टिस मैच खेल रहे हैं और नेट्स में अपनी गेंदबाजी के अलग-अलग तरीकों को भी निखार रहे हैं। बतौर तेज गेंदबाज आप हमेशा अच्छी तैयारी करना चाहते हैं और अपनी स्किल्स को बेहतर बनाना चाहते हैं, ताकि आप मैच के दौरान उन्हें



असरदार तरीके से इस्तेमाल कर सकें। अरोड़ा खासतौर पर अपने पुराने साथी टिम साउदी के साथ करीब से काम करने के मौके को लेकर उत्साहित हैं। साउदी इस सीजन में फ्रेंचाइजी के साथ गेंदबाजी कोच के तौर पर जुड़े हैं। न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान के पास इस भूमिका के लिए बहुत ज्यादा अनुभव है, जिन्होंने 700 से ज्यादा इंटरनेशनल विकेट लिए हैं। साउदी ने साल 2021 से 2023 के बीच तीन सीजन तक केकेआर का प्रतिनिधित्व भी किया था।

# क्या 2028 ओलंपिक में नहीं खेलेगा इंग्लैंड?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम स्थित प्रतिष्ठित 'वैगेनर स्टेडियम' में एक रोमांचक आधिकारिक ड्रॉ समारोह आयोजित किया गया। यह उन दो स्थानों में से एक है, जहां आगामी विश्व कप के मैच खेले जाएंगे। दूसरा स्थान बेल्जियम के वेव्रे में स्थित बिल्कुल नया 'बेल्फियस हॉकी एरिना' है। ड्रॉ के जरिए एफआईएच हॉकी विश्व कप (बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026) के ग्रुप चरण के लिए पुरुष और महिला वर्गों के आठ पूलों का निर्धारण किया गया। इस ड्रॉ में 16 टीमों को चार-चार के चार ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान के अलावा, पूल डी की अन्य दो टीमें इंग्लैंड और वेल्स हैं। भारत के लिए यह एक कठिन ड्रॉ है, क्योंकि क्वार्टरफाइनल में सीधे जगह बनाने के लिए उसे इंग्लैंड और पाकिस्तान से आगे निकलना होगा, जबकि प्रत्येक ग्रुप में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें टॉप-8 चरण में अपनी जगह पक्की करने के लिए 'क्रॉस-ओवर' मुकाबलों में हिस्सा लेंगी। विमेंस एफआईएच वर्ल्ड कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स में इन्हीं तारीखों पर आयोजित किया जाएगा। भारतीय महिला टीम का मुकाबला एक बार फिर इंग्लैंड से होगा। पूल डी में उनके साथ एशियन चैंपियन चीन और



अफ्रीकन चैंपियन दक्षिण अफ्रीका भी शामिल हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम को कुछ दिन पहले ही तेलंगाना के हैदराबाद में खेले गए एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर के फाइनल में इंग्लैंड के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद टीम दूसरे स्थान पर रही थी। मुख्य टूर्नामेंट में ये दोनों टीमें एक बार फिर आमने-सामने होंगी।

**पुरुष**

- **पूल ए:** नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, जापान (नीदरलैंड्स में खेलेंगे)।
- **पूल बी:** बेल्जियम, जर्मनी, फ्रांस, मलेशिया (बेल्जियम)।
- **पूल सी:** ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, आयरलैंड, साउथ अफ्रीका (बेल्जियम)।
- **पूल डी:** इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान, वेल्स (नीदरलैंड्स)।


**महिला:**

- **पूल ए:** नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रेलिया, चिली, जापान (नीदरलैंड्स में खेलेंगे)।
- **पूल बी:** अर्जेंटीना, जर्मनी, यूएसए, स्कॉटलैंड (बेल्जियम)।
- **पूल सी:** बेल्जियम, स्पेन, न्यूजीलैंड, आयरलैंड (बेल्जियम)।
- **पूल डी:** चीन, इंग्लैंड, भारत, साउथ अफ्रीका (नीदरलैंड्स)।

# बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार; सेंसेक्स 2500 अंक टूटा, निफ्टी 23100 के नीचे

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे




कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में तीन प्रतिशत की ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2,496.89 अंक या 3.26 प्रतिशत गिरकर 74,207.24 पर बंद हुआ। जून 2024 के बाद यह इसकी सबसे बड़ी एक दिवसीय गिरावट है। दिन के दौरान, यह 2,753.18 अंक या 3.58 प्रतिशत गिरकर 73,950.95 पर पहुंचा था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 775.65 अंक या 3.26 प्रतिशत गिरकर 23,002.15 पर बंद हुआ।

बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, गुरुवार को आई बड़ी बिकवाली के बीच बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण करीब 11.5 लाख करोड़ रुपये घटकर करीब 427 लाख करोड़ रुपये रह गया। सेंसेक्स के सारे शेयर हरे निशान पर बंद हुए।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से, इटरनल, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और बजाज फिनसर्व प्रमुख पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतानु चक्रवर्ती द्वारा नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए इस्तीफा देने के बाद बैंक के शेयरों में 5.13 प्रतिशत की गिरावट आई।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। चांदी की कीमत 14230 रुपये गिरकर 2.33 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 5330 रुपये गिरकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच ऊर्जा ढांचे पर हमलों ने वैश्विक बाजारों में चिंता बढ़ा दी है। ईरान के प्रमुख गैस उत्पादन क्षेत्र पर हमले और कतर स्थित दुनिया की सबसे बड़ी एलएनजी उत्पादन सुविधा को निशाना बनाए जाने से ऊर्जा आपूर्ति पर असर की आशंका गहरा गई है।

## सर्राफा बाजार में दिखी गिरावट; चांदी करीब 14000 तक टूटी, सोना 5300 सस्ता

**एजेंसी समाचार**

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। चांदी की कीमत 14230 रुपये गिरकर 2.33 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 5330 रुपये गिरकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (टउ) पर बुलियन बाजार दबाव में नजर आया। मजबूत अमेरिकी डॉलर और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सोना और चांदी दोनों में गिरावट दर्ज की गई। एमसीक्स पर 24 कैरेट सोना 0.57% टूटकर 1,52,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखा, जबकि चांदी 1.21% गिरकर 2,45,197 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिका-ईरान तनाव और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है, जिससे डॉलर मजबूत हुआ और इसका सीधा दबाव सोने-चांदी पर पड़ा।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ताजा मौद्रिक नीति फैसले का भी असर बाजार पर देखने को मिला। फेड ने लगातार दूसरी बैठक में ब्याज दरों को 3.5% से 3.75% के दायरे में स्थिर रखा है। इससे पहले 2025 में सितंबर, अक्तूबर और दिसंबर में 0.25% की कटौती की गई थी। बाजार की नजर फेड चेयर जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों पर भी रही।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कमजोरी देखने को मिली। स्पॉट गोल्ड 1.22% गिरकर 4,836 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि स्पॉट सिल्वर 2.25% से ज्यादा टूटकर 75.75 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा। मार्च महीने में अब तक सोने की कीमतों में करीब 4% और चांदी में लगभग 16% की गिरावट आ चुकी है,

# फूलों से सजाए गए मंदिर, नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

## मंदिरों में पूरे दिन लगी रही श्रद्धालुओं की लाइन, महिलाओं ने गाए लोकगीत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। महिलाएं भी इस दौरान लोकगीत गाती दिखाई दीं। चैत्र नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में तैयारी पूरी कर ली गई थी। कई मंदिरों की रंगाई-पुताई की गई थी। बाजार में दुकानों पर नवरात्र को लेकर लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी थी। नवरात्र गुरुवार से शुरू हो गए हैं।

नवरात्र को लेकर लोगों ने घरों में देवी पूजन के लिए कलश स्थापना आदि की तैयारी की। नवरात्र शुरू होते ही शहर की दुकानों पर खरीदारी करने को लोगों की भीड़ बढ़ रही है। सिद्ध पीठ यशवंतरी देवी मंदिर पर भक्तों की सर्वाधिक भीड़ उमड़ती है। बरेली जिले से भी तमाम भक्त जत्थों में झंडी यात्रा के साथ यहां पहुंचते हैं। तमाम लोग मां पूर्णागिरी के दर्शन के बाद मां यशवंतरी देवी के दर्शन को आते हैं। मंदिरों पर पुलिस की पिकेट हर समय तैनात रही। सफाई के लिए नगर पालिका के कर्मचारी भी प्रतिदिन पहुंचेंगे। पर्व के आते ही शहर के बाजार भी गुलजार हो गए हैं। नवरात्र के दौरान उपयोग में लाई जाने वाली अधिकांशतः वस्तुओं के मूल्यों में बढ़ोतरी हुई है। अब भक्तों को फलों और व्रत के उपयोग में आने वाली सभी वस्तुएं पर मंहगाई की मार झेलनी पड़ेगी। शहर का मां यशवंतरी देवी दूर दूर तक प्रसिद्ध है। वहां के पुजारी राजेश बाजपेई ने बताया कि मां पूर्णागिरी के दर्शन को जो भी भक्त जाते है। वह यादि इस मंदिर पर नहीं आते तो उनकी यात्रा अधूरी मानी जाती है। माना जाता है कि राजा बेन की नौ संतानें थी। जिनमें से मां यशवंतरी देवी ने यहां नकटा दानव का वध किया था। तभी से इस स्थान का नाम मां यशवंतरी देवी पड़ गया। यहां बाहरी जिलों के लोगों का आना जाना रहता है। यहां दो तीन दिन का प्रवास भी करते है। मंदिर पर नवरात्र को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लाइन लगना शुरू हो गई थी।


यशवंतरी मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु

### मनोकामना पूरी करती है मां महामातेश्वरी देवी

शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में से मां महामातेश्वरी देवी का मंदिर भी लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। इस मंदिर का निर्माण काली के उपासक व रानीखेत निवासी पंडित नरोत्तम जोशी ने वर्ष 1969 में इसकी स्थापना कराई। यहां नवरात्र के पूरे नौ दिन लोगों के भीड़ जमा रहती है। पर्व के सिलसिले में सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पुजारी भूपेंद्र कुमार जोशी ने बताया नवरात्र के पर्व में मंदिर में सबसे ज्यादा भीड़ रहती है। इसलिए नवरात्र आने के पहले से ही तैयारियां तेज कर दी जाती है। मंदिर पर पर्व को लेकर हर तरह की तैयारी को पूरा कर लिया गया है।

### महिलाओं ने गाए लोक गीत

नवरात्र के पहले दिन महिलाओं ने माँ शैलपुत्री की आराधना में भक्तिभाव से भजन, कीर्तन और 'छद' (पारंपरिक लोक गीत) गाए। इस दिन शक्ति, स्थिरता और नई शुरूआत के प्रतीक स्वरूप देवी शैलपुत्री की पूजा की जाती है, जो हिमालय की पुत्री के रूप में जानी जाती हैं। मंदिरों और घरों में गूंजते इन भजनों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

वैसे तो सभी दिन मातारानी के ही हैं पर नवरात्रों का अलग ही महत्व है।


(अनीता शर्मा)

सुबह से ही मन्दिरों में भीड़ बढ़ने लगी थी, इस दौरान मंदिरों में व्यवस्थाएं भी अच्छी रही।


(ऋचा अग्रवाल)

मातारानी की आराधना करने में एक अलग ही सुख मिलता है, नवरात्र में तो वैसे ही अलग उत्साह होता है।


(शिखा मित्तल)

दो दिन पहले से ही नवरात्र की तैयारियों में जुट गए थे, सुबह जल्दी उठकर मंदिर की सफाई और फिर पूजा की।


(तन्वी अग्रवाल)

**शाम को मंदिर में लोकगीत गाए गए, नवरात्र के चलते फलों के दाम भी बढ़ गए हैं। देवी पूजन के लिए कलश स्थापना आदि की तैयारी की, खरीदारी करने को लोगों की भीड़ बढ़ रही है।**
(मेघा अरोरा)



# व्यापारियों की एकजुटता का दिया संदेश, नए कार्यकताओं ने ली शपथ


व्यापारमंडल के कार्यक्रम में माला से मुख्यातिथि का स्वागत करते व्यापारी

- **व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह सकुशल संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने सभी नए कार्यकताओं को शपथ ग्रहण कराई और जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता राजेंद्र गुप्ता, प्रदेश महामंत्री और राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड सदस्य, भारत सरकार ने व्यापारियों को एक जुटता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं को बधाई, जिन्होंने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया और अपनी शक्ति का एहसास कराया। इस अवसर पर पीलीभीत प्रतिभा सम्मान प्रियंका यादव जी, व्यापारी केसरी सम्मान राधा रमन अग्रवाल, अशोक शर्मा, श्याम कुमार देवल, गुरदीप सिंह, नंद लाल मेहरबानी, राज किशोर देवव्रत शर्मा, राजकुमार गजवानी, आशु अग्रवाल को दिया गया। शपथ ग्रहण करने वाली इकाइयों में जिला इकाई, नगर पीलीभीत इकाई, नगर गजरौला इकाई, नगर पकड़िया नौगंवा इकाई, युवा जिला इकाई, युवा नगर इकाई शामिल थीं।

संचालन जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल और पीयूष अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर मंच पर प्रदेश संयुक्त महामंत्री राजेश जसोरिया, प्रदेश मंत्री अनुज पाण्डेय, प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार गुप्ता, मंडल प्रभारी समित अग्रवाल, अंजनी गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष डालचंद सक्सेना, मंडल मंत्री रतननाथ मिश्रा, नगर अध्यक्ष रवि शर्मा, गजरौला अध्यक्ष विजय गुप्ता, नौगंवा अध्यक्ष राहुल शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष नितेंद्र नाथ मिश्रा उपस्थित रहे।

# स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक से दिया जागरूकता का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 06 से 20 मार्च 2026 तक आयोजित स्वच्छता आधारित नुक्कड़ नाटक उत्सव के अंतर्गत प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अम्बर कल्चरल सोसाइटी, ग्राम जटपुरा (तहसील पूरनपुर) के कलाकारों ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक सुन्दर धरती-सुन्दर कल का मंचन किया। नाटक का लेखन आदित्य अशुईन आर्या तथा निर्देशन आकाश चन्द्र तिवारी ने किया। प्रस्तुति में कलाकार अमित कुमार मिश्रा, रचित शुक्ला, परमजीत राज, राही त्रिपाठी और दाऊदयाल ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। वहीं फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का दायित्व निहाल त्रिवेदी, युवांश शुक्ला और नीशू मिश्रा ने निभाया। संगीत में ढोलक पर विक्की देवल तथा प्रस्तुति प्रबंधन में शुभम तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने आमजन को स्वच्छता अपनाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम को दर्शकों ने सराहा और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।



स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक करते सांस्कृतिक केंद्र के कलाकार

# जादूगर बादशाह के जादू से जादूमय होने को तैयार बांसुरी नगरी

- **आज से शुरू होगा जादू की दुनिया का अनोखा अंदाज**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बांसुरी नगरी जादूमय होने के लिए तैयार हैं। क्योंकि भारत के जादूगर बादशाह न केवल एक कलाकार हैं बल्कि जादुई कला और डिजिटल भ्रमों के रचयिता भी हैं। उनके आविष्कारों का प्रदर्शन दुनिया भर के 7000 से अधिक जादूगरों द्वारा किया जाता हैं। जिनमें अमेरिकाज गॉट टैलेंट, इंडियाज गॉट टैलेंट के प्रतिभागी भी शामिल हैं। अब जिले के दर्शकों को जादूगर बादशाह को मंच पर लाइव परफॉर्मेंस करते हुए देखने का दुर्लभ अवसर मिलेगा जहां वे लुभावने, भ्रम, मन को झकझोर देने वाले मानसिक जादू और भविष्य के डिजिटल जादू का प्रदर्शन करेंगे। वह पहली बार जिले में अपने हुनर का जलवा बिखेरने के लिए आ रहे हैं। इस शो के दौरान वह भव्य मंच भ्रम, और मानसिक जादू के करतब से सभी को हैरान कर देंगे। मंच पर गॉडजिला, गोरिल्ला और डायनासोर की लाइव प्रस्तुति होगी। इस भव्य शो का शुभारंभ आज शाम 7 बजे जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर की उपस्थिति में होगा। प्रत्येक दिन 2 घंटे के दो शो शाम 4 बजे और 7 बजे से आयोजित किए जाएंगे। रविवार को 3 शो का आयोजन होगा जिसमें एक शो दोपहर को 1 बजे से होगा। प्रेस वार्ता के दौरान जादूगर बादशाह ने कहा कि मेरा जादू पारंपरिक जादू नहीं बल्कि आधुनिक जादू है। इस दौरान साइन, दिमाग को पढ़ना, आधुनिक जादू सभी तरह की प्रस्तुति होगी। जादूगर ने बताया मै अपने शो के माध्यम से लोगों को जागरूक का संदेश भी देता हूं जैसे बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ, साइबर अपराध से जागरूकता आदि।



प्रेसवार्ता करते जादूगर बादशाह

## संगठन की मजबूती के लिए सपा ने सौंपी जिम्मेदारी

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी में संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में नई जिम्मेदारियों का ऐलान किया गया। बरखेड़ा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रमेश राजा बाबू को उनकी सक्रियता, निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी का विशेष कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। इसके साथ ही शहर के सक्रिय नेता गुरविंदर सिंह गिल को नगराध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष ने कहा इन नियुक्तियों से यह स्पष्ट होता है कि समाजवादी पार्टी जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त करने और कर्मठ कार्यकताओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में इन फैसलों का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा और पार्टी को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। इस दौरान सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, शहर पीलीभीत विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी,जिला सचिव पटेल एवं सपा अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट,संदीप सक्सेना दिनेश कुमार वर्मा ने बधाई एवं मुबारकबाद दी।

# पुष्प वर्षा से हिन्दू महासभा ने किया पथ संचलन का स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गुरुवार को हिन्दू नववर्ष एवं नवरात्रि के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा आयोजित पथ संचलन का अखिल भारत हिन्दू महासभा ने सुनगढ़ी थाने पर भव्य स्वागत किया। जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों ने आरएसएस के स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन देश में राष्ट्रीय एकता और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों संगठनों का उद्देश्य राष्ट्र सेवा और सनातन मूल्यों की रक्षा करना है। पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रभक्ति गीतों और हिन्दू एकता के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने समाज में सद्भाव, एकता और राष्ट्र निर्माण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, हरिओम मिश्रा, जितेंद्र मौर्य, पवन मिश्रा, अभय शर्मा, चेतन श्रीवास्तव, कृष्णा साहनी, नगर अध्यक्ष बीसलपुर सुनील अवस्थी, नगर सचिव बीसलपुर राम प्रताप मिश्रा, आकाश कोहली, राहुल राठौर, हनी कश्यप, प्रकाश अग्निहोत्री, राहुल देव, अनिल कुमार, सर्वेश कश्यप, प्रमोद कश्यप, विशाल अग्रवाल, धीरज मिश्रा, ललित भारती, शशिकांत तिवारी, महेश श्रीवास्तव, दीपक रस्तोगी, राहुल मिश्रा, अर्जुन ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


पथ संचलन पर पुष्प वर्षा करते हिन्दू महासभा के कार्यकर्ता

# मिशकात फातिमा बनी प्रेरणा रोजों के साथ दी परीक्षाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जहां बड़े लोग भी रमजान में रोजों के साथ दिनचर्या संभालने में थक जाते हैं, वहीं 7 वर्षीय मिशकात फातिमा ने अपने हौसले से सभी को प्रभावित किया है। नदीम बरकाती की बेटी मिशकात ने पूरे रमजान में रोजे रखकर एक मिसाल पेश की।

खास बात यह रही कि इसी दौरान उसके स्कूल के एग्जाम भी चल रहे थे। रोजे की हालत में भी उसने पूरी लगन से पढ़ाई की और सभी परीक्षाएं आत्मविश्वास के साथ दीं। परिजनों के अनुसार, मिशकात ने रोजे रखने के साथ हर पेपर की तैयारी भी मेहनत से की। वह नियमित रूप से कोचिंग भी जाती रही और अपनी पढ़ाई जारी रखी। सुबह से शाम तक रोजे के बावजूद उसका उत्साह देखने लायक था। क्षेत्र में उसकी इस लगन की काफी सराहना हो रही है। परिवार का कहना है कि मिशकात शुरू से ही पढ़ाई और धार्मिक कार्यों में रुचि रखती है। उसने खुद रोजे रखने की इच्छा जताई और पूरे महीने बिना दबाव के उन्हें पूरा किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, इतनी कम उम्र में उसका अनुशासन और समर्पण अन्य बच्चों के लिए प्रेरणादायक है। मिशकात ने साबित कर दिया कि मजबूत इरादों के आगे उम्र मायने नहीं रखती।


मिशकात फातिमा







# 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को निःशुल्क लगाया जाएगा एचपीवी का टीकाः डीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग एवं दस्तक अभियान की तैयारियों की प्रथम अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी आलोक शर्मा द्वारा बताया गया कि जनपद में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दिनांक 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान का सफल संचालन किया जायेगा। जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ पंचायती राज, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास विभाग, नगर विकास आदि द्वारा कार्ययोजना बनाकर सम्पूर्ण माह में अपने-अपने विभागों के माइक्रोप्लान के अनुसार संचारी रोगों के प्रभारी नियंत्रण हेतु की जाने वाली कार्यवाहियां की जायेगी। अभियान के अन्तर्गत निम्न सहयोगी विभागों द्वारा निर्धारित कार्ययोजना अनुसार कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी- पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामों मे नालियों की सफाई, जल भराव समाप्त करने, उथले हैण्ड पम्पों का चिन्हिकरण, इण्डिया मार्का-2 हैण्ड पम्पों की मरम्मत, झाडियों की कटाई इत्यादि का कार्य किया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक विद्यालय में नोडल अध्यापक नामित कर प्रतिदिन प्रार्थना सभा में बच्चों को संचारी रोगों एवं उनसे बचाव हेतु जानकारी दी जाएगी साथ ही संचारी रोगों के प्रति बच्चों में जागरूकता का प्रसार हो इस हेतु पोस्टर प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा ग्रामों में ग्रामवासियों की गोष्ठियॉ आयोजित कर चूहा एवं छछूदर आदि के नियंत्रण हेतु उनका संवेदीकरण किया जाएगा। पशुपालन विभाग द्वारा सूकर पालकों के संवेदीकरण हेतु गोष्ठियॉ आयोजित की जाएगी और उन्हे सूकर वाडों को साफ-सुथरा रखने, नियमित रूप से कीटनाशकों के छिडकाव एवं वाडों को महीन जालियों से ढकने हेतु प्रेरित किया जाएगा। बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाडी कार्यकत्रियों के माध्यम से कुपोषित बच्चों का चिन्हिकरण कर अति कुपोषित बच्चों के एनआरसी को संदर्भित किया जाएगा। नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों द्वारा अपने अधीन आने वाले नगरीय क्षेत्रों में नियमित रूप से नालियों की सफाई एवं कूडा निस्तारण के साथ-साथ रोस्टर बनाकर सभी वार्डो, मोहल्लों में लावार्नाशक स्प्रे एवं फॉगिंग की गतिविधियॉ संचालित की जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद की सभी सीएचसी पर सोमवार से 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव का टीका) निःशुल्क लगाया जाएगा, उन्होंने कहा कि टीका लगवाने हेतु आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षिक प्रमाणपत्र अवश्य लेकर आएं। 10 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले दस्तक अभियान में आशा कार्यकत्रियों द्वारा प्रत्येक घर पर जाकर घर वालों को संचारी रोग के वारे में बताने के साथ-साथ घर के अन्दर जाकर यह निरीक्षण किया जाएगा कि घर में कहीं भी टूटे-फूटे सामानों अथवा अन्य अनुपयोगी पात्रों में जल-भराव न हो और यदि ऐसा मिलता है तो तत्काल गृहस्वामी के समक्ष उसे खाली कराया जाएगा और यह बताया जाएगा कि ऐसे पात्रों में ही डेंगू अथवा मलेरिया के लार्वा पनपते है। इसके अतिरिक्त दस्तक अभियान के दौरान आशा द्वारा घर-घर जाकर बुखार, खासी-जुकाम, टीबी, फाइलेरिया आदि रोगियों की सूची तैयार कर सीएचसी पर प्रेषित की जाएगी और ऐसे रोगियों की सीएचसी पर जॉच कर उन्हे उपचार प्रदान किया जाएगा। अभियान के दौरान हीट रिलेटेड इलनेसेज से बचाव हेतु भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर शीतल एवं शुद्व पेयजल की व्यवस्था, गर्मी से बचाव हेतु शेलटर्स की व्यवस्था, मौसम के पूवार्नुमान व तापमान का डिस्प्ले, विद्यालयों में तथा जनमानस में हीटवेव से बचाव हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।


गांधी सभागार में बैठक में मौजूद अधिकारी

# गर्मी से राहत के लिए शहर में लगेगा वाटर मिस्ट सिस्टम

## डीएम की बैठक, बाढ़ से पहले पूरी तैयारी के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बाढ़ से पहले तैयारियों और भीषण गर्मी (हीट-वेव) से निपटने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें अधिकारियों को आम जनता की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में ह्लशून्य जनहानिह्व लक्ष्य होना चाहिए। इसके लिए सभी विभाग अभी से अलर्ट रहें। उन्होंने बाढ़ चैकियों, राहत शिविरों, नावों और गोताखोरों की सूची तुरंत अपडेट करने को कहा। साथ ही राहत सामग्री और उपकरणों की खरीद प्रक्रिया समय से पूरी करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग को संवेदनशील गौशालाओं की पहचान कर बाढ़ के समय पशुओं के लिए सुरक्षित स्थान पहले से तय करने को कहा गया। बैठक में ह्यसिटी हीट एक्शन प्लानह्ल के फाइनल ड्राफ्ट की भी समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि शहर और गांवों में प्रमुख स्थानों पर ठंडे पानी, वाटर कूलर और शेल्टर की व्यवस्था की जाए। भीषण गर्मी से राहत के लिए हथौड़ा चैराहे पर पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ह्यवाटर मिस्ट सिस्टमह्ल लगाया जाएगा, जिससे राहगीरों को तुरंत ठंडक मिल सके। लू से बचाव के लिए बैनर, पोस्टर और सोशल मीडिया के जरिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीडीओ, नगर आयुक्त, एडीएम, एसपी सिटी समेत सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**मिजार्पुर-शाहजहांपुर।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़ माता रानी के जयकारों के साथ की गई माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना।डोली पर सवार होकर पधारी माता रानी भक्तों के घरों में देगी आशीर्वाद। चैत्र नवरात्र शुरू हो गए इस बार माता रानी डोली पर सवार हो कर अपने भक्तो के घरो में पधार है।नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में मां के भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी कस्बा स्थित काली मंदिर,दुर्गा मंदिर सहित सभी मंदिरों पर नव दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। तथा व्रत धारियों ने अपने-अपने घरों में माता रानी की कलश के रूप में स्थापना व माता की चैकी लगा कर विधि-विधान से उपासना शुरू की।पंडित चंद्रमोहन शंखधर ने बताया कि इस बार कोई तिथि क्षय नही होने के कारण पूर्ण नवरात्र का पावन संयोग बन रहा है जिससे माता के भक्तों को पूर्ण नों दिन माता की कृपा प्राप्त करने के लिए शुभ अवसर प्राप्त होगा तथा नवरात्र शुभ योग में प्रारंभ होने से भक्तों को माता रानी की विशेष कृपा प्राप्त होगी।वही नो दिन उपरांत व्रत परायण के साथ माता रानी अपने भक्तों के घरों से हाथी की सवारी से प्रस्थान करेंगी।

# 1 से 10 अप्रैल तक इन्यूमरेटर ट्रेनिंग अनिवार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय




**शाहजहांपुर।** जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन चार्ज अधिकारियों को महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने जनगणना के पहले चरण, यानी मकान सूचीकरण और मकानों की गणना से जुड़ी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी।

अधिकारियों को उनके दायित्व, कार्यप्रणाली और तकनीकी पहलुओं के बारे में भी समझाया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनगणना से जुड़े सभी कार्य समय पर, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि एचएलबी (हाउस लिस्टिंग) का कार्य 25 मार्च तक हर हाल में पूरा किया जाए और सभी क्षेत्रों का पहले से निरीक्षण कर सीमांकन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इन्यूमरेटरों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि 1 से 10 अप्रैल के बीच प्रशिक्षण पूरा किया जाए। हर बैच में 50 कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा और प्रत्येक बैच के लिए दो फील्ड ट्रेनर तैनात होंगे। साथ ही, प्रशिक्षण से पहले सभी इन्यूमरेटरों के नियुक्ति पत्र तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। यह भी स्पष्ट किया गया कि एक इन्यूमरेटर को दो वार्डों में तैनात नहीं किया जाएगा, ताकि कार्य व्यवस्थित और त्रुटिरहित तरीके से पूरा हो सके। बैठक में बताया गया कि जनगणना से जुड़े सभी अधिकारियों की यूजर आईडी सीएमएमएस पोर्टल पर बनाई जाएगी और ड्यूटी से लेकर कार्य आवंटन तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। प्रशिक्षण के लिए टेस्ट साइट भी तैयार की गई है, जबकि वास्तविक कार्य पोर्टल पर किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं जिला गणना अधिकारी अरविंद की मौजूदगी में सभी चार्ज अधिकारियों को जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

# ईद पर विशेष: जो हमारा चाँद दिख जाए...हमारी ईद हो जाए

- महीने भर रोजा रखने के बाद मनाते हैं ईद का त्योहार

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिलसंडा में चांद का दीदार करने के लिए आसमान में निहारती हुई महिलाएं

**बिलसंडा।** ईद-उल-फितर इस्लाम धर्म का एक अहम त्योहार है।इसे ईद या रमजान ईद के नाम से जाना जाता है।यह त्योहार रमजान के पाक महीने के अंत का प्रतीक माना जाता है।इसी दिन रोजे समाप्त हो जाते हैं। रमजान महीने के दौरान मुस्लिम समाज के लोग सुबह से शाम तक पूरे माह उपवास (रोजा) रखते हैं,पवित्र कुरआन पढ़कर अल्लाह की इबादत करते हैं।साथ ही अपने वतन के अमन चैन एवं तरक्की की अल्लाह से दुआ करते हैं।सुबह पढ़ी जाने वाली खास नमाज को तराबी कहते हैं।इस्लाम के अनुसार इस पाक महीने में सबसे ज्यादा दान पुण्य किये जाने चाहिए और हो सक तो बदी से दूर रहकर अल्लाह का एहतराम करें।

इस्लामिक कैलेंडर में रमजान साल का नौवां महीना है और दसवां महीना शव्वाल है।इसी महीने के पहले दिन दुनिया भर में ईद-उल-फितर का जश्न मनाया जाता है।मुसलमानों के लिए यह त्योहार रमजान के महीने भर के उपवास (रोजे) के अंत का प्रतीक है,जिसके दौरान मुसलमान सूर्योदय से सूर्यास्त तक खाने-पीने से परहेज करते हैं।इस बार यूएई,सऊदी अरब,ब्रिटेन,फ्रांस में बृहस्पतिवार को चाँद का दीदार न होने से ईद का त्योहार शनिवार को मुकम्मल किया गया है।

हर बार रमजान के अंतिम दिन ईद मनाते हैं।इस बार 19 फरवरी से रमजान प्रारंभ हुए थे।इस्लामिक कैलेंडर हिजरी के मुताबिक एक महीना 29 या 30 दिन का होता है।इस साल रमजान के 30 दिन पूरे होने के बाद भी बृहस्पतिवार को ईद का चांद नहीं दिखा। 21 मार्च को चाँद के दीदार के बाद ईद मनाई जाएगी।इसलिए इस बार रमजान का महीना पूरे 30 दिन का ही होगा।

# जगह-जगह फूलों से किया गया पथ संचलन का स्वागत, सामाजिक एकजुटता का दिया संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर का वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया गया। हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर पथ संचलन निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। पथ संचलन के दौरान कार्यकताओं ने देशभक्ति के नारे लगाए और हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार ने विक्रमादित्य के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि उनके नाम से आज का दिन मनाया जाता है। उन्होंने डा० केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर भी प्रकाश डाला और उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश और समाज के लिए काम करना चाहिए और हिन्दू संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य समाज को एकजुट करना और राष्ट्र को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि हमें अपने समाज और देश के लिए काम करना चाहिए और हिन्दू नववर्ष को मनाने का सही अर्थ समझना चाहिए। हमें अपने संस्कारों और मूल्यों को अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को हिन्दू संस्कृति और मूल्यों के बारे में बताना चाहिए और उन्हें राष्ट्र के लिए काम करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। पथ संचलन का प्रारंभ संतराम स्कूल से शुरू हुआ उसके बाद सुनगढ़ी थाना चौराहा, गैस चौराहा, बरेली दरवाजा, काला मंदिर, नई बस्ती से होते हुए संतराम स्कूल में समापन किया गया। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों का जगह-जगह फूलों से स्वागत किया गया। इस दौरान पुलिस व्यवस्था भी सुदृढ़ रही। इस अवसर पर जिला प्रचारक दुष्यंत कुमार, जिला कार्यवाह डालचंद वर्मा, नगर संघचालक प्रदीप नवरंग, नगर प्रचारक कुलदीप कुमार, नगर कार्यवाह अरविंद कुमार, गोकुल प्रसाद मौर्य ,स्वतंत्र देवल, जगदीश सक्सेना, अमित गुप्ता, प्रदीप अंकुर, ऋषि कन्नौजिया सहित सैकड़ो स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## बिलसंडा के देवीस्थान मंदिर पर दुर्गा महोत्सव प्रारंभ

**बिलसंडा।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर से नवरात्र व्रतों का आगाज हो गया। प्रथम दिवस श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की व्रत रखकर पूजा अर्चना की। घरों में कलर्स स्थापित किए और मंदिरों में भी मां की आराधना की। धर्म कर्म में हमेशा अग्रणी रहने वाले कस्बे में इस बार भी दुर्गा महोत्सव कार्यक्रम नगर के देवी स्थान मंदिर पर बृहस्पतिवार से प्रारंभ हो गया।जिसको लेकर नवरात्र से पहले ही मां दुर्गा आरती मंडल के पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर में बैठक भी की थी।जबकि संतोषी माता,देवस्थान मंदिर पर पहले दिन भक्तों की भारी भीड़ रही।दुर्गा महोत्सव हमेशा की तरह बृहस्पतिवार को नवरात्र के पहले दिन से प्रति दिन सुबह-शाम घण्टा घड़ियाल बजाकर माता की आरती सबका मन मोह रही है ।आयोजकों ने बताया कि 30 मार्च को नगर देवी पूजा के बाद मंदिर परिसर में ही रात्रि को शाहजहांपुर की जागरण पार्टी द्वारा माता का जगराता होगा।जबकि 31 मार्च को कन्या भोज एवं विशाल भंडारा आयोजित होगा।इसके बाद कन्याओं को अंगवस्त्र एवं दक्षिणा देकर उन्हें विदाई दी जाएगी। कार्यक्रम की व्यवस्था में आयोजक दिलीप जायसवाल,राजीव गुप्ता डब्बल,अनिल गुप्ता,बन्टू जायसवाल,आलोक जायसवाल रिंकू,मनीष कटियार,अमित बाजपेयी मौजूद रहे। आयोजक दिलीप जायसवाल,राजीव गुप्ता डब्बल,अनिल गुप्ता,बन्टू जायसवाल,आलोक जायसवाल रिंकू,मनीष कटियार,अमित बाजपेयी समेत लोगों का सहयोग रहा।

## मोबाइल देने से मना करने पर भतीजे ने चाचा को पीटा

**फतेहगंज पूर्वी।** मोबाइल देने से मना करने पर भतीजे ने चाचा को पीटा कंधे की हड्डी टूटी पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज। थाना क्षेत्र के गांव अंबेडकर नगर उर्फ चमर सुकटिया निवासी मुनेंद्र ने बताया कि वह बीती रात अपने घर की छत पर बैठा मोबाइल चला रहा था कि उसके भतीजे प्रकाश की पत्नी नन्ही देवी ने उस मोबाइल मंगा जब मुनेंद्र ने मोबाइल देने से मना किया तो प्रकाश और उसकी पत्नी नन्ही देवी ने मुनेंद्र को जमकर मारा पीटा जिससे उसके कंधे की हड्डी टूट गई मुनेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि भतीजा और भतीजे की बहू नन्ही देवी उसके मकान पर कब्जा करना चाहते हैं इसलिए वह लोग उसे से जान से मार देना चाहते हैं इन लोगों से उसे जानमाल का खतरा है पुलिस ने मुनेंद्र की तहरीर पर नन्ही देवी व उसके पति प्रकाश के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है थाना प्रभारी ने बताया कि एक व्यक्ति ने अपने भतीजे और उसकी पत्नी के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया है मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच की जा रही है आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज

**खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र के सुआबोझ गांव की कृषि भूमि को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामले में मेरठ निवासी महिला ने अपने ही परिजनों पर जमीन हड़पने, फर्जी रजिस्ट्री कराने, अवैध प्लाटिंग और धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

ग्राम कन्धईपुर मजरा सुआबोझ थाना मैलानी निवासी पीडिता ईना वालिया उर्फ ईना पाल, पत्नी तरुण वालिया, ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वर्ष 1991 में उसके नाम करीब 7 एकड़ 55 डिसमिल कृषि भूमि दर्ज हुई थी। विवाह के बाद वह मेरठ में रहने लगी, जिस कारण भूमि की देखरेख के लिए उसने अपनी भाभी बीना पाल पत्नी अमन पाल को पावर ऑफ अटॉर्नी दी थी। आरोप है कि बाद में भाई अमन पाल पुत्र स्व. कपिल देव के नाम भी पावर ऑफ अटॉर्नी करा ली गई। इसी दौरान परिजनों ने मिलीभगत कर जमीन को अवैध रूप से बेचना शुरू कर दिया।

बताया गया कि बीना पाल और अमन पाल ने अपनी मां तृप्ता कान्ता साहनी पत्नी गोवर्धन नाथ साहनी के नाम करीब 2 एकड़ 55 डिसमिल भूमि मात्र 6.20 लाख रुपये में रजिस्ट्री कर दी। वादिनी के अनुसार, इसके बाद भी आरोपियों ने करीब 4 एकड़ 50 डिसमिल भूमि अपने पुत्र विक्रम आदित्य पाल के नाम लगभग 12 लाख रुपये में रजिस्ट्री करा दी, जबकि उसे इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई और न ही कोई धनराशि दी गई। महिला ने आरोप लगाया कि उसकी जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग कर कई टुकड़ों में बेच दिया गया और खेत की उपजाऊ मिट्टी का गहराई तक खनन करा दिया गया, जिससे भूमि गड्ढों में तब्दील हो गई। कुछ प्लाटों पर निर्माण भी कर लिया गया है। आरोप है कि विरोध करने पर बीना पाल, अमन पाल व अन्य लोगों ने उसके साथ अभद्रता की, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। उसने थाना मैलानी और पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद न्यायालय में प्रार्थना पत्र देने पर एसीजेएम कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने बीना पाल, अमन पाल,

## मंदिरों में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पूर्वी।** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन माता के मंदिरों में उमड़ा आस्था का जन सैलाब। नगर के अलावा समस्त क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन सनातन हिंदू नव वर्ष एवं माता का नवरात्र का पर्व बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है नगर के रामलीला ग्राउंड में स्थित माता शीतला देवी के मंदिर में सुबह से ही व्रत रखने वाली महिलाएं एवं पुरुषों की काफी भीड़ भाड दिखाई दी वहीं घरों में सौभाग्यवती स्त्रियों ने साफ सफाई करने के बाद कलश की स्थापना की और 9 दिन का नवरात्रि का व्रत प्रारंभ किया वहीं नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी की तरफ से नगर के प्रत्येक मंदिरों के बाहर सफेद चूना डालकर नवरात्रि के विशेष पर्व का स्वागत किया गया वहीं नगर वासियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक दूसरों को हिंदू नव वर्ष एवं गुड़ी परवा पर्व एवं नवरात्रि के विशेष पर्व की शुभकामनाएं एक दूसरे को प्रेषित की है।

# इफ्तार में दिखा सियासी रंग, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार को घेरा

- भाईचारे का दिया संदेश, गैस संकट और बेरोजगारी पर उठाए सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहेड़ी।** नगर में आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। वह यहां कांग्रेस नेता सलीम अख़्तर की ओर से आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल होने पहुंचे थे।

अजय राय ने कहा कि कांग्रेस रोजा इफ्तार जैसे आयोजनों के माध्यम से समाज में भाईचारा बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भी लोगों से मिलकर आपसी सौहार्द को मजबूत कर रहे हैं।

गैस संकट पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश में एलपीजी की समस्या बनी हुई है, लेकिन सरकार इसे मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब गैस की कमी नहीं है, तो लोगों को दो-तीन दिन तक लाइन में लगकर सिलेंडर का इंतजार क्यों करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस बुकिंग सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार समाज में भाईचारा तोड़ने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में भ्रष्टाचार और बेरोजगारी चरम पर है, जिससे आम जनता परेशान है।

विदेश नीति पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि ईरान भारत का पुराना मित्र रहा है और कश्मीर मुद्दे पर भी उसने भारत का साथ दिया है। अयातुल्ला अली खामनेई के निधन पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सबसे पहले शोक व्यक्त किया, जबकि प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया काफी देर से आई।

उन्होंने आरोप लगाया कि गैस आपूर्ति में भी राजनीति हो रही है और जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, वहां प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर केंद्र सरकार और मंत्रियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए।

अजय राय ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में जमीनी स्तर पर संघर्ष कर रही है और आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी को बेहतर परिणाम मिलेंगे। इस दौरान उन्होंने बुलडोजर कार्रवाई का भी विरोध जताया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक संजय कपूर, असलम चौधरी सहित कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# भाजपाई कार्यकर्ताओं का फूटा दर्द, नई इकाई के गठन से बगावत शुरू

- जिला टीम में जगह न मिलने से कई कार्यकर्ता नाराज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भाजपा की नवीन जिला इकाई के गठन से कार्यकर्ता नाराज है। कार्यकताओं का दर्द भी अब बाहर निकल कर आ रहा हैं। भाजपाइयों में अंदरूनी बगावत शुरू हो गई हैं।

बीते दिन पूर्व भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने अपनी नई टीम की सूची जारी की हैं। सूची में कई नए चेहरों को शामिल किया गया हैं। सूची जारी होने के बाद से ही सोशल मीडिया से लेकर नुक्कड़ चौराहों तक कार्यकताओं में रोष देखा गया हैं। नई टीम के गठन पर कार्यकताओं की ओर से तरह-तरह के सवाल किए जा रहे हैं। पुराने कार्यकर्ता अपने कार्यों का बखान करते हुए पार्टी के प्रति उनके समर्पण को भी बता रहे हैं। ऐसे में पार्टी के अंदर अंदरूनी बगावत भी तेज हो गई हैं। आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपाइयों की यह बगावत भाजपा के लिए मुश्किल भी बन सकती हैं। कार्यकताओं का कहना है कि वह लोग जो पूर्व सपाई थे जिनके ऊपर आपराधिक मुकदमों का भी लंबा इतिहास है उन्हें तक जिला इकाई में जगह दी गई लेकिन वफादार और समर्पित कार्यकताओं का अपमान किया गया हैं। इसी तरह नामित सदस्यों के चयन पर भी भाजपा की जगह-जगह फजीहत करी गई हैं। कुछ लोगों का तो यह कहना है कि नगर पंचायत के एक ही वार्ड के तीन लोगों को ही नामित सदस्य घोषित किया गया हैं। भाजपाई गुटबाजी तो सभी के सामने जगजाहिर है हि लेकिन पुराने कार्यकताओं को जिला टीम में जगह नहीं देना भाजपा को नुकसान पहुंचा सकती हैं।


आईटी विभाग भाजपा पीली... is with Sanjay Singh Gang... and 20 others.
5h

भारतीय जनता पार्टी की नगर टीम में रहा युवा मोर्चा के लिए काम किया सदस्यता अभियान में जिले का आईटी संयोजक बना कई कार्यक्रमों का संयोजक का लोकसभा का आईटी संयोजक बना.. 2017 से 2026 तक विभिन्न पदों पर काम किया #विद्यार्थी_परिषद में काम किया श्रीमान सुरेश गंगवार जी श्रीमान स्वर्गीय राकेश गुप्ता जी श्रीमान संजीव प्रताप सिंह जी के साथ काम किया उसके बाद भी कार्य करने वालों की अभिलेना की जाती है शीर्ष नेतृत्व से पूछना चाहता हूं भाजपा का पदाधिकारी बनने का #क्राइटेरिया क्या है #निवर्तमान जिला अध्यक्ष जी को अवसर प्राप्त हुआ तब जिला टीम में जगह नहीं मिली #वर्तमान जिला अध्यक्ष जी को टीम बनाने का मौका मिलना की गई तभी मौका नहीं दिया गया .. #जबकि मेरे द्वारा किए गए कार्यों की #तारीफ प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व द्वारा क्षेत्र के शीर्ष में तत्व द्वारा विभिन्न अवसरों पर की गई????? Pankaj Chaudhary Dharampal Singh

भाजपा की आईटी सेल की आईडी से सोशल मीडिया पर पड़ा पोस्ट

पुराने कार्यकताओं की उपेक्षा की गई हैं, समर्पित कार्यकताओं को पूरी तरह से अनदेखा कर दिया गया ऐसे में मन उदास है।



(सूरज वर्मा)

ऐसे ऐसे लोगों को पार्टी में जगह दी गई है जो पहले से सपाई रहे हैं जिनका अपराधिक इतिहास भी है, हम जैसे समर्पित कार्यकर्ता सिर्फ दरी बिछाने और उठाने तक ही सीमित हैं। (सौरभ श्रीवास्तव)



भारतीय जनता पार्टी की नगर टीम में रहा, युवा मोर्चा के लिए काम किया, सदस्यता अभियान में जिले का आईटी संयोजक बना, मौका मिलना चाहिए था फिर भी नहीं दिया गया।



(सुमित गंगवार)

किसी भी कार्यकर्ता को हताश होने की जरूरत नहीं है जिनको भी भाजपा की जिला इकाई में जगह नहीं मिली उन सभी का हिंदू महासभा में स्वागत है, हिन्दू महासभा आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं।(पंडित पंकज शर्मा, जिलाध्यक्ष, हिन्दू महासभा)



आप सभी को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद एवं चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

BHIM JI FILLING STATION
Parvinder Singh
(Sonu)
Eklavya Singh
(Babu)

NH-24, Moradabad-Bareilly Bypass Rampur

DG CLINIC
SKIN, HAIR & LASER
Dr. Sharmishtha Singh
Trico & Cosmetologist (सौन्दर्य विशेषज्ञ)
7599231107

Tatto Remove
Acne Scar
Hair Reduction
Psoriasis
शौकत अली रोड, नियर एक्सिस बैंक, सिविल लाइन्स, रामपुर (244901)

## गैंग लीडर सहित 04 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** पुलिस आयुक्त लखनऊ अमरेन्द्र सिंह सेंगर के निदेर्शानुसार अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल के कुशल पर्यवेक्षण व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त रल्लापल्ली बसंथ कुमार तथा सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज विकास कुमार पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज ब्रजेश कुमार द्वारा गठित टीम द्वारा 4 शातिर गैगेस्टर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

02-घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 08.03.2026 को थाना निगोहा लखनऊ में अभियुक्तगण 1. कमलेश अभिलाष उर्फ अभिलाख 3. बाबूराम 4. रामचन्दर उर्फ छोटू 5. झब्बू उर्फ सेठ 6. बुचऊ प्रधान उर्फ रामजीवन 7. शिब्बू उर्फ विकास 8. सतीश सोनी के विरुद्ध मु0अ0स0 31/2026 धारा-2 (बी) (आई)/2 (बी((शी)/3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द समाजविरोधी क्रिया कलाप निवारण अधि० पंजीकृत हुआ था जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा की जा रही है। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना मोहनलालगंज, नगराम, निगोहा व अन्य थानो पर अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न अभियोग पंजीकृत हुए थे। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना मोहनलालगंज में पुलिस टीम का गठन किया गया था। दिनांक 18.03.2026 को अभियुक्तगण अभियुक्तगण 1. कमलेश 2. अभिलाष उर्फ अभिलाख 3. बाबूराम 4. रामचन्दर उर्फ छोटू को हबुआपुल थाना क्षेत्र गोसाईगंज से समय करीब 21.45 बजे गिरफ्तार किया गया। जिन्हे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

## महिला ने ज्वैलर्स संचालक और उसके परिजनों पर गहने गिरवी रख हड़पने का लगाया आरोप कोर्ट के आदेश पर स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली मे मुकदमा दर्ज

कार्यालय जागरण मोर्चा

**आलमबाग** कृष्णानगर कोतवाली इलाके मे रहने वाली महिला ने एक ज्वैलर्स संचालक सहित उसके परिजनों पर लाखों रुपये के गिरवी रखे गहने हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित मधुवन नगर निवासी प्रियंका सिंह पत्नी अरुण सिंह के अनुसार उसने कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित गीतापल्ली मे ज्योति ज्वैलर्स नामक दुकान मे आर्थिक जरूरत पड़ने पर अलग-अलग तिथियों में अपने सोने-चांदी के जेवर गिरवी रखे थे। आरोप है कि उक्त दुकान संचालिका सौरा देवी और उनके परिजन अंकित सोनी, सूरज सोनी उर्फ रमन, ललित सोनी उर्फ लकी, मीरा देवी, शुभम सोनी व अन्य दुकान का संचालन करते हैं। बीते वर्ष 2023 से 2024 के बीच उन्होंने कई बार गहने गिरवी रखकर करीब 5.50 लाख रुपये लिए। इसके एवज में उन्होंने करीब 1.92 लाख रुपये ब्याज भी अदा कर दिया। जब उन्होंने पूरा भुगतान कर अपने गहने वापस मांगे तो आरोपियों ने टाल मटोल शुरू कर दी और गहने लौटाने से इनकार कर दिया। वही पीडिता का कहना था उक्त मामले की शिकायत जब उसने स्थानीय कृष्णानगर थाने में की गई तो उसे चौकी आजाद नगर भेजा गया। जहाँ आरोपियों ने कथित तौर पर कुछ रकम मिलने की बात स्वीकार करते हुए समझौते का आश्वासन दिया। लेकिन 1 सितंबर 2025 को रजिस्ट्री कराने की बात तय हुई, लेकिन तय तारीख पर कोई भी आरोपी उपस्थित नहीं हुआ। आरोप है कि आरोपियों ने जिस मकान को बेचकर मामला निपटाने की बात कही थी, वह भी पहले से ही एक फाइनेंस कंपनी में बंधक है, जिससे उनकी नीयत पर सवाल खड़े होते हैं।इसके अलावा, 30 नवंबर 2025 को कुछ आरोपी उनके घर पहुंचे और दोबारा पुलिस में जाने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसके चलते उसने स्थानीय कृष्णानगर कोतवाली मे पुलिस से शिकायत करने के बाद थाने के चक्कर लगाती रही लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। जिसके चलते उसने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाने के साथ कोर्ट की शरण ली। पुलिस के अनुसार कोर्ट के आदेश पर पीडिता की शिकायत पर बुधवार को मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## साइकिल सवार बुजुर्ग को अज्ञात कार मारी टक्कर,मौत

कार्यालय जागरण मोर्चा

**आलमबाग।** आशियाना के पकरीपुल सेक्टर एच मोड़ के पास बुधवार रात करीब 9 बजे एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार बुजुर्ग को टक्कर मार फरार्टा भरते हुए फरार हो गया, इस घटना से आक्रोशित स्थानीय निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा और लोगों ने देर रात सड़क जाम प्रदर्शन करना शुरू कर दिया, मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लोगों को कार्यवाही का आश्वासन दे लोगो को शांत कराया और बुजुर्ग के शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आप सभी को ईद-उल-फितर की तहेदिल से मुबारकबाद

उमर फारूख
नगर उपाध्यक्ष टांडा
भारतीय किसान यूनियन टिकैत
उमर फ़ारूख ज्वैलर्स
पता : सदर बाजार सर्राफा मार्केट, टांडा जनपद रामपुर
मो. 9627100005, 7906555523

# बोर्ड परीक्षा की कॉपियों की मूल्यांकन दर बढ़ाने को शिक्षक होंगे एकजुट

## 6 अप्रैल को प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन इन दिनों हो रहा है। विद्यालयों में शिक्षक के खाली पदों पर भर्ती और कैशलेस निशुल्क चिकित्सा सुविधा को जल्द लागू कमी की वजह से बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। बीते दिनों मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस



बोर्ड परीक्षा की कॉपियों के मूल्यांकन की दर बढ़ाने के लिए शिक्षक संगठन प्रदर्शन करेंगे।

यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों की मूल्यांकन दर बढ़ाने और शिक्षकों की भर्ती की मांग पर शिक्षक धरना देंगे। इसके लिए शिक्षकों ने प्रदेशव्यापी रणनीति बनाई है। शिक्षक, मूल्यांकन दर बढ़ाने के साथ-साथ राजकीय व एडेड करने की मांग पर आवाज उठाएंगे।

शिक्षकों ने इस मुद्दे को प्रदेशव्यापी समस्या बताते हुए छह अप्रैल को राजधानी के ईको गार्डन में धरना देने की बात कही है।

उत्तर प्रदेश शिक्षक संघ एकजुट के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा ने बताया कि माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की समस्या से अवगत भी कराया गया। संगठन ने अब फैसला लिया है कि समस्या को प्रदेशव्यापी मानते हुए एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान एडेड विद्यालयों की राजकीकरण, परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर प्रधानाचार्यों की नियुक्ति सहित अन्य मांगों को उठाया जाएगा।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 5 वर्षीय मासूम की मौत

## परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का लगाया आरोप

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र के ग्राम ललई खेड़ा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 5 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपी के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

मृतक बच्ची के पिता दिनेश निवासी ग्राम ललई खेड़ा के अनुसार उनकी पत्नी राधा 15 तारीख की शाम करीब 6 बजे अपनी 5 वर्षीय बेटी अंकिता व दो अन्य बेटियों को साथ लेकर खेत से घर लौट रही थीं। जैसे ही वे गांव में स्थित ब्रह्मदेव स्थान के पास पहुंचीं, सामने से तेज रफ्तार में आ रही बुलेट बाइक ने अनियंत्रित होकर उल्टी दिशा में आकर बच्ची को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बच्ची कुछ दूरी तक बाइक में फंसी रही परन्तु युवक ने बाइक नहीं रोकी बल्कि दो बार पैर मार कर बच्ची को गिराया , और बाइक सवार वहां से फरार हो गया जब राहगीरों ने बच्ची को देखा तो बच्ची को मृत्यु हो चुकी थी ,

परिजनों के मुताबिक, आनन-फानन में बच्ची को सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र माल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि युवक नशे में था और उल्टी दिशा में आकर बच्ची को टक्कर मारी है जिसके बाद परिजनों ने मामले की शिकायत क्षेत्रीय थाने में दी और पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। परिजनों का कहना है कि आरोपी युवक को पुलिस ने पकड़कर छोड़ दिया है, जिससे परिवार में नाराजगी और बढ़ गई है।

परिजनों ने यह भी आशंका जताई है कि आरोपी की पहचान को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है, क्योंकि हादसे के समय बाइक सवार युवक ने हेलमेट पहन रखा था। ऐसे में उन्हें संदेह है कि सही व्यक्ति की पहचान और उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पीड़ित परिवार ने माल पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रहीं है , पुलिस बात करने को भी तैयार नहीं है ,

पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी की सही पहचान की जाए और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि मृतक बच्ची के परिवार को न्याय मिल सके।

# नवरात्रि के मद्देनजर महापौर का सुबह-सुबह औचक निरीक्षण, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** नवरात्रि पर्व को देखते हुए शहर की स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से महापौर सुषमा खर्कवाल ने गुरुवार सुबह 07:00 बजे नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ विभिन्न जोनों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान शहर के प्रमुख चौराहों, मंदिरों, नालों और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण की शुरूआत जोन-1 स्थित बर्लिंग्टन चौराहे से की गई, जहां महापौर ने विशेष सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य मार्गों की नियमित साफ-सफाई, सुबह के समय कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा त्योहारों के दौरान अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर नगर निगम के कई अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर ने स्पष्ट कहा कि त्योहारों के समय नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं



होनी चाहिए और शहर स्वच्छ व व्यवस्थित दिखाई देना चाहिए।

इसके पश्चात जोन-8 के बारा बिरवा स्थित ज्वाला जी मंदिर के बाहर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। महापौर ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, जोनल अधिकारी विकास सिंह तथा जोनल सेनेटरी ऑफिसर जितेंद्र गांधी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इसी क्रम में बंगला बाजार स्थित चंद्रिका देवी मंदिर परिसर का भी निरीक्षण किया गया। महापौर ने मंदिर में पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और वहां उपस्थित श्रद्धालुओं एवं पुजारियों से सफाई व्यवस्था को लेकर फीडबैक भी लिया।

निरीक्षण के दौरान भद्रुक क्षेत्र में साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया गया। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को नालियों की नियमित सफाई और रोड स्वीपिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र में जलभराव एवं गंदगी की समस्या उत्पन्न न हो।इसके अलावा त्यागी विहार से गुजर रहे नाले की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। महापौर ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि एलडीए के अंतर्गत आने वाले इस नाले की निकासी व्यवस्था एवं ढलान को ठीक कराने के लिए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित किया जाए, जिससे जल निकासी सुचारु रूप से हो सके।

## दामाद की पीट-पीटकर हत्या करने वाले सास ससुर ने बेटियों संग गिरफ्तार, आरोपी चाचा फरार

कार्यालय जागरण मोर्चा

**आलमबाग,** आशियाना थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एल मे बेटी के प्रेम विवाह से नाराज दामाद की पीट-पीटकर बेरहमी से पिटाई कर हत्या मामले मे पुलिस ने गुरूवरी को थाना क्षेत्र स्थित देवीखेड़ा रोड थाना आशियाना आरोपित सास सरोज देवी ससुर तीर्थराज सिंह सहित उनकी चार बेटियों राधा सिंह,रत्ना सिंह,ज्योति सिंह, विधि सिंह को गिरफ्तार कर हत्या मे शामिल खून से सने लकड़ी के पाये, रक्तयुक्त कपड़े और शर्ट, संदिग्ध दुपट्टा, चूड़ी के टुकड़े मोबाइल फोन व नकदी,अन्य फॉरेंसिक साक्ष्य बरामदगी के आधार पर कार्रवाई कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर मृतक के पिता की शिकायत पर दर्ज हत्या के मुकदमे के तहत कारवाई कर गुरूवार को जेल भेज दिया है।प्रेम विवाह बना युवक के हत्या की वजहआशियाना पुलिस ने बताया पुलिस पूछताछ मे आरोपी ससुर तीर्थराज सिंह ने बताया वह उनकी पुत्री साक्षी ने 4 साल पहले विष्णु यादव से प्रेम विवाह किया था। जिसके चलते पूरा परिवार नाराज था बीते 17 मार्च को उन्होंने पत्नी सरोज देवी, चाचा यज्ञनारायण सिंह और बेटियों राधा, रत्ना, ज्योति व विधि संग मिलकर बेटी साक्षी के पति विष्णु यादव (30) की लकड़ी के पाये से पीट-पीटकर हत्या कर दी। जिसकी जानकारी कन्ट्रोल नम्बर पर पहुंची पुलिस ने घर के अंदर पडे खून से लथपथ हालत में फर्श पर पड़े मिले युवक के सिर और शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे, जबकि पास ही खून से सने लकड़ी के पाये पड़े मिले। मौके पर मौजूद मृतक की पत्नी साक्षी सिंह के हाथ-पैर और मुंह बंधे हुए थे। पुलिस जांच में सामने आया कि साक्षी सिंह ने करीब 4 साल पहले विष्णु यादव से प्रेम विवाह किया था। इसी बात से उसका परिवार नाराज था।

# तम्बाकू नियंत्रण टीम द्वारा 19 दुकानों का कोटपा अधिनियम तहत जुर्माना काटा गया

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में डॉ निशांत निर्वाण,उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी,जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के निर्देशन में जिला तम्बाकू नियंत्रण टीम से विनोद सिंह यादव,सामाजिक कार्यकर्ता तथा संयुक्त पुलिस आयुक्त,कानून एवं व्यवस्था,लखनऊ महोदय कार्यालय की तरफ से गठित इनफोर्समेंट स्क्वायड टीम से एस.आई.रविन्द्र सिंह,( टीम प्रभारी ) कांस्टेबल राधा के द्वारा आज थाना क्षेत्र, विकास



नगर,लखनऊ एवं उसके आस पास औचक निरीक्षण किया गया जिसमें 19 दुकानों को कोटपा अधिनियम 2003 की धाराओं का उलंघन करते पाए जाने पर रुपए 7900/= का जुमार्ना काटा गया जिसमे सेक्शन 04 में 16 रसीद रुपए 7300/= एवं सेक्शन 06 बी में 03 रसीद रुपए 600/=जुमार्ना की कार्यवाही की गई साथ में लोगों को तम्बाकू के प्रयोग से होने वाली विमारियो के बारे में जागरुक किया गया तथा तम्बाकू उन्मूलन केन्द्र एवं कोटपा अधिनियम 2003 की धाराओं के बारे में जानकारी दिया गया ।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन दर
रू. 400/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।